आषाढ़ शुक्ल तृतीया 09:54 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 3, अंक 314, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता 14

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक 12

## भीषण उमस से राहत मिलने की आस, आज से बारिश के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मौसम विभाग ने दिए अच्छी बारिश के संकेत, 55 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी आने और बिजली गिरने का अलर्ट

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण उमस से अब राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार से झमाझम से बारिश के आसार हैं। हालांकि मानसून होने के बावजूद कुछ दिन बारिश नहीं हुई लेकिन अब मौसम विभाग ने अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस दौरान राज्य के लगभग 50 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी चलने और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

उधर, प्रदेश के पश्चिमी और तराई इलाकों में बीते दो दिनों से बारिश का सिलसिला चल रहा है। लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, सोनभद्र, गोरखपुर और वाराणसी सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, लेकिन पूर्वी प्रदेश में धीमी बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को खास राहत नहीं मिल पाई थी। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आने और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, गोरखपुर, देवरिया आदि जिलों में भारी बारिश, बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। तेज हवा चलने और आंधी का भी अंदेशा है। मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, नोएडा, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा आदि जिलों में आंधी और बौछारों की संभावना है।

# महंतों से अभद्रता पर जगन्नाथ यात्रा में हंगामा, नारेबाजी

## थाना प्रभारी ने साउंड बॉक्स कम करने को कहा तो भड़का विवाद, अभद्रता का आरोप लगाकर धरने पर बैठे महंत, श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आठ घंटे के बाद थाना प्रभारी निलंबित जयकारे के साथ यात्रा शुरू

**अमृत विचार :** जनरलगंज की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा में वाहनों पर साउंड बॉक्स लगाने को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस-आयोजकों और भक्तों में जमकर विवाद हुआ। आरोप है कि बादशाहीनाका इंस्पेक्टर ने पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के मंहत से अभद्रता कर दी। इसके बाद महंत और सैकड़ों भक्त नयागंज पीपल वाली कोठी के पास चौराहे पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी दुकानें बंद करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई व सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी धरने पर बैठे रहे। रथयात्रा न निकालने की घोषणा कर दी गई। करीब आठ घंटे तक



पुलिस अधिकारी से बहस करते महंत जितेंद्र दास।

हंगामा, नारेबाजी के बाद रात साढ़े आठ बजे थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद धरना खत्म हुआ और देर रात रथयात्रा शुरू हुई। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर बाईजी में शुक्रवार सुबह जगन्नाथ रथयात्रा निकालने की तैयारियां चल रही थीं।

मंडल के लोग रथ सजा रहे थे। नयागंज बाजार से लेकर रथयात्रा मार्ग में मंच तैयार किए जा रहे थे। इसी बीच दोपहर लगभग 12 बजे बादशाहीनाका थाना प्रभारी मंदिर पर पहुंचे और एक वाहन पर केवल दो ही साउंड बॉक्स रखने को कहा। बाकी हटाने को बोले। आयोजकों ने इसका विरोध किया, कहा ऐतिहासिक रथयात्रा है। जैसे होती आई है, वैसा ही कर रहे हैं। कोई बात करनी है तो पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत से करें। वहीं मंदिर का संचालन करते हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी ने मंहतों के लिए अपशब्द कहे। इस बीच दोनों महंत पहुंचे तो अभद्रता भी की। इसी के बाद विवाद शुरू हो गया। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास और कृष्ण दास से अभद्रता की बात आम होते ही भक्त और व्यापारी आक्रोशित हो गए और पीपल वाली कोठी के पास चौराहा पर धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोध नारेबाजी होने लगी। कई थानों का फोर्स बुला लिया गया। भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई समेत कई दलों के नेता और व्यापारी भी धरने पर बैठ गए। कई बार पुलिस ने धरना समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन लोग थाना प्रभारी के निलंबन की मांग पर डटे रहे। रात आठ बजे तक हंगामा चलता रहा और रथयात्रा स्थगित करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद पुलिस-प्रशासनिक अफसरों और महंतों-व्यापारियों के बीच वार्ता हुई और पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की घोषणा की। इसके बाद धरना समाप्त हो गया। भक्तों ने जयकारे लगाए और रथयात्रा निकालने में जुट गए।

### अब एप बताएगा किस राजमार्ग पर सबसे कम टोल

- एनएचएआई ने बनाया राजमार्ग यात्रा एप

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है।

भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और एप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा। सिंह ने कहा कि आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं। एप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा।

# युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा रखती है मायने : योगी

## विश्व एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने योजनाओं का खोला पिटारा

- पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, माफियाराज और जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी
- बरेली, मुरादाबाद में ओडीओपी की 18 करोड़ रुपये की सीएफसी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की जाति नहीं, प्रतिभा मायने रखती है। हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा होती थी, बड़े उद्योग चलाने वाले ही नहीं, एमएसएमई भी बदहाल और बर्बाद थे। इससे पीछे एक जिला एक माफिया और जातीय संघर्षों को बढ़ावा देना प्रमुख कारण था।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को विश्व एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप की शुरूआत समेत बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। साल 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था।



अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

यूथ अड्डा यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, सीएम युवा मोबाइल ऐप युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

### ओडीओपी से जिलों की विशिष्टता को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी सबसे आगे है।

# भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता कर सकता है अमेरिका

## व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कार्यक्रम में ट्रंप ने दिए संकेत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा... ट्रंप ने कहा कि चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रंप ने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।



- दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण प्रगति बताई

### अमेरिका को दुग्ध क्षेत्र में रियायतें देना कठिन

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत मांग रहा है।

# प्रदेश के 20 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दर में राहत देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घरो में छोटी दुकान करने वालों को मिल सकती है नई दरों में राहत
- पावर कॉरपोरेशन से नियामक आयोग को नई दरों का प्रस्ताव

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में स्व-व्यवसाय करने वाले उन लोगों को बिजली विभाग राहत देने की तैयारी में है जो अपने घर से ही दुकानदारी कर रहे हैं। ऐसे छोटे व्यवसायियों को बिजली के बढ़ते बिल और जुर्माना की चिंता सताती रहती है। इन उपभोक्ताओं को शीघ्र बड़ी राहत मिल सकती है। बिजली दरों में बदलाव अब सीधे इनकी जेब का बोझ कम करेगा।

दरअसल, यूपी पावर कॉरपोरेशन ने एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंच सकता है। घर में छोटी दुकान चलाने वालों के लिए 1 किलोवॉट की नई बिजली दर तय की जा रही है, जो पहले नहीं थी। यह बदलाव खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत होगी। हकीकत यह है कि, अब तक ऐसे उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से ही अपनी दुकान की जरूरतें पूरी करते थे। जिससे नियमों का उल्लंघन मानते हुए उन पर जुर्माना लगाया जाता था।



### 1 किलोवॉट की गैर घरेलू श्रेणी का प्रस्ताव

यूपी पावर कॉरपोरेशन के ताजा प्रस्ताव में 1 किलोवॉट की गैर-घरेलू श्रेणी शामिल की गई है। ग्रामीण इलाकों में इसकी दर 7 रुपये प्रति यूनिट और शहरी इलाकों में 8 रुपये प्रति यूनिट प्रस्तावित है। यह दरें महंगे कॉमर्शियल टैरिफ की तुलना में किफायती हैं।

## 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

- पीएम कृषि सिंचाई योजना में लापरवाही पर सीएम के निर्देश पर कार्रवाई

**लखनऊ।** परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि परियोजना प्रबंधक और जेई से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के विवरण की छानबीन में 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई ने कार्यों का विवरण नहीं दिए। जिसके बाद प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा के संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (2) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह के साथ ही प्रयागराज के जेई विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के जेई दिनकर और आशीष कुमार यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

### श्री जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ा सैलाब



ओडिशा के पुरी में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। इस वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। इस दौरान परिवार और विश्व शांति की कामना से जयकारे भी गूंज रहे थे।

# ग्राम पंचायत स्तर पर चलेगी वित्तीय समावेशन योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुंचाने को चलेगा अभियान
- 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाने के निर्देश

**अमृत विचार :** राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने की तैयारी है।

1 जुलाई से 30 सितंबर सभी ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ा जाएगा। साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलने समेत बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्थागत वित्त महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन लोग पकड़े गए

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और एक किशोर को पकड़ा है।

राज्य पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। डीजीपी ने कहा कि एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, जिससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है।

# चीन के साथ सभी जटिल मुद्दों को सुलझाएगा भारत

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से सीमा निर्धारण के साथ सरहद पर तनाव घटाने पर की बात

चिंगदाओ/नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष दोंग जून से कहा है कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने गुरुवार को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने दोंग को निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमा निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है।



एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी समकक्ष डोंग जून के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### रूस के रक्षा मंत्री से सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

# मर्जर के विरुद्ध शिक्षकों ने खोला मोर्चा

## तिकोनिया पार्क में जिले भर से जुटे शिक्षक और प्रधान, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

निकाला मार्च

अयोध्या कार्यालय



प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले तिकोनिया पार्क से मार्च निकालते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को अन्य स्कूलों में मर्जर किए जाने के खिलाफ शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। तिकोनिया पार्क में शुक्रवार को जिले भर से जुटे शिक्षकों, प्रधानों आदि ने प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रदर्शन किया । मर्जर के आदेश के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर पैदल मार्च किया। पुलिस ने उन्हें सर्किट हाउस के पास ही रोक लिया। इसे लेकर थोड़ी कहासुनी हुई। मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ और अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह के नेतृत्व में जुटे शिक्षकों ने कहा कि छात्र संख्या अपर्याप्त होने को आधार बनाया जा रहा है जबकि अपर्याप्त का कोई आधार ही नहीं बताया गया है। अध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा ऐसा किया जाना शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 एवं बाल अधिकार के विरुद्ध है। इस अधिनियम में कहा गया है कि प्रत्येक बच्चे के घर से एक किलोमीटर की परिधि व 300 की आबादी पर एक प्राथमिक विद्यालय तथा तीन किमी. की परिधि व 800 की आबादी पर एक उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थापित किया जायेगा। कई स्थानों पर छात्र संख्या कम हुई, जिसकी वजह वहां नियम विरुद्ध चलने वाले तमाम निजी विद्यालय हैं। दूसरा कारण, पिछले कई वर्षों से स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है। इस मौके पर जिला मंत्री प्रेम कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री अलोकेश रंजन, जिला मीडिया प्रभारी मंजेश मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष मिल्कीपुर चंद्रशेखर सिंह, मंत्री राजेश कुमार उपाध्यक्ष, प्रमोद श्रीवास्तव, अतुल पाण्डेय, प्रतिमा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हैरिंग्टनगंज रंजीत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा अमिताभ सिंह, राज नारायण सिंह, संदीप सिंह, बसंत वर्मा, पूजा सिंह समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

**निविदा संविदा कर्मियों का धरना जारीः अयोध्याः** विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वाधान में मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर चल रहा निविदा संविदा कर्मियों का धरना शुक्रवार को 67 वें दिन भी जारी रहा। कर्मियों ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता धरना समाप्त नहीं होगा। धरने में प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा, जिलाध्यक्ष जय गोविंद जिला, नन्द यादव, सुशील, प्रदेप, उमेश, अंबरीश, आफताब सहित बड़ी संख्या मे बिजली कर्मी मौजूद रहे।

### ज्ञापन में सीएम से मांग

- 16 जून को जारी शासनादेश निरस्त किया जाए।
- सभी विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर शिक्षकों की तैनाती की जाए।
- प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाध्यापक की नियुक्ति हो।
- शिक्षकों से अन्य कार्य न लिए जाए।
- परिषदीय विद्यालयों के निकट चल रहे निजी विद्यालयों की मान्यता की जाँच की जाए।
- छात्रों का जन्म प्रमाण पत्र व आधार बनवाने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाये।

### परिषदीय विद्यालयों के विलय के साथ मान-मनौवल भी हुआ शुरू, अभिभावकों को फायदे बतायेंगे अफसर

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों के विलय (पेयरिंग) की कवायद के बीच अभिभावकों व शिक्षक संगठनों का मान-मनौवल भी बढ़ गया है। जिलों में अधिकारियों को अभिभावकों के साथ बैठक कर विलय के फायदे बताने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारी खुद शिक्षक संगठनों के साथ वार्ता कर रहे हैं। राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से गुरुवार को सभी एडी बेसिक, बीएसए और बीईओ को दिए निर्देश में कहा गया कि अपने डीएम, सीडीओ और डीपीआरओ से समन्वय बनाकर विलय की प्रक्रिया को जल्द पूरा करें। शिक्षकों और पंचायत अधिकारियों के साथ अभिभावकों को समझाएं कि उनके बच्चे को एक बड़े, संसाधनों वाले व पूरे शिक्षक वाले विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिलेगा। दूसरी तरफ मुख्यालय में अधिकारी शैक्षिक संगठनों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर इसमें सहयोग की अपील कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए लगाया गया है। इस संबंध में अभी जिलाधिकारी का मार्गदर्शन लिया जाएगा।

## कोटेदारों को मार्च से नहीं मिला लाभांश

### दिया प्रार्थना पत्र

**भेलसर, अमृत विचारः** रुदौली तहसील के कोटेदारों को मार्च 2025 से राशन वितरण का लाभांश प्राप्त नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार बंसल ने बताया कि परिवार की आजीविका चलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

कोटेदारों ने वरिष्ठ आपूर्ति निरीक्षक राम वृक्ष यादव को जिला आपूर्ति अधिकारी को संबोधित व आपूर्ति निरीक्षक शशांक सिंह को उपजिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है। इस अवसर पर दिलदार खां, रजनीश, निर्मल जायसवाल, असलम खां भेलसर आदि थे।

# संत शिरोमणि बाबा भीखादास मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू

**1.97 करोड़ की लागत से मंदिर परिसर में होंगे कई निर्माण कार्य, विधायक ने किया निरीक्षण**

मवई, अयोध्या


बाबा भीखादास मंदिर में निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक रामचंद्र यादव।

**अमृत विचार :** रुदौली के सैदपुर में स्थित संत शिरोमणि बाबा भीखादास मंदिर का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण काम शुरू हो गया है। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने शुक्रवार को निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नगर विकास विभाग की वंदन योजना के तहत यह परियोजना स्वीकृत की गई है। इस परियोजना की कुल लागत 1.97 करोड़ रुपये है। इसमें मंदिर परिसर का पुनर्निर्माण, तालाब का सौंदर्यीकरण व सीसी रोड का निर्माण होगा। साथ ही पेयजल, स्ट्रीट लाइट, टीनशेड और बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जाएगा। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य समय पर पूरा किया जाए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला, भाजपा नेता किशोरी लाल भारती, निर्मल शर्मा, राम प्रताप यादव, प्रधान जावेद समेत अन्य मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से एनसीसी कैडेटों ने बांधा समां

कुमारगंज, अयोध्या


कैडेट को प्रमाण पत्र देते वीसी कर्नल डॉ. विजेंद्र सिंह व कैंप कमांडेंट एमके सिंह।

**अमृत विचारः** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में चल रहे 65वीं यूपी बटालियन के संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन अवसर की पूर्व संध्या पर एनसीसी कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। विवि के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह व कैंप कमांडेंट कर्नल एमके सिंह व उनकी धर्मपत्नी पूजा सिंह ने कैडेटों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया।

एनसीसी के कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की। रवि साश्वत ने काली कमली वाले युगल गीत गाया। जिसे सुनकर श्रोता झूमने लगे। कैडेट शक्ति ने जब देशभक्ति गाना-ए मेरे वतन के लोगों गाया तो सभी भाव विभोर हो गए। अराध्या ने-जरा देर ठहरो राम तमन्ना यही है गाने की शुरुआत हुई तो पूरा ऑडिटोरियम तालियों से गड़गड़ाने लगा। एनसीसी की छात्राओं ने भी कजरा मोहब्बत वाला, बरसो रे मेघा बरसो, रंगिलो मारो आदि गानों पर एकल व समूह नृत्य पेश कर कार्यक्रम में समां बांध दिया। कैंप के दौरान कैडेटों को पीटी, योग, शस्त्र प्रशिक्षण, पैरा मिलिट्री ट्रेनिंग, शारीरिक प्रशिक्षण, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, खेल, हथियारों की सुरक्षा, मैप रीडिंग, छोटे हथियारों की तकनीकि जानकारी व फायर फाइटिंग के साथ साथ स्टेट डाइजेस्टर रिस्पांस फोर्स द्वारा कैडेटो को विभिन्न प्रकार के सुरक्षा के उपायों आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। लेफ्टिनेंट डॉ. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि 10 दिनों तक चले एनसीसी शिविर में कुल 602 कैडेटों ने प्रशिक्षण लिया। इसमें कुल 370 पुरुष व 232 महिला कैडेट शामिल रहे। इस मौके पर विवि के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, डिप्टी कैंप कमांडेंट ले. कर्नल गौरव सूद, एनसीसी अधिकारी, एएनओ, मेजर जी शुक्ला, मेजर केपी सिंह, लेफ्टिनेंट हरीश सिंह, लेफ्टिनेंट सुनील सिंह, लेफ्टिनेंट जितेंद्र जायसवाल, जीसीआई नीति सिंह आदि रहे।

## 29 को 16 केंद्रों पर होगी कनिष्ठ सहायक, सहायक स्तर-तीन परीक्षा

**तैयारी को लेकर हुई बैठक, की गई मजिस्ट्रेटों की तैनाती**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** कनिष्ठ सहायक और सहायक स्तर-3 मुख्य परीक्षा 29 जून को सुबह 10 से दोपहर 12 तक 16 परीक्षा केन्द्रों पर होगी। परीक्षा के लिए 16 सेक्टर और 16 स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाए है।

तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सदस्य सुभाष सिंह बघेल ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बघेल ने कहा कि परीक्षा को सकुशल, निष्पक्षता और सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता, सजगता, आत्मानुशासन जरूरी है। मजिस्ट्रेट गण बुकलेट का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। परीक्षा केन्द्र पर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। परीक्षा सेंटर पर हेल्पडेस्क लगाने का निर्देश दिया। परिसर में कोई भी मोबाइल फोन इस्तेमाल नहीं करेगा। बैठक में एसपी सिटी ने पुलिस व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक का बिन्दुवार विवरण अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।

## 15 दिन में पूरा कराएं पोषण वाटिका और रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य : सीडीओ

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचारः** सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने कहा आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों को 15 दिन में और बाला पेन्टिंग के कार्यों को एक माह में पूर्ण कराएं। वह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल विकास विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, पेयजल, शौचालय तथा लर्निंग लैब की समीक्षा की। अधूरे कार्यों को शीघ्रतिशीघ्र समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। निर्माण के लिए चयनित 119 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 28 अनारंभ आंगनबाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण शुरू कराने कि हिदायत की। बैठक में सीएमओ, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायतराज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी व सबी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मौजूद थे।

# अवैध नियुक्तियों के खेल में परिवार रजिस्टर बना हथियार

पूराबाजार, अयोध्या


परिवार रजिस्टर की नकल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायत गंगौली में आंगनबाड़ी केंद्र में सास-बहू की नियुक्ति के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। खुलासा हुआ है कि सास को सहायिका और बहू को आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रूप में चयन करने के लिए परिवार रजिस्टर को हथियार बनाया गया। जबकि दोनों का गांव में निवास स्थान एक है और राशनकार्ड में भी सयुंक्त रुप से दर्ज है। इस पूरे मामले में सचिव समेत प्रधान और अन्य जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। यह मामला तब सामने आया जब गांव के भरत पाठक नाम के व्यक्ति ने इसकी उच्चस्तरीय शिकायत की। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने जांच के आदेश दिए। जांच में तेजी तब आई जब 'अमृत विचार' ने सीडीओ द्वारा दिए गए जांच के आदेश में विलम्ब की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की। ग्राम पंचायत गंगौली में सीडीओ ने 31 मई को बीडीओ को पत्र भेज कर शाम्भवी सिंह और उनकी सास अंजू सिंह की एक साथ नियुक्ति को लेकर जांच के लिए निर्देशित किया था। जांच को 15 दिन तक दबाए रखा गया। अमृत विचार में 24 जून को खबर छपने के बाद हरकत में आए ब्लॉक प्रशासन ने जांच कर आख्या डीपीओ को भेज दी। जानकारी सामने आई कि इन दोनों की नियुक्ति के लिए परिवार रजिस्टर में हाथ की सफाई दिखाई गई और नाम अलग-अलग दर्ज कर नियुक्ति कर दी गई। नियमानुसार एक ही परिवार की महिलाओं की नियुक्ति आंगनबाड़ी व भी एक ही केन्द्र पर नहीं की जा सकती है। यह 21 मार्च 2023 के निहित प्रावधानों के विपरीत पाया जाता है। इतना ही नहीं नियुक्तियों को वैध ठहराने के लिए तमाम ऐसी पत्रावलियां लगा दी गईं, जिनका कोई आधार ही नहीं बनता है। अब सवाल यह है कि परिवार रजिस्टर में अलग-अलग नाम क्यों और कैसे दर्ज हुआ। गंभीर बात यह है कि आरोपित पक्ष राहुल सिंह की पत्नी शाम्भवी सिंह ने सचिव को बयान दर्ज कराया कि हम सास-ससुर से अलग अयोध्या शहर में रहते हैं, सवाल यह है कि जब शहर में निवास करते हैं तो आंगनबाड़ी केंद्र में कैसे नियुक्ति हो गई। पूरे मामले में अब डीपीओ अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा सीडीओ को भेजी जाने वाली रिपोर्ट अहम साबित होगी।

> हमें जांच मिली थी, सहायिका पद पर तैनात अंजू सिंह ने खुद को परिवार रजिस्टर में बहू से अलग बताया। नियुक्ति वैध है या अवैध यह शीर्ष अधिकारी ही निर्णय ले सकते हैं। **-रवि प्रकाश श्रीवास्तव,** सीडीपीओ, पूराबाजार

> मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के बाद जांच कर आख्या जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेज दी गई है। सास और बहू दोनों परिवार रजिस्टर में अलग-अलग दर्ज पाई गईं हैं। **-अनुराग सिंह,** खंड विकास अधिकारी, पूराबाजार

## प्रेमी के साथ घर से गई युवती लौटी

**रुदौली, अमृत विचारः** थाना पटरंगा पुलिस ने तीन दिन पूर्व प्रेमी के साथ चली गई युवती को ढूंढ लिया है। प्रभारी निरीक्षक पटरंगा शशिकांत यादव ने बताया कि मंगलवार रात थाना क्षेत्र की एक 18 साल की युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। मां ने थाना पटरंगा में बाराबंकी के थाना असंद्रा के ग्राम दुनिया के पुरवा देवीगंज के अजय कुमार नाम के एक युवक पर अपनी पुलिस की सख्ती से घबराकर युवती स्वयं घर आ गई, शुक्रवार को मां के साथ युवती थाने पहुंची। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती को मेडिकल के लिए भेजा जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास किया जा रहा है।

# जल निकासी के लिए ग्रेडियंट से होगी तकनीकी जांच

## नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर ने किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड का निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय


निरीक्षण के दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाटी व पार्षद। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अश्विनीपुरम कॉलोनी और आसपास के इलाके में जल निकासी के लिए नाला बनाने के लिए ग्रेडिएंट से ढलान का पता लगाया जाएगा। यह निर्देश महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के अश्वनीपुरम कॉलोनी में शुक्रवार सुबह सात बजे भ्रमण के दौरान दिए।

स्थानीय पार्षद जगन्नाथ यादव ने अश्वनीपुरम फेज-टू में अवधेश कुमार श्रीवास्तव के मकान से प्रमोद दुबे के मकान तक 180 मीटर लंबी सड़क एवं नाली निर्माण की आवश्यकता जताई। यहां मौजूद प्रमोद दुबे, राजेश चौधरी, सुनील सिंह, मानसी मौर्य, रोहित मौर्य आदि ने बताया कि 2019 में निर्मित खड़ंजा अब बैठ चुका है, जिससे जलभराव की स्थिति बनी रहती है। यहां लोगों की समस्याएं सुनने के बाद काफिला अश्विनीपुरम कॉलोनी की ओर बढ़ा। दाहिनी ओर जर्जर गली देखकर महापौर ने नवनिर्माण के लिए निर्माण खंड को निर्देश दिए। थोड़ा आगे बढ़ने पर पार्क में मलबा जमा देखकर नाराजगी जताई और उसे हटवाने को कहा। यहां उन्होंने हैंडपंप चला कर चेक किया जो ठीक था पर ढक्कन गायब था। निर्देश पर नल पर नया ढक्कन तत्काल लगवा दिया। यहां सोलर-ट्री खराब होने की शिकायत स्थानीय नागरिकों ने की, जिस पर उन्होंने जांच के निर्देश दिए। उन्होंने यहां नाली की सफाई न होने पर नाराजगी जताई तथा एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। महापौर ने पूर्व विधायक इंद्रप्रताप तिवारी 'खब्बू' के आवास पर पर बैठ कर जनसुनवाई भी की। निरीक्षण के दौरान कौशिक नगर में भी जल भराव की समस्या सामने आई। महापौर ने इसके निदान का हल ढूंढने का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ल, डॉ. नागेंद्र नाथ, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, सहायक अभियंता निर्माण खंड राजपति यादव, भाजपा के मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, लक्ष्मी पांडे, पार्षद चंदन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

गम का महीना

दो माह आठ दिन तक मनाए जाने वाला मोहर्रम शुरू

# मजलूम की हिमायत का सबक देती कर्बला

अयोध्या कार्यालय


मजलिस को खिताब करते मौलाना जफर अब्बास कुम्मी। अमृत विचार


चौक मस्जिद हसन रजा से निकले जुलूस में नौहाख्वानी व सीनाजनी करते अजादार।

**अमृत विचार :** दो माह आठ दिन तक मनाए जाने वाले गम का महीने मोहर्रम शुक्रवार से हो गया। शिया बाहुल्य इलाकों में अजाखाने सज गए और मजलिसों का दौर शुरू हो गया। शिया अजादार कर्बला के शोक में डूबे हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत पर पुरसा दे रहे हैं। नगर के राठहवेली, इमामबाड़ा बंदुबेग, हैदरगंज, मोती मस्जिद, नौगढ़ा समेत विभिन्न इलाकों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया है। अवध के नवाब शुजाऊदौला मरहूम के ऐतिहासिक गुलाबबाड़ी स्थित मकबरे में शुक्रवार दोपहर बाद 10 दिन तक चलने वाली शाही मजलिस का आयोजन किया गया। मौलाना जफर अब्बास कुम्मी ने कहा कि कर्बला जालिम के खिलाफ और मजलूम की हिमायत का सबक देती है। पूरी दुनिया के लिए कर्बला एक दर्सगाह है। मजलिस में तमाम अजादार कर्बला के मसायब सुन बिलख पड़े। इससे पहले चांद रात गुरुवार को चौक की ऐतिहासिक वक्फ मस्जिद हसन रजा से सैयद काजिम के नाम से उठने वाला ताजिए और अलम का जुलूस अपनी रवायत के मुताबिक निकला। चौक मस्जिद से निकल कर जुलूस राठहवेली होता हुआ कश्मीरी मोहल्ले में काजिम साहब के इमामबाड़े में समाप्त हुआ। यहां मजलिस को खिताब मौलाना जफर अब्बास कुम्मी ने किया। अंजुमन गुंचाए मज़लूमिया व मासूमिया ने नौहख्वानी की।

## रंजिश में हिंसक झड़प, तीन गंभीर

मिल्कीपुर, अयोध्या


मारपीट में घायल युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के बलारमऊ गांव में बुधवार शाम रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक पक्ष की तहरीर में बलारमऊ गांव निवासी भवानी प्रसाद ने आरोप लगाया कि बुधवार रात गुलशन कुमार, बॉबी, संजय कुमार, राम शब्द और मंगला देवी ने हनुमान प्रसाद व उनके बेटे बब्बू पर हमला कर दिया। आरोप है हमलावरों ने कुल्हाड़ी और गड़ासे का इस्तेमाल किया जिससे हनुमान प्रसाद और बब्बू घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के गुलशन कुमार ने भी तहरीर देकर भवानी प्रसाद, हनुमान प्रसाद और बब्बू पर मारपीट का आरोप लगाया। गुलशन ने बताया भवानी प्रसाद, हनुमान प्रसाद और बब्बू ने उन पर हमला किया। जिससे उनके सिर में चोटें आईं। घायलों को कुमारगंज स्थित चिकित्सालय ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कृषि विवि चौकी प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### एडवोकेट जितेंद्र बने सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव



**अयोध्या, अमृत विचार :** सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने मिल्कीपुर के अंज़रौली गांव निवासी एडवोकेट जितेंद्र सिंह को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। वह वर्ष 2011 से सपा के सक्रिय सदस्य रहे हैं। उनके मनोनयन पर सांसद अवधेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व मंत्री पवन पांडे, आनंद सेन यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी समेत अन्य ने खुशी जाहिर की है।

### घर में महिला को पीटा, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के गोकुला गांव अंतर्गत बराहिनपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने घर में घुसकर महिला को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि सुदामा प्रसाद दूबे की तहरीर के आधर पर राम करन, अरविंद, पूजा व गायत्री के खिलाफ केस दर्जकर जांच की जा रही है।

### रक्षा अध्ययन की प्रायोगिक परीक्षा 30 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय के बी.ए./बी.एससी. द्वितीय सेमेस्टर के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (सैन्य विज्ञान) विषय के समस्त विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 30 जून सोमवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक साकेत महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग में होगी। रक्षा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश वर्मा ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश-पत्र लाना अनिवार्य है।

### परिषदीय स्कूलों के विलय को रद्द करने की मांग

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाकपा (माले) ने परिषदीय स्कूलों के विलय के योगी सरकार के फैसले को जनविरोधी बताते हुए रद्द करने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 से प्रेरित यह फैसला शिक्षा के अधिकार (आरटीई) का उल्लंघन और गरीबों व मासूमों को शिक्षा से वंचित करने वाला है। भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि योगी सरकार गरीब छात्रों से शिक्षा का अधिकार छीन रही है। आदेश वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन होगा।

### टॉप 50 में डॉ. वीरेंद्र व डॉ. शिवेंद्र को मिला स्थान



**अयोध्या, अमृत विचार :** देश में डायबिटीज और हाइपरटेंशन के मरीजों की 10 दिन के भीतर सर्वाधिक स्क्रीनिंग करने के अभियान में जिले के दो चिकित्सकों ने बाजी मारी है। उनका देश के टॉप-50 चिकित्सकों में नाम शामिल हुआ है। इसमें राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रो.डॉ वीरेंद्र वर्मा और एक निजी क्लीनिक के चिकित्सक डॉ. शिवेंद्र सिन्हा शामिल हैं। स्क्रीनिंग का कार्यक्रम आरएसएसडीआई प्रेसिडेंट डॉ. अनुज महेश्वरी व सेक्रेटरी डॉ. अजय तिवारी के संयोजन में हुआ। इसमें देश के हजारों चिकित्सक शामिल हुए थे। डॉ. वीरेंद्र की उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह, हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद आर्या, बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद शुक्ल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव गुप्ता व असिस्टेंट प्रो.डॉ मनीष वर्मा ने हर्ष जताया है।




**आज का मौसम**
24 घंटे में बादल छाए रहने व हल्की वर्षा होने की संभावना है।
37.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.5⁰ न्यूनतम तापमान

**आज के कार्यक्रम**
- अवध विश्वविद्यालय में यूजीसी कांफ्रेंस को लेकर समितियों की बैठक कौटिल्य प्रशासनिक भवन में सुबह 10 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 बजे से।
- जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न परियोजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे से
- दूसरी मोहर्रम पर मस्जिद खजूर से मोहल्ला गढ़ैया राठहवेली तक ताजिए का जुलूस रात 8:30 बजे से

# अब तक 5.5 करोड़ भक्त कर चुके रामलला के दर्शन

## देश के सभी राज्यों के राज्यपाल के अलावा कई सीएम, बॉलीवुड व क्रिकेट जगत की हस्तियों ने भी टेका मत्था

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर निर्माण में रामलला के विराजमान होने के बाद अब तक करीब साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री व राज्यों के गवर्नर या मुख्यमंत्री समेत करीब साढ़े चार लाख वीआईपी शामिल हैं। फिल्म, व्यापार व खेल जगत की हस्तियों ने भी दर्शन-पूजन किया है।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि अयोध्या पहुंचने वालों में सर्वाधिक तीर्थ यात्री शामिल है। हमारी कोशिश रहती है कि सभी को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जाए। देश के लगभग सभी राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री यहां पहुंच चुके हैं। यही नहीं कई राज्यपाल तो दो-दो बार आकर परिवार के साथ दर्शन कर चुके हैं।

मंडलायुक्त ने कहा कि अब तो प्रथम तल पर राजाराम भी विराजमान हो गए हैं। यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ जाये। उन्होंने कहा कि भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद देश-दुनिया मे अयोध्या एक बड़ी धार्मिक नगरी के रूप में उभरी है। अयोध्या के सफर को आसान बनाने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट से कनेक्टिविटी को सुलभ बनाया गया है।

### बॉलीवुड के साथ-साथ क्रिकेट जगत की हस्तियों का लगा रहता आना-जाना

राम मंदिर के उद्घाटन के वक्त बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन से लेकर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर जैसी हस्तियां अयोधया पहुंची थी। हाल ही में गोविंदा, अनुष्का शर्मा व विराट कोहली भी राम मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे।

### बन रहा आधुनिक वीआईपी गेस्ट हाउस

अयोध्या में वीआईपी की बढ़ती संख्या व सुरक्षा को देखते हुए योगी सरकार यहां अत्याधुनिक वीआईपी गेस्ट हाउस का निर्माण करा रही है। करोड़ों की लागत से तैयार होने वाले गेस्ट हाउस को पांच ब्लॉक में बांटा गया है, जिसमें पीएम समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के ठहरने के इंतजाम होंगे।

### एलन मस्क के पिता भी कर चुके दर्शन-पूजन

हाल ही में सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क के पिता और उनकी बहन अयोध्या पहुंचे थे। एलन मस्क के पिता एरल मस्क ने कहा था कि अयोध्या का अनुभव बहुत अच्छा रहा। वह रामलला का दर्शन करने के लिए भारतीय वेशभूषा में पहुंचे थे। प्रभु का दर्शन कर बेहद खुश थे।


गर्भगृह में विराजमान रामलला।


वैदिक शोध संस्थान के सभागार में कार्यक्रम की प्रस्तुति करते अमेरिकी दल।

## रामलला के दर्शन कर भाव-विभोर हुआ अमेरिकन दल

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अमेरिका से भारतीय प्रवासी एक ही परिवार के 20 सदस्यों का दल शुक्रवार को अयोध्या पहुंचा। सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन किया। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान संस्कृति विभाग एवं संगीत भवन लखनऊ के संयोजन में सभी सदस्यों का अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। दल में शामिल 10 बालिकाओं ने अयोध्या शोध संस्थान के ऑडीटोरियम में लघु रामायण की प्रस्तुति दी। संस्थान के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जब हमें सूचना मिली कि अमेरिका से एक परिवार आया है, जो श्रीराम से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करता रहा है, तो हमने उनका अभिनंदन किया है। अमेरिकी डेलिगेशन में शामिल टेक्सास निवासी योगेश टिपरेवाल ने बताया कि पूरा कार्यक्रम तीन भाग में प्रस्तुत किया गया। पहले चरण में एक श्लोक रामायण की प्रस्तुति की गई। दूसरे भाग में लघु रामायण की प्रस्तुति की गई। इसमें रामायण के प्रमुख प्रसंगों को दर्शाया गया। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा से हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

# मोबाइल टॉवर पर चढ़ा फरियादी, मान मनौव्वल के बाद उतरा

## पांच घंटे कलेक्ट्रेट परिसर में चला हाई प्रोफाइल ड्रामा, एसडीएम सोहावल पर लगाए आरोप, चकरोड की जमीन का मामला, डीएम ने उससे की बात


टॉवर पर चढ़ा चंद्रशेखर यादव।


टॉवर पर चढ़े व्यक्ति की जानकारी लेते जिलाधिकारी और एसपी ग्रामीण। अमृत विचार


टॉवर पर चढ़े चंद्रशेखर यादव उतारते फायर कर्मचारी। अमृत विचार


टॉवर पर चढ़े व्यक्ति को देखने के लिए कलेक्ट्रेट में जुटी भीड़। अमृत विचार

**हड़कंप**
- मामले की जांच के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित करके गांव भेजी
- रौनाही थाना क्षेत्र के बरई गांव का रहने वाला है चंद्रशेखर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सोहावल तहसील क्षेत्र का युवक फिल्मी अंदाज में कलेक्ट्रेट स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। वहां से वह अपनी मांग जोर-जोर से करने लगा। इससे परिसर में हलचल मच गई। पुलिस के साथ प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। नीचे उतारने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। उसने उपजिलाधिकारी सोहावल के स्तर से चकरोड की जमीन की समस्या का समाधान न होने का आरोप लगाया। वह अपनी जमीन मांग रहा है। किसी तरह टॉवर से नीचे आया तो जिलाधिकारी ने उससे बात की। मामले की जांच के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित करके गांव भेजी। कलेक्ट्रेट परिसर में यह हाई प्रोफाइल ड्रामा शुक्रवार को लगभग पांच घंटे चला।

बरई कला सोहावल निवासी चंद्र शेखर यादव कलेक्ट्रेट परिसर में लगे मोबाइल फोन के टॉवर पर चढ़ गया। हलचल मची। कोर्ट परिसर के पुलिस चौकी को सूचना दी गई। वह एसडीएम सोहावल सहित अन्य कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कह रहा कि सुनवाई नहीं हो रही है। उसकी जमीन से चकरोड निकाल दी गई। उसके टॉवर पर चढ़े होने की खबर आग की तरह फैली। कैंट थाना प्रभारी पंकज सिंह, एफएसओ फायर टीम के साथ एसपीआर बलवंत चौधरी, सोहावल एसडीएम अभिषेक सिंह पटेल, सदर तहसील एसडीएम आरपी त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। टॉवर के नीचे दमकल विभाग के कर्मचारियों ने सुरक्षा जाल लगाया। उसे मनाने की कोशिश शुरू हुई। शुरूआत तो आठ बजे ही हो गई थी, लेकिन लगभग पांच घंटें की मशक्कत चली। कई राउंड फोन से वार्ता की गई। वह डीएम के आश्वासन देने पर अड़ा रहा। अंत में डीएम वहां पहुंचे। पीडित को विश्वास में लेकर टॉवर से सुरक्षित नीचे उतारने मे कामयाबी हासिल की। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने एक कक्ष में विस्तार से उसकी बात सुनी। अफसरों ने राहत की सास ली। डीएम को उसने चकरोड की जमीन की समस्या के बारे में बताया। चंद्र शेखर का कहना था कि चकरोड उसकी जमीन से निकाल दी गई। फरियाद के बाद भी उसको जमीन नहीं मिल रही। डीएम ने चंद्र शेखर का स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया।

जिलाधिकारी ने समस्या सुनने के बाद सीआरओ सतीश मिश्र के नेतृत्व में समस्या समाधान के लिए टीम गठित की। इस टीम में एसडीएम सदर कानूनगो व लेखपाल शामिल हैं। सोहावल तहसील के किसी कर्मचारी को नहीं रखा गया। चंद्र शेखर को लोक निर्माण विभाग में होना भी बताया गया।

### रात में ही टॉवर पर टढ़ गया था चंद्रशेखर

फरियादी चंद्र शेखर गुरुवार रात ही कलेक्ट्रेट स्थित टॉवर पर चढ़ गया था। डीएम से बातचीत में उसने बताया कि वह बहुत दिन से परेशान है। दिन के उजाले में वह टॉवर पर चढ़ता तो लोग देखकर रोक लेते। इसलिए वह रात में ही टॉवर पर चढ़ गया। डीएम फुंडे ने भी बताया कि चंद्र शेखर रात में ही टॉवर पर चढ़ गया था। लोगों को जानकारी शुक्रवार सुबह कार्यालय खुलने बाद जब वह बोलने लगा तो हुई।

### गांव पहुंची टीम ने देर शाम तक करवाई पैमाइश

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार :** सीआरओ सतीश मिश्र के नेतृत्व में बरई कला पहुंची टीम लगभग चार घंटे गांव में रही। सेक्टर वाइस जमीन की पैमइस की गई। बताया गया गाटा संख्या 55, 56 व 57 की जमीन को नापा जा रहा है। इनमें 55 व 57 चंद्र शेखर से जुड़ा है। जबकि 56 नंबर किसी दूसरे का है। टीम तीन सेक्टरों की जमीन की पैमाईश कर निस्तारण कर निदान करने में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक टीम के अधिकारियों का मंथन चल रहा था। सीआरओ मिश्रा ने बताया कि अभी जांच पूरी नहीं हुई है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### दो बार पहले भी टॉवर पर चढ़ चुका है

चकरोड की जमीन को लेकर चंद्र शेखर दो साल पहले भी दो बार गांव के पास के एक टॉवर पर चढ़ चुका है। तत्कालीन एसडीएम मनोज श्रीवास्तव ने किसी तरह उसे नीचे उतरवाया था। चकरोड की यह समस्या लगभग पांच साल से चल रही है। दूसरी तहसील के एक जिम्मेदार अधिकारी ने नाम न लिखने की आश्वासन पर बताया कि अब तक उस चकरोड की जमीन को लेकर कम से कम चार बार पैमाइश हो चुकी है।


बरई कला पहुंची राजस्व विभाग की टीम, मौजूद एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी व नायब तहसीलदार डिपी शुक्ला। अमृत विचार

### विवाद की जड़ में कहीं दो मीटर जमीन तो नहीं ?

विवाद की जड़ में दो मीटर जमीन तो नहीं है। आसपास के लोगों की माने तो चकरोडों की जमीन की बात हो रही है। वहां की स्थिति थोड़ी कठिन है। सेक्टर के 55, 56 व 57 नंबर में विवाद के चलते नक्शा दुरुस्ती कराया गया था। अब पैमाइश में मौके पर जमीन 28 मीटर निकल रही है। लोगों का कहना है कि नक्शे में लगभग 30 मीटर दिखता है। ऐसे में असली विवाद दो मीटर का होने की चर्चा है। चकरोड से दो मीटर जमीन प्रभावित होने की बात लोग कह रहे थे। समस्या की जड़ में यहीं चर्चा में है।

## अक्टूबर से पहले निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को अक्टूबर तक पूरा करने का अंतिम लक्ष्य रखा गया है। नवंबर माह में भव्य आयोजन के साथ परिसर की उद्घाटन की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के लिए शुक्रवार को पहुंचे निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने निर्माण स्थल का जायजा लिया। ट्रस्ट के मुताबिक परकोटे को छोड़कर बाकी सभी कार्य अंतिम चरण में हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि निरीक्षण में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास मार्ग को देखा गया है। इसके अलावा परिसर में चल रहे लैंडस्केपिंग, गेट निर्माण के साथ ऋषि मुनियों के मंदिरों तक श्रद्धालुओं के आने और जाने के व्यवस्थाओं पर भी मंथन किया गया है। उन्होंने बताया कि आज मुख्य रूप से आगामी व्यवस्थाओं पर चर्चा किया गया है, आने वाले भक्त राम मंदिर में प्रवेश करने के बाद कैसे मंदिर में दर्शन कर परकोटा के रास्ते से आने वाले मंदिरों तक पहुंचे और फिर दर्शन करते बाहर जाएं, इसकी भी योजना तैयार की जा रही है।


शहर में लगी अवैध होर्डिंग्स को हटवाते नगर निगम के कर्मी व प्रवर्तन दल के सदस्य।

## नगर निगम ने अवैध होर्डिंग्स हटवाई, वसूले 12 लाख

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम ने अभियान चलाकर नगर क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से लगी होर्डिंग्स हटवाई। अवैध होर्डिंग्स लगाने वाली फर्मों से 12 लाख वसूली हुई। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के नेतृत्व में सिविल लाइंस से लेकर सहादतगंज तक, पुष्पराज चौराहा होते हुए नाका से सुल्तानपुर रोड तक एवं चूड़ामणि चौराहे से टेढ़ी बाजार, आईटीआई होते हुए उदया चौराहे तक अभियान चलाया गया। अभियान में कर अधीक्षक जयप्रकाश, राजस्व निरीक्षक देवी प्रसाद, प्रवर्तन दल प्रभारी वीके सिंह समेत निगम के कर्मचारीगण शामिल रहे।

# धूमधाम से निकली रथयात्रा, प्रभु जगन्नाथ ने किया रामनगरी का भ्रमण

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया पर रथयात्रा की परंपरा का केंद्र तो पुरी जगन्नाथ धाम होता है पर आस्था की यह परंपरा राम नगरी अयोध्या में भी प्रवाह मान रहती है। अयोध्या रामकोट क्षेत्र स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर समेत 12 मंदिरों से शुक्रवार शाम बड़े ही भव्यता के साथ रथयात्रा निकाली गई। जो परंपरागत मार्ग कनक भवन, हनुमान गढ़ी, दिगम्बर अखाड़ा के रास्ते रामघाट से होते हुए सरयू तट पहुंची। जहां आरती-पूजन के बाद रामपथ होते हुए मंदिर पर इस यात्रा का समापन हुआ।


दशरथ महल से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा। अमृत विचार


नगर भ्रमण के लिए प्राचीन जगन्नाथ मंदिर से निकली रथयात्रा। अमृत विचार

प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को भगवान का अभिषेक पूजन के बाद शाम को भव्य आरती के बाद गर्भगृह के कपाट भक्तों के लिए खोल दिया गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद भक्तों ने भगवान के दर्शन किए। अयोध्या में एक सप्ताह से चल रहे भगवान जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव में 21 जून योगिनी एकादशी से भगवान जगन्नाथ का दर्शन भक्तों के लिए बंद कर दिया गया था। प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी का विधि विधान से वैदिक विद्वानों की मौजूदगी में औषधि, दूध, सरयू व गंगाजल समेत दही, दूध और घी से अभिषेक किया गया। ऐसी मान्यता है कि जगन्नाथपुरी में जब भगवान विष्णु तालाब में स्नान करने गए इतना स्नान कर लेते हैं कि वह बीमार हो गए। इसी के चलते एक सप्ताह तक उन्हे औषधियों से स्नान और भोग लगाया जाता है। प्राचीन जगन्नाथ मंदिर के महंत राघवदास बताते हैं कि भगवान के श्रृंगार आरती के बाद मंदिर के पट को खोल दिया गया है। साथ ही भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त, साधु संतों ने नाचते गाते हुए नगर भ्रमण किया।

**स्वाद** | इस बार खूब हुई पैदावार, लोगों की खरीद की पहुंच में आम, लंगड़ा, चौसा, सफेदा, फजली, बादामी, तोतापरी को भी लोग कर रहे पसंद

# दशहरी आम की महक व स्वाद लोगों को बना रही दीवाना

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में इन दिनों दशहरी आम की महक और स्वाद लोगों को दीवाना बना रहा है। मलिहाबाद के साथ जिले में पैदा होने वाले दशहरी आम की मिठास और रसीलेपन ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि पर्यटकों के दिल में भी अपनी जगह बनाई है। इस बार आम की पैदावार में इजाफा हुआ है, जिसके चलते दशहरी आम लोगों की पहुंच में है।

अच्छी पैदावार के चलते मंडियों में ही नहीं बल्कि गलियों व सड़कों पर आम ही आम दिखायी पड़ रहे हैं। दामों में कमी के चलते इस बार लोग जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। मठ-मंदिरों के साथ रामनगरी में जगह-जगह आम प्रसाद का भंडारा भी चल रहा है। आम की पैदावार में अयोध्या जिले का भी नाम आता है। बाराबंकी की सीमा से अयोध्या में प्रवेश शुरू करते ही मैंगो बेल्ट शुरू हो जाती है। यहां के आम उत्पादकों का कहना है कि इस बार अनुकूल मौसम और समय पर बारिश ने फसल को और बेहतर बनाया है। इसका फायदा सभी लोगों को मिल भी रहा है। किसान जय सिंह ने कहा कि यहां के दशहरी आम देश के कई प्रदेशों में आपूर्ति होती है। आम के पकने से पहले ही ठेकेदारों द्वारा बाग को खरीद लिया जाता है। साथ ही इसे स्थानीय मंडी में भी पहुंचाया जाता है। उन्होंने बताया कि आम के भाव भी ऐसे हैं कि सभी इसे खरीद सकते हैं। इस बार किसानों को अच्छा मुनाफा हुआ है।


बेनीगंज स्थित एक दुकान पर बिक रहा मलिहाबादी दशहरी आम। अमृत विचार

### दशहरी की अनूठी सुगंध, रसीलापन इसे अन्य से बनाता अलग

अयोध्या में पुश्तैनी रूप में आम का कारोबार करने वाले बेनीगंज निवासी शहजाद ने बताया कि दशहरी आम की अनूठी सुगंध, रसीलापन और मिठास, इसे अन्य आम से अलग बनाती है। अयोध्या के मठ मंदिरों के साथ स्थानीय लोगों में दशहरी आम की जबरदस्त मांग हैं। बताया कि उनके यहां मलिहाबाद की दशहरी आई, जिसके एक आम का वजन करीब एक किलो के आसपास है, शुक्रवार को लगभग तीन क्विंटल आम आया था। जिसे एक महंत जी अकेले ही खरीद ले गए। इसके अलावा लंगड़ा, चौसा, सफेदा, फजली, तोतापरी, बादामी, केसर, अल्फांसो, देसी आम समेत 15 से ज्यादा वैरायटी के आम आते हैं, जो अलग अलग ग्राहकों की पसंद होते हैं। वहीं, रेहड़ी पर आम बेचने वाले शिवकुमार ने बताया कि दशहरी की मांग सबसे ज्यादा है। दाम काफी कम होने के कारण चार-पांच क्विंटल आम रोज बेच रहे हैं।

### जिले में आम के फुटकर रेट

| वैरायटी | रुपये प्रति किलो |
|---|---|
| मलिहाबादी दशहरी | 50 |
| स्थानीय दशहरी | 20 |
| लंगड़ा | 50 |
| चौसा | 60 |
| सफेदा | 40 |
| देसी | 30 |
| फजली | 40 |
| तोतापरी | 40 |
| बादामी | 70 |

### दशहरी आम का स्वाद लाजवाब



जनौरा निवासी प्रीति त्रिपाठी ने कहा कि दशहरी आम का स्वाद लाजवाब होता है। जिसने इसे नहीं खाया तो उसने कुछ नहीं खाया। इस बार कम दामों के साथ बेहतरीन डाल की दशहरी बाजारों में बिक रही है। हम रोज इसे खा रहे हैं।

### कितना भी खाओ मन ही नहीं भरता



रायबरेली रोड निवासी इंदू मौर्या ने कहा कि हम तो साल भर डाल की दशहरी खाने का इंतजार करते हैं। इस बार अच्छे आम खाने को मिले हैं। यहां की दशहरी तो बेजोड़ है लेकिन मलिहाबाद की दशहरी लाजवाब है।

### खटास व मिठास के मिश्रण के लिए चौसा व फजली बेहतरीन



अयोध्या धाम निवासी बैजनाथ मिश्र ने कहा कि दशहरी तो दशहरी है। लंगड़ा आम अपनी खटास और मिठास के मिश्रण के लिए, चौसा और फजली अपने बड़े आकार और रसीलेपन के लिए, सफेदा और बादामी आम भी मिठास के लिए प्रसिद्ध है।



# बकाया 10 हजार रुपये तो अब स्वत: कट रही बिजली

## स्मार्ट मीटर में व्यवस्था

- अब तक शहरी क्षेत्र के 1100 उपभोक्ताओं की गुल हो चुकी है बिजली
- पहले भुगतान व लाइन कटने का मोबाइल पर आता है मैसेज, बकाया जमा न करने पर कटती बिजली
- नगर में 20 हजार लोगों के यहां अब तक लगे स्मार्ट मीटर, लक्ष्य है 53 हजार का

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिस कनेक्शन पर 10 हजार से अधिक बिल बकाया होने पर उसकी बिजली स्वतः ही कट रही है। पॉवर कॉर्पोरेशन ने स्मार्ट मीटर में ऐसी व्यवस्था की है। हालांकि बकाए के चलते बिजली कटने से पहले उपभोक्ता द्वारा दिए गए नम्बर पर बिल जमा करने व लाइन कटने की तारीख सहित मैसेज आ रहा है, यदि निर्धारित तिथि तक बिल जमा नहीं होता है तो एक्सईएन या उप खंड अधिकारी के सिस्टम से ही ऑनलाइन बिजली कट जा रही है। विद्युत चोरी पर पर लगाम लगाने के लिए पॉवर कॉरपोरेशन के निर्देश पर शहरी व उपनगरीय क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगा रहा है। पहले चरण में लगभग 53 हजार स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। जिले में 43 विद्युत उपकेंद्रों से लगभग 4.75 लाख विद्युत उपभोक्ता जुड़े हैं। पॉवर कॉरपोरेशन ने उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में गड़बड़ी, समय से विद्युत बिल न मिलना, बकाया बिल वसूली सहित अन्य समस्याओं को देखते हुए विद्युत कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाने का निर्देश दिया है। जिसे लगाने का ठेका एक निजी कंपनी को दिया है। इस क्रम में शहर में अब तक 20 हजार कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगे हैं। शहर में 10 हजार से अधिक बकाए में लगभग 1100 उपभोक्ताओं की बिजली स्मार्ट मीटर लगने के बाद कट चुकी है। जिनमें लगभग 700 उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा करने पर एक्सईएन या उपखंड अधिकारी की आईडी से चालू की गई है। कुल मिलाकर उपभोक्ताओं के लिए साफ संदेश है कि बिल कम हो तभी समय रहते जमा करें।

> शहरी कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। शहर में लगभग 20 हजार कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लग चुका है। जिन उपभोक्ताओं का बिल 10 हजार से अधिक बकाया है उनका विद्युत कनेक्शन स्मार्ट मीटर लगने से ऑनलाइन सिस्टम से स्वत: कट जा रहा है। उपभोक्ता समय पर बिजली बिल अदा करें। **–प्रदीप कुमार वर्मा,** अधिशासी अभियंता

### विभाग ने नहीं दिया ध्यान तो ग्रामीणों ने खुद लगवाया पोल

पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद अंतर्गत अकवारा मजरे गजराज का पुरवा महीनों से टूटे पोल को विभाग ने ठीक नहीं कराया तो ग्रामीणों ने पाइप लगाकर खुद ही लाइन चालू करा दी। प्रधान प्रतिनिधि अंकवारा राजेश मौर्य ने शुक्रवार को बताया कि एक महीना पहले रात में एक जेसीबी विद्युत पोल से टकराई थी, इससे खंभा टूट गया। जिसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद के जेई को दी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण अंधेरे में रहने के लिए विवश हो गए। अंत में हम सभी ने मिलकर लाइनमैन को बुलाकर अपने निजी पैसे से लोहे का पाइप व केबल लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई। उपभोक्ता जयप्रकाश प्रजापति, रामजी प्रजापति, हरेंद्र कुमार मौर्य, अवधेश चौरसिया, मनोज पेंटर ने कहा कि नया पोल न लगने से कभी भी हादसा हो सकता है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी चेत नहीं रहे हैं। विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद के अवर अभियंता राकेश प्रसाद ने बताया कि पोल टूटने की जानकारी मिली है। रिपोर्ट बनाकर विभाग को भेजा है, पोल मिलते ही लगा दिया जाएगा।



लोहे की पाइप के सहारे चालू आपूर्ति।

## प्रभारी वीसी ने किया विभागों की कंप्यूटर लैब का निरीक्षण

**कार्यालय, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने पीएम उषा के तहत विवि परिसर में फिजिक्स एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग की दो कंप्यूटर लैब, आईटी की कंप्यूटर लैब, एमबीए की कंप्यूटर लैब का शुक्रवार को निरीक्षण किया। कहा कंप्यूटर की गुणवत्ता एवं निर्माण में प्रयुक्त की जा रही सामग्री के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता न किया जाए। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. गंगाराम मिश्र, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जमानत कराकर लौटने पर पिता-पुत्र को पीटा, 4 पर केस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर अंतर्गत वजीरगंज इलाके में गुरुवार सुबह दो पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों का चालान कर दिया। जमानत के बाद लौटने पर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के पिता-पुत्र को फिर से जमकर पीटा, जिससे दोनों गंभ्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने चार पर केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

वजीरगंज जप्ती निवासी दुर्गा प्रसाद मौर्या ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी जमीन पर बॉथरूम बनवाया था। वह गुरुवार को मकान के ऊपर पानी की टंकी रखवा रहे थे। इस दौरान उनके पटीदार ईश्वर मौर्या, उनकी पत्नी राधिका मौर्या व बेटे दिवाकर व विवेक ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस दोनों पक्षों के थाने ले गई व दो-दो लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। बताया कि शाम को सभी जमानत कराकर घर लौटे तो विपक्षियों ने दोबारा उनके ऊपर हमला कर दिया व लाठी डंडों से मुझे व मेरे पुत्र पुष्पेंद्र को जमकर पीटा, जिससे हम दोनों घायल हो गए। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाल वाटिका कक्षा के लिए नियुक्त किए जाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका (प्ले ग्रुप) संचालित होंगे। परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका कक्षा चलेंगी, जिसमें छह साल तक के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 8800 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' (ईसीसीई एजुकेटर) की नियुक्ति होगी। इसके लिए केंद्रांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा एक अरब 13 करोड़ 62 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आनन्द कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बाल वाटिका कक्षा के लिए ईसीसीई एजुकेटर संविदा पर सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध किए जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र. की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति निगरानी करेगी। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बतौर सदस्य होंगे। बालवाटिका कक्षा में तीन से छह साल की आयु के बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना है।

### आवेदक की अर्हता

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर की संविदा पर 11 माह के लिए नियुक्ति होगी, जिसे प्रतिमाह 10 हजार 313 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। आवेदक की अधिकतम आयु 40 वर्ष, गृह विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है, आरक्षित वर्ग को नियमानुसार अंकों में पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा नर्सरी अध्यापक शिक्षा, सीटी आदि कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

## सार-संक्षेप

### जिला अस्पताल की डेंटल ओपीडी का बदलेगा स्थान

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय की डेंटल ओपीडी को अब बड़े कक्ष में स्थापित किया जाएगा। स्थान परिवर्तन के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम ने बताया कि कमेटी में डॉ. मो अकरम, डॉ. अमित सिंह व डॉ. विपिन वर्मा को शामिल किया गया है।

### मेडिकल कॉलेज से हटाए गए नॉन पीजी जेआर

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज से 35 से 40 के करीब नॉन पीजी जेआर हटा दिए गए। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि शासन ने अब बांड भरने वाले जेआर भेज दिए हैं। इसलिए पहले से तैनात रहे नॉन पीजी जेआर को हटा दिया गया है। अभी कॉलेज में कुछ अन्य जो बचे हुए हैं। उन्हें भी हटाया जाएगा।

### शहजादी ने भी सुनाया अपना दर्द

**अयोध्या, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित टॉवर से चंद्र शेखर को उतारने की कोशिश हो रही थी। इसी दौरान सोहावल की एक महिला शहजादी ने भी मीडिया को अपना दर्द सुनाने लगी। सोहावल तहसील के मुस्तफाबाद बड़ागांव की शहजादी का कहना था कि चार महीने से उसकी छत नहीं पड़ रही है। कई बार एसडीएम से कहा लेकिन देखने तक नहीं गए। बताती है कि उसके ऊपर 68 हजार का दंड लगा दिया गया। वह अपनी फरियाद लेकर कमिश्नर के पास आई है। कहा कि किसी के दबाव में उसकी छत नहीं पड़ने दी जा रही है।

### तीन कंपनियों को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की ओर से अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कंपनियों को 169 .60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सौंपी जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस कड़ी में मेसर्स जेके सीमेंट लि. अलीगढ़ को 21 करोड़ 39 लाख 13 हजार 970 रुपये, मेसर्स वरूण बेवरेजेज लि. हरदोई को 66 करोड़ 34 लाख 22 हजार 136 रुपये और मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा .लि. बाराबंकी को 81 करोड़ 87 लाख 03 हजार 25 रुपये की प्रोत्साहन प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

### बरेली में पशुपतिनाथ मंदिर का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाथ कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बरेली के पशुपतिनाथ मंदिर का विकास कराया जाएगा। करीब 2 .30 करोड़ रुपये से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ ही आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल के पर्यटन विकास के लिए 38 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

### समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर सहमति

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर विभागीय मंत्री असीम अरुण की सहमति मिली है। इससे पहले शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों की मांगे और समस्याएं सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूरा किया जाये।

### छह शहरों की संवरेगी सूरत, बनेगा रीजनल प्लान

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ जल्द दिल्ली–एनसीआर की राह पकड़ेगा। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी। शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुई एक अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष इस योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया।

## फ्लैट में छाप रहे थे जाली नोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हापुड़ के पिलखुआ स्थित फरीदनगर रोड दिनेश नगर कालोनी में जाली नोट छापने का काला कारोबार चल रहा था। जानकारी होने पर गुरुवार देर शाम को एटीएफ (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने छापा मारकर सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। फ्लैट के अंदर से 3.90 लाख रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। आरोपी जाली नोट छापकर प्रदेश के कई जिलों में फैले अपने नेटवर्क के जरिये खपा रहे थे। एटीएस की टीम गिरोह के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। एटीएस अधिकारी के मुताबिक, जाली नोट खपाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली। टीम ने पिलखुआ के फरीदनगर, भोजपुर रोड के पास एक कार की घेराबंदी कर गजेंद्र यादव और सिद्धार्थ झा को पकड़ा। कार के अंदर काफी मात्रा में जाली भारतीय मुद्रा रखी थी। दोनों इस जाली नोट को एक पार्टी को देने जा रहे थे। दोनों की निशानदेही पर टीम ने दिनेश नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। जहां से उनका साथी विजय वीर पकड़ा गया। फ्लैट में जाली नोट छापने के सामान व जाली नोट का जखीरा मिला। आरोपियों के खिलाफ एटीएस थाना लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एटीएस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों गिरोह का सरगना बुलंदशहर के जीवन गीत गजौरी का रहने वाला गजेंद्र यादव है। गजेंद्र लाखन रेलवे स्टेशन पिलखुआ पर प्वाइंट मैन के पद पर तैनात है।

## मुख्यमंत्री ने लिया राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी का जायजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विवि में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों हवाई सर्वेक्षण के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बाद में समीक्षा बैठक निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 1 जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व योगी ने लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया।


### बाबू महीपति सिंह महाविद्यालय, तिलोई अमेठी

में आवश्यकता है:–

स्नातक स्तर पर **बी0ए0 पाठ्यक्रम में** (चित्रकला) तथा **बी0एससी0 पाठ्यक्रम में** (रसायन विज्ञान) प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता–01** पद तथा **परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में** (भूगोल, गृहविज्ञान प्राचीन इतिहास एवं राजनीतिशास्त्र) तथा **एम0एससी0 पाठ्यक्रम** (जन्तु विज्ञान) में प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता–02**

योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय– प्रबन्धक/अध्यक्ष
मो0नं0–9919407065

### कार्यालय नगर पंचायत रूपईडीहा जनपद बहराइच

पत्रांक:– 75/न0पं0रू0/पं0दी0द0उपा0आ0न0पं0यो0/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक– 26.06.2025

**ई–टेण्डिरिंग निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रूपईडीहा में पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना की संस्तुतियों के अन्तर्गत 12 कार्यो की ई–निविदा आनलाईन दिनांक–26.06.2025 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक–17.07.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। इच्छुक फर्मे उपरोक्त तिथि से ही ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http//etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। दिनांक–17.07.2025 को सांयकाल 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत रूपईडीहा में हार्ड कापी जमा करना होगा जो कि दिनांक–17.07.2025 को सायंकाल अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत रूपईडीहा के समक्ष खोली जायेगी।

(राम बदन)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रूपईडीहा

(उमा शंकर वैश्य)
अध्यक्ष
नगर पंचायत रूपईडीहा


## 23 वन अफसरों के तबादले डीएफओ पद पर नई नियुक्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने राज्य वन सेवा के 23 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम जारी शासनादेश के अनुसार इन तबादलों में कई जिलों में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) के पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि कुछ अफसरों को अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन, और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन की नजर से लिया गया है। कुछ तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जबकि अन्य 1 जुलाई और 1 अगस्त से प्रभावी होंगे।

तबादलों के इस क्रम में संजय कुमार मल्ल को मैनपुरी का प्रभारी डीएफओ नियुक्त किया गया है। चंद्र प्रताप सिंह को औरैया का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा। राजीव कुमार को फर्रुखाबाद का डीएफओ नियुक्त किया गया है। विनीता सिंह को अमरोहा का डीएफओ बनाया गया है। उनका कार्यभार 1 अगस्त से प्रभावी होगा। वहीं, संजीव कुमार को कासगंज में डीएफओ का पद सौंपा गया है। अमरकांत शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनाती मिली है। तौफीक अहमद को उत्तर प्रदेश वन निगम में स्थानांतरित किया गया है। आशुतोष पांडेय को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को बदायूं में डीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है। अमित सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। उमेश तिवारी को अंबेडकरनगर का डीएफओ नियुक्त किया गया है। दिलीप कुमार तिवारी को ओबरा में डीएफओ का कार्यभार दिया गया है। मानेंद्र सिंह को फिरोजाबाद का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है।

## अधिकतम 4 घंटे में होगा पोस्टमार्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दुःख की घड़ी में परिवारीजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं, ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृत्रिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन भी पर्याप्त हों, ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे। उन्होंने बताया कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है।



### वीडियोग्राफी का पैसा परिवार से न लिया जाए

कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्ट की वीडियोग्राफी कराई जाए। शासनादेश के मुताबिक, पैनल के तहत होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिवारीजनों से नहीं लिया जाए। वीडियोग्राफी का भुगतान रोगी कल्याण समिति व अन्य मदों से किया जाए।


## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैने अपना नाम ललित कुमार थावनानी से बदलकर ललित कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे ललित कुमार के नाम से जाना जाए। – **ललित कुमार पुत्र द्वारिका दास, 122/516 सिंधी कालोनी , शास्त्री नगर कानपुर 208005**

**सूचना**
मैं कैफ मो पुत्र BAHAL AHMAD निवासी 534/44 टतरपुर अलीगंज, लखनऊ, पहले मेरा नाम MOHD KAIF था। अब मैंने अपना नाम बदलकर KAIF MOHD रखना चाहता हूँ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपना नाम हसन मेंह्दी राजू से से बदलकर हसन मेंहदी पुत्र श्री मो0 मेंहदी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **हसन मेहदी पुत्र मो0 मेंहदी 66, गोलागंज, मकबरा अलिआ लखनऊ**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. रामदेव के द्वारा कराई गई पॉलिसी संख्या 276431173 में मैं ममता नामिनी हूं। पॉलिसी में मेरा नाम मन्होत्रा अंकित है जो गलत है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में ममता अंकित है जो सही है। दोनों नाम मेरा ही है। लिखा पढ़ा व दर्ज किया जाए। **ममता पत्नी रामदेव ग्राम व पोस्ट सरैया बंधुआकला, जिला सुल्तानपुर**

**सूचना**
मैंने अपना नाम मोहम्मद इलियास से बदल कर मोहम्मद इलियास इकबाल पुत्र मोहम्मद इकबाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इलियास इकबाल 164/ 62 वी, फुल झाऊ लाल, अमीनाबाद, लखनऊ**

**सूचना**
मैं सूचित करती हूँ कि मेरी बेटी का नाम अनुष्का श्रीवास्तव और उसके पिता का नाम अनुज कुमार आधार कार्ड में गलत दर्ज है। जबकि मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव उसके स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज है। अतः मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और उसके पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव आधार कार्ड में सही दर्ज किया जाए। **रश्मि श्रीवास्तव पत्नी स्व0 अनुज कुमार श्रीवास्तव निवासिनी– बी–102, प्लॉट नं0 48 विमल नगर, कामता, चिनहट, लखनऊ– 227105**

**सूचना**
मैं KM SAGAR MATI YADAV W/O ANIL KUMAR जाति–अहीर, निवासी–ग्राम–नोनरा, पोस्ट–टिकरिया, तहसील–सदर, थाना–धम्मौर, जिला–सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड–228001 है। मेरे पति अनिल कुमार जिनका आर्मी नं0 16019669K है जिसमें आर्मी दस्तावेजों में मेरा नाम KUMARI SAGAR MATI YADAV दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV अंकित है जो सत्य व सही है। अतः मेरे पति ANIL KUMAR के आर्मी के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV दर्ज किया जाय।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज–गोण्डा पताः– गाड़ी बाजार पश्चिमी ।

पत्रांक– 587/न0पा0परि0कर्न0/2025–26 दिनांक: 26.06.2025

**ई–निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि नगर पालिका परिषद कर्नलगंज–गोण्डा को वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृति धनराशि से निम्न निर्माण/विकास कार्य कराया जाना है। समस्त निविदायें बेवसाइट http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। समस्त पंजीकृत को 10 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि नगद जमा करना अनिवार्य है। निविदा की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि: | 26.06.2025 (05:00 PM) |
| 2. | ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि: | 17.07.2025 (06:00 PM) |
| 3. | ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय: | 18.07.2025 (11:00 AM) |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
कर्नलगंज, गोण्डा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
कर्नलगंज, गोण्डा

### कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई

पत्रांक: एस0एस0ए0(गुण0वि0) / 1775–84 /2025–26 दिनांक– 26.06.2025

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक : एस0एस0ए0 (गुण0वि0) / 1707–14 / 2025–26 दिनांक 25.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर एवं तकनीकी अनुदेशकों की आउट सोर्सिंग के माध्यम से चयन किये जाने मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया है। मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। शैक्षिक अर्हता के आधार पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कर सकते है। **पदों का विवरण निम्नवत् है :–**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | | पदों की संख्या | शैक्षिक अर्हता | नियत मानदेय | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईसीसीई एजूकेटर | | 110 | विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो । आरक्षित वर्गो को नियमानुसार न्यूनतम अंकों में 05 प्रतिशत की छूट होगी । **अथवा** नर्सरी अध्यापक शिक्षा/एन0टी0टी0/सी0टी0 (नर्सरी) / डी0पी0एस0ई0 का कम से कम दो वर्ष का डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से मान्य होना चाहिए । | 10313.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो । |
| 2 | तकनीकी अनुदेशक | इंजीनियर एण्ड वर्कशॉप ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट कन्स्ट्रक्शन एण्ड वुडवर्किंग / फैब्रिकेशन (फिटिंग एण्ड वेल्डिंग) फिटर/जनरल कॉरपेंटर / प्लम्बर / शीट मेटल वर्कर / पेंटर | 10450.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो । |
| | | एनर्जी एण्ड इन्वायरमेन्ट ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट– इलेक्ट्रिक / इलोक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक | | |
| | | एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग | 05 | बी0एस0सी0 एग्रीकल्चर | | |
| | | होम एण्ड हेल्थ ट्रेड | 06 | बी0एस0सी0 होम सांइस अथवा राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट – फूड प्रोडक्शन / फैशन डिजायइन टेक्नोलॉजी / सीविंग टेक्नोलॉजी | | |

चन्द्रप्रकाश
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जालौन

# पंखे से लटकता मिला युवक का शव

▶▶ जलालपुर मालीपुर रोड स्थित बिजली कालोनी का मामला

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जलालपुर मालीपुर रोड स्थित बिजली कालोनी में रह रहे एक युवक का शव उसके बंद कमरे में लटकता मिलने से सनसनी फैल गई है। 37 वर्षीय राजेश वर्मा उर्फ राजू पुत्र राम नरेश का शुक्रवार सुबह अपनी पत्नी से विवाद हुआ और वह गुस्से में अपने कमरे में चल गया। काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने दरवाजा तोडक़र अंदर दाखिल हुए तो अंदर का दृश्य देख कर संन्न रह गए। राजू का शव कमरे में पंखे के सहारे लटक रहा था। परिजन फौरन सांस चलने की उम्मीद में शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करने के लिए परिजन तैयार नहीं हुए, जिन्हें लिखा पढ़ी कर सौंप दिया गया है।


राजेश वर्मा की फाइल फोटो।

**जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत, जलालपुर, अंबेडकरनगरः** जलालपुर कोतवाली अंतर्गत से जफरपुर गांव में सिंचाई कर रहे किसान की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। मामला गुरुवार रात का है। जब गांव निवासी गया प्रसाद 53 वर्ष धान की रोपाई के लिए खेत में पानी भर रहे थे। तभी उन्हें जहरीले जंतु ने काट लिया। जिसका आभास उन्हें नहीं हुआ। थोड़ी देर बाद अचानक जमीन पर गिर पड़े तब इसकी जानकारी परिजनों को हुई, तो परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# कार्यदाई संस्था जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य जल्द करें पूर्ण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में जन सामान्य को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित हर घर जल योजना की परियोजनावार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में आमंत्रित किए गए विभिन्न विकास खण्डों के ग्राम प्रधानों से परियोजना के कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।


हर घर जल योजना की समीक्षा करते डीएम अनुपम शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

**समीक्षा**

▶▶ परियोजना के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

बैठक में प्रधानों द्वारा अपने-अपने ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों में कमियों यथा रोस्टर के अनुसार जलापूर्ति न करना, मार्गो के रेस्टोरेशन में कमियों, पाइप लाइन में लीकेज आदि से अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को तत्काल कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन-जिन ग्राम पंचायत में ओवरहेडटैंक से जलापूर्ति हो रही है वहां पर निर्धारित प्रेशर से प्रत्येक घर तक जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम सहित जल जीवन मिशन आसै्र कार्यदाई संस्थाओं के संबंधित अधिकारी, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## डीएम ने तीन जेई का वेतन रोकने दिए निर्देश

बैठक में जिलाधिकारी ने अपने-अपने क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्यों का अपेक्षित ढंग से मॉनिटरिंग न करने तथा कमियों को समय से दूर न करवाने पर जल जीवन मिशन के जूनियर इंजीनियर टांडा, जूनियर इंजीनियर अकबरपुर और जूनियर इंजीनियर जहांगीरगंज का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त जूनियर इंजीनियर अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित कम से कम 4 से 5 ग्रामों का रोजाना भ्रमणकर वहां के ग्राम प्रधान और ग्रामीणों से वार्ता कर, फीडबैक प्राप्त कर जल जीवन मिशन से संबंधित कमियों को संबंधित कार्यदाई संस्था के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण ढंग से ठीक कराएं।

## एक नजर

### साइबर टीम ने वापस कराए 54 हजार 406 रुपये

**अंबेडकरनगर :** जनपद में साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को राहत दिलाई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम ने क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी के शिकार हुए व्यक्ति के खाते में 54 हजार 406 रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की है। शिकायतकर्ता विपलेश कुमार जो ग्राम शेखूपुर अशरफपुर मजगवा जलालपुर के निवासी हैं। उन्होंने क्रेडिट कार्ड से संबंधित धोखाधड़ी की सूचना दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर क्राइम पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में साइबर थाना टीम ने सफलतापूर्वक कार्रवाई को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता और उनके परिवार ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।

### चोरों ने दुकान से आठ मोबाइल और 18 हजार रुपए किए पार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** मालीपुर थाना क्षेत्र के खजूरी करौदी बाजार में चोरों ने प्रजापति टेली काम की दुकान की दीवाल पीछे से काटकर आठ मल्टी मोबाइल सहित लगभग 18 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। बता दें कि खजूरी करौदी बाजार में राहुल प्रजापति निवासी कालेपुर महुवल के प्रजापति टेलीकॉम नाम से मोबाइल की दुकान है। बीते 25-26 की रात्रि को जब वह दुकान बंद कर घर चले गए तो चोरों ने पीछे से दीवार काटकर 8 मल्टी मोबाइल सेट कीमत लगभग 1 लाख और लगभग 18 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। दूसरे दिन जानकारी होने पर दुकानदार द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। दुकान के अंदर छीनी हथौड़ी आदि भी पाई गई। थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से सब्जी विक्रेता की मौत

**आजमगढ़ :** मेंहनगर थाना क्षेत्र के बछवल गांव में गुरुवार को करंट की चपेट में आने से 40 वर्षीय सब्जी विक्रेता राहुल वेनवंशी की करंट लगने से मौत हो गई। क्षेत्र के बछवल निवासी राहुल अपने घर के सामने गुमटी लगाकर सब्जी बेचता था। गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे राहुल सब्जी मंडी से सब्जी लेकर घर लौटा। गांव में विद्युत आपूर्ति चालू थी, लेकिन उसके घर में बिजली नहीं आ रही थी। राहुल बांस की लग्गी की मदद से बिजली के पोल से जुड़े एक तार को हटाने की कोशिश कर रहा था तो इसी दौरान राहुल करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे तुरंत पीजीआई चक्रपानपुर ले गए, जहां देर रात चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को गांव लाने के बाद परिजनों ने पहले पोस्टमार्टम कराने से मना किया, लेकिन ग्रामीणों के समझाने पर मृतक के चचेरे भाई विजय वेनवंशी ने मेंहनगर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सब्जी विक्रेता राहुल के परिवार में दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। वहीं राहुल की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिलाधिकारी ने ताजिया मार्गों का लिया जायजा

## डीएम ने दरगाह परिसर और कर्बला मैदान में उर्स, मोहर्रम से पहले साफ-सफाई करने के दिए निर्देश

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद टांडा और नगर पंचायत किछौछा के विभिन्न क्षेत्रों, गालियों, ताजिया मार्गों का अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिला अधिकारी टांडा, तहसीलदार टांडा, एक्सईएन विद्युत टांडा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका टांडा व किछौछा आदि अधिकारियों सहित संबंधित थाना प्रभारी के साथ पैदल भ्रमण किया।

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने पवित्र श्रावण मास और मोहर्रम व मखदूम साहब के स्थान पर लगने वाले उर्स की तैयारियों का जायजा लेने के लिए नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा पहुंचे। इस दौरान उनके अधीनस्थ अधिकारी, पुलिस बल व नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने उर्स सहित ताजिया जुलूस के मार्गों का निरीक्षण किया और उसे कुशलता पूर्वक संपन्न करने के लिए दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दरगाह परिसर और कर्बला मैदान के रास्तों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने उर्स, मोहर्रम जुलूस और श्रावण मास के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत का भी निर्देश दिया। बता दें कि आगामी 30 जून को पहला ताजिया जुलूस निकलेगा, जिसके साथ ही दस दिवसीय मोहर्रम मेले की शुरुआत हो जाएगी। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु दरगाह परिसर में आते हैं। जिनके आने का सिलसिला अभी से ही शुरू हो गया है। जिससे उनकी सुरक्षा और सुविधाओं की ज़रूरत बढ़ गई है। इन्हीं व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी ने बीते दिवस देर रात्रि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा पहुंचे और सभी तैयारी का जायजा लिया। नगर पंचायत स्तर पर की गई तैयारी को लेकर चेयरमैन ओमकार गुप्ता ने बताया कि पवित्र श्रावण मास, मोहर्रम और उर्स मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर नगर पंचायत सक्रिय कदम उठा रही है। साथ ही पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


किछौछा में जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व नपा अध्यक्ष ओमकार गुप्ता।

**प्रकाश की व्यवस्था करें सुनिश्चित :** जिलाधिकारी ने खम्भों पर ढीले तार को सही करने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करें, जिससे दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किछौछा में आए हुए विभिन्न प्रदेशों और जनपदों की जायरीनों से भी वार्ता की गई तथा उनके अनुभव को जाना गया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आगामी उर्स मेला के तैयारियों के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### उर्स मेले में श्रद्धालुओं को न हो कोई समस्या

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में आगामी उर्स मेले की तैयारी की बैठक संबंधित विभाग के अधिकारियों और किछौछा दरगाह के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आए हुए पदाधिकारीयों से वार्ता कर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की समस्याओं और सुझावों को जाना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को विगत मेले में आई हुई समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए इस वर्ष और भी बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए जिससे किसी भी मेलार्थी को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत किछौछा को निर्देशित किया कि संपूर्ण मेला परिसर को सफाई कर्मी लगाकर बेहतर ढंग से सफाई कराई जाए तथा नियमित साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। इसी के साथ जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मियों ड्यूटी पर लगाया जाए, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राज्य डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकार टांडा, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अध्यक्ष नगर पंचायत किछौछा ओमकार गुप्ता सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भूसी लादते समय हाई वोल्टेज तार से झुलसा युवक मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मालीपुर थाना क्षेत्र के बेलऊवा बरियारपुर में शुक्रवार दोपहर अवधना इस्माइलपुर गांव निवासी अवधेश पुत्र राम कृपाल 32 वर्ष जो ट्रक पर भूसी लादने का कार्य कर रहा था। तभी डाला बंद करते समय ट्रक के ऊपर से गुजर रहे, हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया। जिसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक गरीब परिवार का है जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था और उसके चार पुत्रियां हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुकानों में जांच के लिए भेजे 16 नमूने

▶▶ टीम ने निरीक्षण के दौरान सड़े केला और आम को कराया नष्ट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश के अनुपालन में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय के आदेश के क्रम में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन के सचल दल द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत टीम ने सिकन्दरपुर में राजू पुत्र रामदेव, सैदापुर में रामरूप पुत्र बहरैची, हीरापुर में शिवम पुत्र ओम प्रकाश, मो. साबिर पुत्र मो. हुसैन, हरिश्चन्द्र पुत्र स्व. रामचन्द्र गौड़ के फल की दुकानों का निरीक्षण किया।

टीम ने निरीक्षण के दौरान सड़े, गले अवस्था में पाए गए लगभग 48 दर्जन केला एवं लगभग 70 किग्रा. आम का मौके पर विनष्टीकरण कराया गया। साथ ही उपरोक्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को आगामी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दृष्टिगत कठोर चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में सड़े, गले और दूषित फलों को विक्रयार्थ भण्डारित पाया जाएगा तो आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।


फलों की दुकानों पर जांच करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापेमारी के दौरान कुल 4 यूज्ड कुकिंग आयल, 5 रिफाइण्ड सोयाबीन तेल, 1 मूंगफली का तेल, 1 आइसक्रीम और 1 सरसों के तेल का नमूना संग्रहित करते हुए कुल 16 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। जांच टीम दृगमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार राय,चन्द्र प्रकाश यादव तथा ओम प्रकाश सम्मिलित रहें।

# पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने परेड का किया निरीक्षण


परेड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा व चिराग जैन। अमृत विचार

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया। परेड में पुलिस लाइन तथा पुलिस कार्यालयों में तैनात आरक्षी, मुख्यआरक्षी, उपनिरीक्षक, निरीक्षकों ने भाग लिया। परेड में भाग ले रहे डॉग स्क्वाड व ड्रोन कैमरा दल का एसपी ने निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने आरक्षियों का मेस, बैरक, आवासीय परिसर, जीडी कार्यालय, गणना कार्यालय, आरटीसी कार्यालय, सब्सिडी कैंटीन, जनपद नियंत्रण कक्ष, मोटर वाहन शाखा, स्टोर, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, गैस एजेन्सी, नफीस कार्यालय अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने यूपी 112 के दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया। तैनात कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की भी जांच की गई। उन्होंने ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारी बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने तथा वाहन में सदैव दंगा नियंत्रण उपकरण रखने का आदेश दिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर अजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सौहार्दपूर्ण मनाएं मोहर्रम का त्योहार : जिलाधिकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिला अधिकारी वित्त और राजस्व डॉ. सदानंदगुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व पश्चिमी, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकार पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने मोहर्रम सहित आगामी समस्त त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। बैठक में उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस और प्रशासन समस्त त्योहारों में बेहतर और शान्तिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराएगा। वहीं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता ने कहा कि किसी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। उन्होंने इस पर विशेष निगरानी रखने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि जनपद के समस्त स्थानों पर बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### सीबीआई ने तीन लोगों को घूस लेते रंगेहाथ दबोचा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में शुक्रवार की शाम सीबीआई की टीम ने आरपीएफ इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल समेत तीन लोगों को घूस लेते रंगेहाथ दबोच लिया है। बता दें कि आरपीएफ इंस्पेक्टर ने रेलवे फाटक से ट्रैक्टर-ट्रॉली टकराने के मामले में 40 हजार रुपये की घूस मांगी थी। मामले में पीड़ित ने सीबीआई में शिकायत किया था। पीड़ित की शिकायत के आधार पर सीबीआई की टीम ने अकबरपुर आरपीएफ इंस्पेक्टर जीएस गौतम को घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। इंस्पेक्टर के साथ हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह और बिचौलिया कमलेश कुमार सोनकर को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम तीनों को अपने साथ ले गई।

### हम सभी को बहकावे में आकर बिखरना नहीं है : विश्वनाथ


बसपा के बूथ स्तरीय सम्मेलन में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने बूथ स्तरीय बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सरकार की भ्रष्टाचार और जन विरोधी नीतियों का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया। जलालपुर के सेक्टर बलुआ बहादुरपुर, मेलहिया बाग में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी ने बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उपस्थित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा की हम सब लोगों को किसी के बहकावे में आकर बिखरना नहीं है। एकजुटता से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने भ्रष्टाचार एवं महंगाई समेत तमाम बिंदुओं पर विस्तार से लोगों से बात की। उन्होंने कहा कि बसपा के सत्ता में आने पर सभी वर्गों को न्याय मिलेगा। डॉक्टर दयाराम राजभर, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सावंत, अरविंद गौतम, तिलकधारी गौतम, रामनयन निर्दोष, समीर चौधरी रहे।

### समस्याओं को लेकर लोगों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**आजमगढ़, अमृत विचार :** जिले के नगर पंचायत बूढ़नपुर के भीलमपुर छपरा कस्बे में टूटी हुई सड़क, टूटी हुई नाली, जल जमाव, स्ट्रीट लाइट, बिजली आदि समस्याओं को लेकर नगरवासियों ने शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया है। नगरवासियों ने हमारे कस्बे में नेशनल हाईवे से जुड़कर आने वाली सड़क टूटकर बुरी तरह खराब हो गई है। जगह-जगह गिट्टी उखड़ गई है जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसकी शिकायत नगर पंचायत से लेकर जिला तक की गई लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह गांव में सरकारी नाली टूट गई है, जिससे घरों से निकलने वाला दूषित पानी जमा हो जाता है और पानी से भारी दुर्गंध आती है। अगल-बगल के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। कई-कई दिनों तक बिजली नहीं आती है। इन सब समस्याओं को लेकर नगर पंचायत प्रशासन गंभीर नहीं है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी है और सफाई कर्मी भी नजर नहीं आते। इस संबंध में जब नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी आशीष राय से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, उनसे बात नहीं हो पाई। इस मौके पर इमाम दानिश, जावेद अख्तर, बृजेश सिंह, रमाशंकर सिंह ,उमेश सिंह, अरमान, सिराज, गोविंद मौर्य, एजाज अहमद, शाह आलम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नवागत एसडीएम दिव्या सिकरवार ने संभाला कार्यभार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** तहसील मार्टिनगंज की नवागत उपजिलाधिकारी दिव्या सिकरवार ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। एसडीएम दिव्या सिकरवार ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि पीड़ित जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है, जनता अपनी समस्या को लेकर कभी भी दफ्तर में मिल सकती है। कार्य में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम आदमी की समस्याओं का त्वरित निस्तारण व त्वरित न्याय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन व जिला प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों को प्राथमिकता से क्रियान्वित करवाना गी हमारा प्रथम दायित्व है।

**आयोजन** पहली मोहर्रम के अवसर पर मोहल्ला मीरानपुर में कार्यक्रम को मौलाना ने किया संबोधित, कहा-हरहाल में मानवता को जीवित रखें

# असत्य व अन्याय के खिलाफ डटे रहने का नाम है कर्बला : मोहम्मद रजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** कर्बला सिर्फ जंग नहीं है बल्कि कर्बला एक पैगाम है कि सत्य और न्याय के लिए लड़ो, चाहे अकेले ही क्यों न रह जाओ। क्योंकि असत्य व अन्याय के खिलाफ डटे रहने का नाम कर्बला है। यह बात मौलाना सैयद मोहम्मद रजा ने कही। वह शुक्रवार को पहली मोहर्रम के अवसर पर मोहल्ला मीरानपुर में आयोजित परम्परागत मजलिसों को संबोधित कर रहे थे।

इमामबाड़ा राजा साहब एवं चौधरी सिब्ते मोहम्मद नकवी के आवासीय अजाखाने में मजलिस पढ़ते हुए उन्होंने आगे कहा कि इमाम हुसैन ने संपूर्ण मानवजाति को संदेश दिया है कि अत्याचार के आगे किसी भी परिस्थिति में न झुकें, सत्य मार्ग पर अडिग रहें और हरहाल में मानवता को जीवित रखें। इसी कड़ी में अलमदार हुसैन, जौव्वाद हुसैन खान उर्फ प्यारे तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी सरवर हुसैन जैदी के इमामबाड़े में मौलाना मोहम्मद जुहैर रिजवी ने अजादारों को संबोधित करते हुए कहा कि फर्शे अजा जहां ज्ञान का भंडार है वहीं कर्बला हक का सीधा रास्ता है। उक्त अवसर पर हाजी सज्जाद हुसैन रिजवी, सरवर हुसैन जैदी, हसन अस्करी मजलिसी, अंजुमन अकबरिया के अध्यक्ष परवेज मिर्जा, सचिव इम्तियाज हुसैन जाफरी, अबरार हुसैन, कल्बे आबिद जैदी, तनवीरुल हसन, कायम अली, दानिश अली, असद अली, नजफी, सहित कई लोग आदि मौजूद थे।


बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में मजलिस को संबोधित करते मौलाना मोहम्मद रजा रिजवी।

### दूसरी मोहर्रम का जुलूस आज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अंजुमन अकबरिया की देखरेख में दूसरी मोहर्रम का मातमी जुलूस शनिवार को रात्रि 10 बजे बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर से निकलेगा। अंजुमन के सचिव इम्तियाज हुसैन जाफरी के अनुसार कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जुलूस में जनपद जौनपुर के अलावा जलालपुर, टांडा तथा अब्दुल्लाहपुर के मातमी दस्ते नौहोमातम के लिए उपस्थित रहेंगे। दूसरी तरफ कर्बला की त्रासदी का क्रमबद्ध ढंग से बयान करने के लिए मौलाना गुलाम मुर्तुजा जैदी, मौलाना नूरुल हसन रिजवी, मौलाना जाफर मेहदी और मौलाना जर्रार हुसैन मौजूद रहेंगे। अजादारों की जियारत के लिए विभिन्न तबर्रूकात जुलूस शामिल किए जाएंगे।

### स्थापित होंगे 1 हजार 748 ताजिया

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में मोहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सभी थानों पर एसडीएम और सीओ के साथ पीस कमेटी की बैठक पूरी हो चुकी है। जनपद में कुल 1 हजार 748 ताजिया स्थापित किए जाएंगे। जनपद के सभी थानों में अलग-अलग दिनों पर 589 जुलूस निकलेंगे। इसके अलावा 277 कर्बला स्थापित किए जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। शाम को पैदल मार्च और पेट्रोलिंग की जा रही है। डायल 112 को सभी थाना क्षेत्रों में सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। एलआईयू को संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है।



Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9105057520, 9105057515
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

## एक नजर

### सड़क हादसे में मेडिकल स्टोर संचालक की मौत



**गौरा चौराहा, बलरामपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र में सड़क हादसा हुआ, जिसमें मेडिकल स्टोर संचालक 25 वर्षीय शक्तिमान यादव की मौत हो गई। शक्तिमान यादव सोनैची कैलाशगढ़ के निवासी थे और शुक्रवार को अपने मेडिकल स्टोर की ओर जा रहे थे इसी बीच एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में शक्तिमान यादव की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक को कब्जे में लेकर ड्राइवर को हिरासत में लिया है। शक्तिमान यादव की हाल ही में शादी हुई थी, और उनके परिवार में शोक की लहर है। थाना गौरा की पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### सरकारी धन के दुरुपयोग मामले में ग्राम प्रधान व सचिव गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पुलिस ने सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अरुण कुमार सिंह, वर्तमान ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बैजपुर, और आरती रावत, वर्तमान ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सचिव) शामिल हैं। दोनों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देश पर वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

### युवती लापता, नदी में डूबने की आशंका

**महदेइया बाजार, बलरामपुर :** महदेईया बाजार में एक 19 वर्षीय युवती अंजनी पुत्री नानमून मौर्य लापता हो गई है। उसका आखिरी बार राप्ती नदी के किनारे देखा गया था, जहां उसकी चप्पल मिली है। इससे नदी में डूबने की आशंका जताई जा रही है। एसडीआरएफ टीम लगातार तलाश में जुटी है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस मौके पर मौजूद है और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। श्रीदत्तगंज थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और एसडीआरएफ की टीम युवती की तलाश में जुटी है।

### नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता की शपथ

**बलरामपुर।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर गुरुवार को बलरामपुर पुलिस कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व जवानों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी को रोकने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अगुवाई अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि समाज में अपराध को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे नशे की तस्करी एक गंभीर अपराध है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

### जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की सूची जारी

**बलरामपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की 49 सदस्यी पदाधिकारियो की वहु प्रशिक्षित सूची कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवलाल कोरी द्वारा जारी की गई। जिसमें 6 उपाध्यक्षों हारिश बिन खालिद डॉ. हामिद खलीउल्लाह उमाशंकर तिवारी राम बहादुर दूबे प्रतीक मिश्रा अमरेंद्र प्रताप व इसी तरह 6 जिला महासचिव में अवधेश पाल सिंह धर्मेंद्र पांण्डेय घनश्याम मिश्र केदारनाथ पांण्डेय संतोष कुमार पांण्डेय देवेंद्र पांण्डेय के साथ इसी तरह 33 जिला सचिव में विशाल कश्यप पृथ्वी श्रीपति शुक्ला मुजीबुर रहमान हीरालाल पाल प्रियांशु चौहान मोहम्मद यूनुस योगेश्वर प्रताप मिश्रा भरत लाल वर्मा नंदलाल वर्मा राजेश कुरील अहमद रहमानी अमिरिका प्रसाद कुरील विशंभर सोनी संजना चौहान सुषमा यादव खातून निशा गुड़िया उमा देवी फातिमा जोहार हेमा तिवारी बीना सिंह सीमा गौतम जुनैद मंसूरी शंकर सिंह सीमा मोहम्मद जमील रामरूप भारती मंजूर कुरैशी लाल साहब श्रीवास्तव गुरु बचन विजयपाल के साथ ही सोशल मीडिया से दो प्रभारी ज्ञान चंद्र वर्मा व मायाराम चौहान तथा बृजेश चौहान को कंट्रोलरुम प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। सभी पार्टी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है की वे पार्टी हित में ईमानदारी व निष्ठा से काम करेंगे।

# मोहर्रम का मातम शुरू, 10 दिनों तक होंगी मजलिसें

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** मोहर्रम का पवित्र महीना शुरू हो गया है, जो हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। उतरौला में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अज़ाख़ानों में मजलिसों का आयोजन प्रारंभ हो गया है, जो लगातार दस दिनों तक जारी रहेगा। मोहर्रम की पांचवीं, सातवीं, आठवीं व दसवीं तारीख़ को नगर में विभिन्न जुलूस निकाले जाएंगे। पांचवीं मोहर्रम को एमजे स्कूल से जुलूस निकाला जाएगा, जो नगर भ्रमण करते हुए बड़े इमामबाड़े में समाप्त होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मोहर्रम की गमगीन यादों को संजोते हुए अलम, ढोल-ताशे, नौहा व मातम के माध्यम से इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धांजलि दी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतज़ाम की अपेक्षा की जा रही है।

## अब झारखंडी सरोवर में नहीं होगा ताजिया दफन

**गोंडा, अमृत विचार :** बीते दिनों से नगर के अति प्राचीन झारखंडी सरोवर में ताजिया दफन को लेकर चल रहे विवाद का आखिरकार शुक्रवार को पटाक्षेप हो गया। प्रशासन ने सभी पक्षों की बैठक के बाद ताजिया दफन के लिए नया स्थल अलीबाग चिन्हित किया है। इस स्थल पर इस साल बलरामपुर नगर के ताजिया दफन किए जाएंगे।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि झारखंडी सरोवर अति प्राचीन धार्मिक सरोवर है। इस स्थान का प्रदेश सरकार द्वारा सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।बीते दिनों स्थानीय ताजिया कमेटियों ने इस सरोवर को कर्बला होने का दवा न्यायालय में किया था। न्यायालय ने ताजिया कमेटी के दावे को खारिज कर दिया था। इसी को देखते हुए इस स्थान पर ताजिया दफन को लेकर कई दिनों से असमंजस बना हुआ था।गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने पत्रकार वार्ता में इस साल के लिए झारखंडी सरोवर में ताजिया दफन की अस्थाई अनुमति दी थी। लेकिन शुक्रवार को अचानक जिला प्रशासन हरकत में आया। जिला प्रशासन ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन का हवाला देते हुए सभी पक्षों के साथ बैठक की।बैठक में यह तय किया गया कि ताजिया दफन झारखंडी सरोवर में नहीं किया जाएगा। ताजिया दफन के लिए तुलसीपुर रोड स्थित अली बाग को नए स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।प्रशासन यहां सभी आवश्यक तैयारी कराएगा। प्रशासन के इस निर्णय पर सभी पक्षों ने अपनी सहमत प्रदान कर दी है।

# गाजे-बाजे के साथ निकली जगन्नाथ जी की रथयात्रा

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा



भगवान जगन्नाथ एवं बहन सुभद्रा की यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में गाजे बाजे के साथ भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सकरौरा पहुंची जहां आरती पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

शुक्रवार को दोपहर बाद करीब चार बजे हो गुड़ाही बाजार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को रथ में बैठाकर झांकी निकाली गई। जो ठठराही बाजार स्थित श्रीबालाजी शक्तिधाम मंदिर पहुंची जहां आरती पूजन हुआ। उसके बाद यात्रा गाड़ीबाजार होते हुए गुड़मंडी पहुंची जहां श्री रामलीला लीला कमेटी की ओर से भव्य स्वागत एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां कमेटी के पदाधिकारियों ने माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा आगे बढ़ती हुई बालूगंज होते हुए सकरौरा शिवाला मंदिर पहुंची जहां आरती पूजन हुआ।

वहीं धनुषयज्ञ महोत्सव समिति द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया तथा प्रसाद वितरित किया गया। उसके बाद सकरौरा घाट पर यात्रा का समापन हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारी पुलिस पुलिस बल तैनात रहा।

# दो दशक से सड़क बदहाली का दंश झेल रहे हैं ढाई सौ गांवों के लोग

## चलने लायक नहीं है पचपेड़वा से अयोध्या को जोड़ने वाला राज्य मार्ग

बब्बू खान, पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार।** पचपेड़वा से अयोध्या तक का चंदनपुर मार्ग पिछले दो दशक से बदहाल है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर कई महत्वपूर्ण संस्थान जैसे थारू विकास परियोजना कार्यालय, आईटीआई, किसान इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय, इंडियन बैंक, सर्व यूपी बैंक, पेट्रोल पंप और कई प्राइवेट स्कूल स्थित हैं।

स्थानीय लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए अस्पताल, तहसील और जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, और यही मार्ग आवागमन का मुख्य साधन है। सड़क की बदहाली के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।



बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील पचपेड़वा-अयोध्या राजमार्ग। अमृत विचार

इस सड़क का निर्माण समाजवादी सरकार के कार्यकाल में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत किया गया था, लेकिन कुछ वर्षों में ही सड़क टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गई। इसके बाद से कई विधायकों के कार्यकाल में भी सड़क का सुधार नहीं हो सका है। क्षेत्रीय ग्राम प्रधान फूलमती महीनकी, पूर्व ग्राम प्रधान जमाल तथा पेट्रोल पंप मालिक अशोक प्रताप सिंह आदि का कहना है इस सड़क के निर्माण के लिए बीते 7 सालों में कई बार दावे किए गए। सरकार ने सड़क निर्माण के बजट की मंजूरी भी दी।उतरौला से जैतापुर के बीच कुछ सड़क का निर्माण भी हुआ उसके बाद यह सारे दावे फेल होते दिख रहे हैं। इस सड़क से प्रतिदिन करीब 5000 छोटे बड़े वाहनों का अवागमन होता है। साथी साथ क्षेत्र के करीब ढाई सौ गांवों के 50000 लोग रोज सड़क से अपने जरूरी कामों के लिए यात्रा करते हैं।सड़क का निर्माण न होने से क्षेत्र के लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों ने यह भी चेतावनी दी है यदि शीघ्र सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो क्षेत्र के लोग उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।



ग्राम प्रधान फूलमती।



ग्राम प्रधान महीनकी।



पूर्व ग्राम प्रधान जमाल।



अशोक।

स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री से मामले को संज्ञान में लेते हुए सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं होता, तब तक उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गोंडा :** उत्तर प्रदेश किसान सभा जिला काउंसिल ने जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय मांग पत्र देकर किसानों की समस्या के निराकरण की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि इस समय धान रोपाई का कार्य शुरू हो गया है। गन्ने की फसल में भी बरसात होने के बाद खाद की बुवाई की जाती है, लेकिन किसानों को खाद मिल नहीं पा रही है, जहां खाद बेची जा रही है वहां ओवर रेटिंग हो रही है। किसान खाद के लिए दौड़ लगा रहा है। मांग पत्र में जिले में खाद की कमी को दूर किए जाने, दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, खाद के ओवर रेटिंग पर रोक लगाने तथा कालाबाजारी रोकने की मांग की गई है। मांग पत्र में काउंसिल ने कहा है कि किसानों को कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। आम आदमी पर पुलिस द्वारा किए जा रहे जुर्म पर अंकुश लगाया जाए। किसानों द्वारा गरीबी के चलते आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोका जाए। किसानों के कृषि यंत्रों को जीएसटी कर से मुक्त किया जाए तथा पहले की तरह सब्सिडी जारी की जाए। मांग पत्र देने वालों में उत्तर प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष दीनानाथ त्रिपाठी मंत्री अरुण त्रिपाठी रामकिशोर, ननकऊ नेता, कल्लू शाह, हनुमान तिवारी, गुरु प्रसाद, लालू, मोहम्मद हुसैन, रामकिशोर भारती, ओम प्रकाश, सुभाष श्रीवास्तव, अरविंद पांडे, अयोध्या प्रसाद पांडे, मोहित तिवारी, जीपी पाल, भगवान दयाल, रामकुमार, राम सागर चौबे, स्वामीनाथ चौहान, मुन्ना, माता प्रसाद, कुंवर बहादुर सिंह, संदीप पांडे, श्रीचन्द्र, रामनरेश, राजकुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# मनकापुर में हत्या कर युवती की टिकरी जंगल में फेंकी लाश

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** टिकरी जंगल स्थित रूदापुर सम्मय माता मंदिर के समीप जंगल में शुक्रवार को एक 30 वर्षीय अज्ञात युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव की स्थिति और कपड़ों पर खून के धब्बे देखकर प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

घटना की सूचना पर मनकापुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान की कोशिश शुरू की, पर मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी। मौके की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज रावत और पुलिस क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल भी मौके पर पहुंचे। उनके साथ फॉरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किये गए। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, जंगल क्षेत्र में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। बीते वर्ष 24 मई को इसी जंगल में अज्ञात एक युवती का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिला था, लेकिन पुलिस उस मामले का अब तक कोई सुराग नहीं लगा सकी। एक बार फिर उसी प्रकार की घटना ने ग्रामीणों के बीच भय का माहौल भी बना दिया है।प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



जंगल में घटनास्थल पर जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अभी तक महिला की नहीं हो सकी शिनाख्त**

मौके से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।आस-पास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट की छानबीन कर मृतका की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चकमार्ग खाली कराने की कार्रवाई अटकी

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** करनैलगंज में हैं। तहसील स्तर पर चकमार्ग की जमीन को खाली कराने के लिए निकाले गए आदेश को खुद ही स्थगित कर फाइलों में मामला दबा दिया गया है।

मामला ग्राम नारायनपुर मर्दन का है, जहां गांव के रामचन्दर, राम कैलाश, संचित व राम समुझ आदि ने शिकायत की थी कि गाटा संख्या 104 व 105 पर स्थित ग्राम सभा के चकमार्ग पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। शिकायत की जांच के बाद राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2023 में तत्कालीन तहसीलदार ने धारा 67 राजस्व संहिता के तहत मेवालाल, शिवधन और रामकेवल पर बेदखली के आदेश के साथ-साथ क्षतिपूर्ति व निष्पादन व्यय का जुर्माना भी लगाया था। इसके बावजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने आदेश पर कोई अमल नहीं किया। उल्टा 29 मई 2025 को तहसीलदार करनैलगंज की ओर से उसी आदेश पर स्थगन आदेश पारित कर दिया गया। सवाल यह उठ रहा है कि यह स्थगन आदेश किसने और किन परिस्थितियों में दिया, इस पर तहसील के कर्मचारी चुप्पी साधे हुए हैं। तहसीलदार न्यायिक मनीष कुमार ने बताया कि उन्होंने अभी हाल ही में कार्यभार संभाला है। किस तहसीलदार ने किस आधार पर आदेश स्थगित किया, यह पत्रावली देखने के बाद ही स्पष्ट होगा। उन्होंने कहा कि यह सरकारी मुकदमे से संबंधित मामला है, जिसमें स्थगन का औचित्य प्रतीत नहीं होता। उपजिलाधिकारी यशवंत राव ने बताया कि बीते तीन माह में तीन तहसीलदार बदल चुके हैं। मामले की जांच करवाई जा रही है कि आदेश बाज दायर पर हुआ या बिना पक्षों को सुने ही निर्णय दिया गया। तहसीलदार न्यायिक को जांच सौंपी गई है।

**मामले में न्यायिक प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल**

**आयोजन** आज आयोजित होगा लाइव स्पाइन सर्जरी कान्क्लेव

# स्पाइन कॉन्क्लेव में डॉक्टर लाइव करेंगे रीढ़ की हड्डी की सर्जरी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** बलरामपुर आर्थोपैडिक एसोसिएशन की तरफ से 'बलरामपुर स्पाइन कान्क्लेव' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले डाक्टर अपनी सर्जरी का प्रदर्शन करेंगे। इस कान्क्लेव में दो लाइव सर्जरी होनी है। इसे लेकर शुक्रवर को एक प्रतिष्ठान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कान्क्लेव के उद्देश्य व लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. एके भट्ट ने कहा कि भावी स्पाइन सर्जनों को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए पहला बलरामपुर स्पाइन कान्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। 29 जून को बहराइच मार्ग पर एक होटल में कान्क्लेव आयोजित होगा, जो आने वाले आर्थोपेडिक सर्जनों के लिए स्पाइन केयर में शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य स्पाइनल सर्जरी में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, ज्ञान-साझाकरण और सहयोग के माध्यम से बेहतर रोगी देखभाल प्रदान करना है। सह अध्यक्ष डा. अशोक सिंह ने कहा कि एकेडमिक लेक्चर और व्यावहारिक शिक्षा के उच्चतम मानक को सुनिश्चित करने के लिए कान्क्लेव में पूरे भारत से प्रतिष्ठित स्पाइन सर्जन भाग लेंगे। यह स्पाइन सर्जनों की अगली पीढ़ी को विकसित करने का एक आंदोलन है। लाइव सर्जरी का प्रदर्शन जेड एस ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी केयर में किया जाएगा। डा. आसिफ हुसैन ने कहा कि अग्रणी विशेषज्ञों और उत्साही युवा पेशेवरों को एक साथ लाकर, हमारा लक्ष्य अकादमिक शिक्षा और नैदानिक उत्कृष्टता के बीच की खाई को पाटना है। इसमें आर्थोपेडिक प्रशिक्षुओं, अभ्यासरत शल्य चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिलेगी, जिससे रीढ़ की सर्जरी के क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा और सहयोगात्मक विकास के लिए एक नया मानक स्थापित होगा।




कॉन्क्लेव की जानकारी देते बलरामपुर ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के पदाधिकारी।

बताया कि बलरामपुर कान्क्लेव में मुंबई की स्पाइन सर्जर डा. शिबली सिद्दीकी, डा. नंदन मराठे, डा. विकास जैन, लखनऊ के डा. संदीप कुमार केसरवानी, गोंडा के डा. विवेक स्वर्णकार समेत देश भर से लगभग 100 सर्जन प्रतिभाग करेंगे। वैज्ञानिक समिति के डा. ज्ञान प्रकाश तिवारी, डा. अभिषेक यादव, आयोजन एवं व्यापार समिति के डा. पंकज वर्मा, डा. उमेश कुशवाहा एवं डा. तारिक खान भी शामिल होंगे।

## सार-संक्षेप

### जातीय उत्पीड़न के विरोध में सपा ने जताया आक्रोश



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी की बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी इकाई द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन प्रेषित कर देशभर में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और समाजवादी विचारधारा से जुड़े लोगों पर हो रहे उत्पीड़न और हमलों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में इटावा में कथावाचक संत सिंह यादव, मुकुट मणि यादव और श्याम सिंह कठेरिया के साथ हुए बर्बर, अमानवीय और जातीय आधार पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई। इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर फैलाया गया जिससे न सिर्फ पीड़ितों की बल्कि पूरे समतामूलक समाज की गरिमा को ठेस पहुंची है। ज्ञापन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय और लाल बिहारी यादव के काफिले पर हुए हमले का भी उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह लोकतंत्र पर हमला है। पीड़ित कथावाचकों को मानहानि व उत्पीड़न के लिए प्रत्येक को दस लाख रुपये की क्षतिपूर्ति दी जाए। दोषियों को कठोर दंड दिलाकर समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया जाए।इसके अलावा तुलसीपुर तहसील में दलित समाज के अनिल कुमार गौतम और नरसिंह सोनकर की जमानत में अड़चन डालने वाले जातिवादी मानसिकता के दबंगों पर भी कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर डा भानू तिवारी, परशुराम वर्मा, ओंकार नाथ पटेल, गणेश प्रसाद यादव, विनय कुमार वर्मा, परवेज उमर, अरविंद कुमार यादव, राहुल यादव, डॉ. प्रेम यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आइसक्रीम फैक्ट्री में गैस रिसाव से लगी आग

**कटरा बाजार, गोंडा :** शुक्रवार को दोपहर में पीपल चौराहा स्थित शिवानी आइसक्रीम फैक्ट्री में गैस रिसाव से लगी भीषण आग से फैक्ट्री का सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि किसी को कोई भी जनहानि नही हुई है। आस पास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। आग केवल फैक्ट्री के अंदर ही रह गयी। आग बाहर आ जाती तो बगल में ही अन्नपूर्णा इण्डेन गैस की एजेंसी व गोदाम है और हादसा हो जाता। फैक्ट्री के संचालक अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि फैक्ट्री में जिस वक्त हादसा हुआ पांच लोग काम कर रहे थे। सभी लोग सुरक्षित हैं। लाखों रुपये का कच्चा माल व सभी फ्रीजर व कुछ तैयार माल जल कर राख हो गया है। उन्होंने बताया कि आग गैस सिलेंडर के पाइप फटने से लगी है। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपने आगोश में ले लिया। राजस्व निरीक्षक राम संवारे ने बताया कि आग की सूचना मिली है। क्षतिपूर्ति का आकलन किया जा रहा है।

### केवाईसी को लेकर बाल विकास परियोजना सक्रिय

**तुलसीपुर, बलरामपुर।** बाल विकास परियोजना तुलसीपुर के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अजय तिवारी द्वारा क्षेत्र की आंगनबाड़ियों के साथ मिलकर लाभार्थियों को केवाईसी प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान उन्होंने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और उन्हें केवाईसी की अनिवार्यता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अजय तिवारी ने बताया कि अब बिना केवाईसी के लाभार्थियों को पोषाहार वितरण संभव नहीं होगा। ऐसे में सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपने आधार कार्ड की फोटो और मोबाइल नंबर सहित सभी डाटा सही करवा लें जिससे पोषाहार वितरण में कोई रुकावट न आए। उनके साथ स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं भी मौजूद रहीं।

### किसानों को दी गई सुगंधित धान के खेती की जानकारी

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा में सुगंधित धान उत्पादन पर रोजगारपरक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बलरामपुर जिले के विभिन्न विकासखंड से आए 25 किसानों ने भाग लिया। केंद्र के प्रभारी अधिकारी इंजीनियर अशोक कुमार पांडे ने बताया कि सुगंधित धान उत्पादन से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सियाराम ने सुगंधित धान उत्पादन की तकनीक, प्रजातियों की उपज और क्षमता, पोषक तत्व प्रबंधन और खरपतवार प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ जगबीर सिंह ने मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ और जीवांश बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया। मत्स्य वैज्ञानिक डॉ प्रमोद कुमार ने सिंचाई और जल प्रबंधन के महत्व को समझाया और बताया कि धान के साथ मछली उत्पादन से अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है। फसल सुरक्षा वैज्ञानिक गिरिजेश कुमार जायसवाल ने धान में लगने वाले कीटों और बीमारियों के नियंत्रण के लिए प्राकृतिक विधियों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंगद प्रजापति, अब्दुल मन्नान, गोविंद प्रसाद चौधरी और संजय सिंह समेत कई किसान उपस्थित थे।

### अपात्र का बना दिया राशन कार्ड, शिकायत दर्ज

**गोंडा :** राशन कार्ड के लिए पात्र आदमी भटक रहा है ,जबकि अपात्रों का राशन कार्ड बन जा रहा है। मामला नगर क्षेत्र के बड़गांव मोहल्ले का है। मोहल्ले के रहने वाले सुरेश और से जिला पूर्ति कार्यालय में की गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पूर्ति विभाग में ऑपरेटर राशन कार्ड बनाने में खेल कर रहे हैं। राशन कार्ड के लिए पात्र व्यक्ति सारी औपचारिकता पूरी कर दौड़ लगा रहा है, वही अपात्र व्यक्ति हिसाब किताब लगाकर राशन कार्ड जारी करवा ले रहा है। शिकायत में कहा गया है कि बड़गांव मोहल्ला में अनीता देवी के नाम से एक राशन कार्ड जारी है जो अपात्र के श्रेणी में आता है गलत है। जिस व्यक्ति को राशन कार्ड जारी किया क्या है उसके पास तीन मंजिला पक्का मकान है मोटरसाइकिल है चक्की स्पेलर तथा ब्याज पर पैसा देने का का भी काम करता है।आरोप है विभागीय कर्मचारियों से मिलीभगत कर पहले तो इस व्यक्ति ने अपना राशन कार्ड बनवाया। उसके बाद एक ऑपरेटर से मिलकर अपने ही राशन कार्ड में तीन बाहरी व्यक्तियों का नाम जुडा लिया है और राशन भी उठा रहा है। शिकायत पत्र में दावा किया गया है कि पहले 5 यूनिट का राशन कार्ड था। उसके बाद सुषमा देवी अदिति कार्तिकेय तीन नाम जोड़े गए हैं जो इसके परिवार के नहीं है। शिकायतकर्ता ने खिलाया अधिकारी से पूरे मामले की जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल शिकायत जिस प्रकार की गई है यदि आरोप सही पाए गए तो यह गंभीर विषय हो सकता है पूरे पूर्ति विभाग की कार्यशैली पर उंगली उठ रही है। जहां एक और प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में राशन कार्ड के लिए लोग आवेदन करने के बाद कार्यालय का चक्कर कर रहे हैं , वहीं कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से अपात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड जारी हो जाना लापरवाही को दर्शाता है। फिलहाल पूर्ति विभाग जांच के बाद कार्रवाई किए जाने का दावा कर रहा है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि किसी व्यक्ति के राशन कार्ड में दूसरे परिवार का जुड़ जाना संभव नहीं है। फिर भी ऐसा है तो गंभीर विषय है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि जांच में आप शक्ति पाया जाता है तो यह भी तय किया जाएगा कि कर्मचारियों की मिलीभगत से ऐसा हुआ है ,दोषी कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### किसानों की पंचायत आयोजित करेगा भाकियू

**रुपईडीह, गोंडा।** भारतीय किसान यूनियन की शाखा ब्लॉक के तत्वावधान में आगामी 30 जून को इमिलिया छीटू गाँव में किसान पंचायत आयोजित की जाएगी। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुखदेव शुक्ल ने बताया कि इस चौपाल में संगठन के जिलाध्यक्ष शिवराम उपाध्याय की अगुवाई में क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा जानवरों से निजात पाए जाने के लिए उन्हें गो आश्रय केंद्र में संरक्षित किए जाने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि चौपाल के लिए निर्धारित तिथि से खंड विकास अधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

### दो सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर राज्य स्तर से आई दो सदस्यों की टीम ने ब्लॉक की ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल का भ्रमण किया। यहां पर टीम द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित टेंट अवस्थी हाउस महिला स्वयं सहायता समूह वह लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों के बारे में जानकारी हासिल की। एडीओ एसटी रोशन लाल व ब्लॉक मिशन प्रबंधक कपिल देव पांडेय भी उपस्थित रहे।

### लेखपाल पर जमीन कब्जा कराने का आरोप

**इटियाथोक, गोंडा।** ग्राम सेखुई के सुनील, गुड्डू मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, रामशंकर मिश्रा, शिवनारायण आदि ने मंडलायुक्त को पत्र देकर लेखपाल पर सरकारी जमीन पर कब्जा करवाने और धमकाने का आरोप लगाया है। पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र के लेखपाल सूर्य नारायण मिश्र एक भूमाफिया हैं। लेखपाल ने ग्राम सभा की सरकारी भूमि, खलिहान नवीन परती तालाब चारागाह चकरोड को भू माफियाओं के हवाले कर दिया है। शिकायत करने पर हल्का लेखपाल प्रताड़ित कर रहे हैं। इसके अलावा चालीस मीटर खड़ंजे रास्ते को खुदवा दिया गया है। जिससे आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई है। शिकायतकर्ताओं ने आयुक्त से लेखपाल की हाल में खरीदी गई संपत्ति की जांच कराए जाने की मांग की है।

### मारपीट, मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज के ग्राम पंचायत भगोहर निवासी अमरेश गोस्वामी ने मंगलवार शाम को बकाया पैसा मागने के विवाद को लेकर पुत्र गिरीश गोस्वामी ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मुक्का थप्पड़ व डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### फर्जीवाड़ा करने के मामले में एफआईआर का आदेश

**गोंडा, अमृत विचार :** न्यायालय ने एक फर्जीवाड़े के मामले में नगर कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। बाबूराम तिवारी निवासी बहलोलपुर ने अवधेश गुप्ता के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर किया था कि राज्य सरकार बनाम दीनानाथ के मुकदमे में शपथ पत्र दाखिल किया गया था, लेकिन वह लुटई और सूरज लाल ने नहीं लगाया था, बल्कि अवधेश गुप्ता ने लगाया जो प्रश्नोत्तरी के द्वारा सिद्ध भी हुआ। बाबूराम तिवारी ने फर्जी शपथ पत्र के जांच की शिकायत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दी, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर न्यायालय में शरण लिया। न्यायालय ने नगर कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और दोषी पर कानूनी कार्रवाई किए जाने का आदेश दिया है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बच्चे का हाथ पैर टूटा

**करनैलगंज :** तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर एक छह वर्षीय मासूम का हाथ पैर टूट गया। बच्चे की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के गाड़ी बाजार मोहल्ले का है। बुधवार को दोपहर करीब 11 बजे साधना देवी का छह वर्षीय बेटा कान्हा घर के बाहर निकला ही था कि अचानक एक तेज़ रफ्तार बाइक सवार राइडर लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए वहां से गुज़रा और कान्हा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मासूम कान्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार अपने ही वाहन से घायल को एक निजी अस्पताल ले गया जहां परिजन घायल बच्चे को अस्पताल के अंदर लेकर जा ही रहे थे तभी बाइक सवार युवक वहां से फरार हो गया। पीड़िता साधना ने थाने में तहरीर देकर आरोपी बाइक सवार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकाल कर बाइक सवार का पता लगाया जाएगा। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रांसफार्मर में खराबी, विद्युत व्यवस्था चरमराई

**करनैलगंज, अमृत विचार :** सीएचसी करनैलगंज की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पहले हाई वोल्टेज ट्रांसफार्मर के कारण अस्पताल के तमाम कीमती उपकरण जल गए। विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाया गया लेकिन वह भी कुछ ही देर में खराब हो गया। आखिरकार रात 11 बजे आपातकालीन ट्रांसफार्मर लगाकर किसी तरह बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी।




रात में सीएचसी पर लगाया गया आपातकालीन ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

अधीक्षक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि पुराना ट्रांसफार्मर अत्यधिक वोल्टेज दे रहा था, जिससे पैथोलॉजी की फ्रिज, वार्ड के 10 पंखे, 18 ट्यूब लाइट, 4 स्टेबलाइजर, दो एसी, तीन प्रिंटर और डीवीआर जलकर खराब हो गए। बिजली विभाग को तत्काल पत्र भेजकर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की गई। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन कुछ ही देर में वह भी फुंक गया। इसके बाद अस्पताल की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई और रात 11 बजे तक बैटरी व इन्वर्टर के सहारे काम चलाया गया। दवाओं को खराब होने से बचाने और आपात चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात में ही एक आपातकालीन ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिसे रात 11 बजे लगाया गया।

## जिला कारागार में ओपन जिम का उद्घाटन

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश जफीर अहमद, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन, प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंडल कारागार गोंडा का संयुक्त निरीक्षण किया।

जनपदीय अधिकारियों द्वारा समस्त बंदियों से कारागार में मिलने वाली सुविधाओं -भोजन, उपचार, मुलाकात तथा पी.सी.ओ.पर वार्ता, न्यायालयों में पेशी, बंन्दियों की अपील, ईमेल के माध्यम से प्राप्त रिहाई आदेश आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा कारागार की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जनपदीय अधिकारीगण द्वारा कारागार में नवस्थापित ओपन जिम का भी उद्घाटन किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक अपूर्व व्रत पाठक व प्रभारी जेलर सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



जिला कारागार में ओपन जिम का उद्घाटन करते जिला जज एवं डीएम। अमृत विचार

# सुबह बदली, दोपहर बाद तेज धूप

### बारिश न होने से किसानों में मची त्राहि-त्राहि, मौसम विभाग की भविष्यवाणी फेल

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** आषाण का आधे से अधिक माह बीत गया। मौसम विभाग की भविष्यवाणी केवल पहाड़ों तक सीमित रह गई है, मैदानी भाग में बारिश की बूंद भी नहीं टपकी। जून माह बिना बारिश के निकल रहा है। खरीफ की फसल पिछड़ने लगी है। 50 प्रतिशत से अधिक किसान धान का बेड़न तक नहीं डाल पाए। जिन्होंने बेड़न लगाए अब वे सूख रहे हैं। यदि एक सप्ताह में बारिश नहीं हुई खरीफ की फसल पर बहुत बड़ा असर पड़ना तय है।



सूखे पड़े खेत। अमृत विचार

पिछले साल बारिश कम हुई थी, लोगों को उम्मीद थी कि इस साल बारिश औसत होगी। मैदानी भागों में 15 जून से बारिश शुरू होने का अनुमान लगाया जाता है। मैदानी भागों में बारिश ने जैसे मुंह मोड़ लिया है। जानकार किसानों का कहना है कि बादल तो उमड़ घुमड़ रहे हैं और जब पहाड़ों से पानी लेकर मैदान की ओर चलते हैं तो उनमें गर्भपात हो जाता है। अर्थात बादल फटकर पानी पहाड़ों पर गिर जाता है इसलिए पानी मैदानी भागों तक ही नहीं पहुंचते हैं। 21-22 जून से आषाढ़ मास के दूसरे चरण में वर्षा का नक्षत्र आर्द्रा शुरू हो गया है। पहला नक्षत्र जलचर माना जाता है। आधा समय बीत गया लेकिन बारिश नहीं हुई। प्रतिदिन सुबह बादलों की आवाजाही शुरू होती है और पूर्वा हवा चलने लगती है। कुछ देर में हवा बादलों को बहा ले जाती है और बारिश का संकेत धूमिल हो जाता है। मान्यता है कि जब पूर्वा व उत्तरा हवाएं एक साथ चलती हैं तो बारिश की संभावना होती है लेकिन इस बार उत्तर दिशा की हवाएं शांत दिख रही हैं।

▸▸ **50 प्रतिशत किसान नहीं डाल सके बेरन**

किसानों की खरीफ की खेती का समय 6 जून से 15 जुलाई के बीच सही समय माना जाता है। जून माह के पहले मध्य भाग में किसान धान का बेड़न डालते हैं और जुलाई के पहले सप्ताह में उसकी रोपाई करते हैं। इसमें बारिश की बहुत जरूरत होती है। इसी बीच मक्का, उड़द, तिल, अरहर सहित अन्य फसलों की बुवाई होती है। लेकिन इस बार आधे किसान धान का बेड़न तक नहीं लगा सके। मक्का सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई तो बहुत दूर की बात है। 15 जून के पहले हलकी बारिश हुई थी जिससे किसानों ने अपने खेतों को तैयार कर लिया और अब वे बारिश का इंतजार कर रहे हैं। यदि एक सप्ताह तक बारिश नहीं हुई तो खरीफ की फसल पिछड़ जाएगी और उसका उत्पादन भी गिर जाएगा। गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या और बस्ती जैसे जिलों में बारिश पर ही 70 प्रतिशत किसान टिके हैं। ऐसा भी नहीं है कि सिंचाई के साधन नहीं हैं लेकिन डीजल की महंगाई से किसान खेती से भाग रहे हैं।

## बाइक गड्ढे में गिरने से युवक की मौत

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम भट्ठपुरवा के दियुली निवासी विपुल (29) पुत्र गंगू की गुरुवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, विपुल अपनी बाइक से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में परसपुर क्षेत्र के ग्राम टेंगनहा के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। विपुल के साथ एक बालक भी सवार था।

हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल विपुल को करनैलगंज सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही यह दुखद खबर गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने सड़क की खस्ताहाल स्थिति को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है।

## सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर अवैध निर्माण

**मुकदमा दर्ज**

▸▸ **तहसीलदार कोर्ट में विचाराधीन है वाद**

**गोंडा, अमृत विचार :** तहसील करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पूरे बदल तिवारी पुरवा गांव में सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर कौड़िया थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि ग्राम सभा की गाटा संख्या 438, रकबा 0.178 हेक्टेयर जो कि सार्वजनिक रास्ता दर्ज है, उस पर पूर्व से कब्जाधारी राम चंदर तिवारी पुत्र मुन्ना प्रसाद द्वारा एक बार फिर दबंगई दिखाते हुए पक्का चबूतरा निर्माण कर दिया गया। भूमि पर पहले से अवैध निर्माण होने के चलते तहसीलदार न्यायालय में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 (1) के अंतर्गत बेदखली वाद विचाराधीन है। बावजूद इसके राम चंदर तिवारी ने बीते 10 जून 2025 को पुनः विवादित भूमि के एक हिस्से पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। क्षेत्रीय लेखपाल विमलेश कुमार सिंह द्वारा थाना कौड़िया में तहरीर देकर अवैध निर्माण की शिकायत की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

## ग्रामीण की संदिग्ध हालात में मौत

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार।** खरगूपुर थाना क्षेत्र के नौवागांव निवासी राम भुलावन मिश्र 56 की रात में भुड़कुड़ी गांव में अपनी बहन के यहां मृत्यु होने हो गई। उनके भतीजे हरीराम मिश्र ने खरगूपुर थाने में सूचना देकर शव परीक्षण की मांग की। बताया जाता है कि मृतक राम भुलावन मिश्र अकेले रहते थे। कस्बा आर्यनगर में इधर-उधर घूमते रहते और जहां भोजन मिल जाता वहीं खाकर अपना गुजारा करते थे। कुछ दिनों से गांव के निकट ही भुड़कुड़ी गांव में अपने बहनोई रामानंद तिवारी के यहां रहते थे। बृहस्पतिवार की देर रात राम भुलावन की तबीयत खराब हो गई। उनका भांजा चिकित्सालय ले गया जहां पर उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि भतीजे हरीराम मिश्र की सूचना पर लाश को अन्त्य परीक्षण के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गांव के स्कूलों के विलय के खिलाफ शिक्षक लामबंद

▸▸ **सभी बीआरसी केंद्रों पर विरोध प्रदर्शन**

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचारः** प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही "स्कूल पेयरिंग" और "विद्यालय मर्जर" नीति के खिलाफ शिक्षकों में उबाल है। शिक्षा जगत से जुड़े प्रमुख संगठनों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया है और इसे शिक्षा को खत्म करने का कुत्सित प्रयास बताया।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ बेलसर, यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन बेलसर, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बेलसर, शिक्षामित्र संगठन बेलसर आदि संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त रूप से ब्लाक संसाधन केन्द्र पर खण्ड शिक्षा अधिकारी आर के सिंह तथा क्षेत्र पंचायत बेलसर के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह 'गुड्डू सिंह' को राज्य सरकार को संबोधित विरोध ज्ञापन सौंपा।

शिक्षकों ने कहा कि गांव का स्कूल सिर्फ शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक जागरूकता और सामुदायिक विकास का आधार है। इसे बंद करना संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के अधिकार से बच्चों को वंचित करना है। उन्होंने इस नीति को दीर्घकालिक विनाशकारी बताया। कहा कि इससे न सिर्फ बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित होगी, बल्कि ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति विश्वास भी टूटेगा। शिक्षकों ने मांग की कि किसी भी स्कूल को कम नामांकन के आधार पर बंद न किया जाए। बजाय विलय के, स्कूलों को संसाधन, शिक्षक और तकनीकी सहायता दी जाए। शिक्षा नीति का उद्देश्य हर गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी हो। गांव के स्कूल से सिर्फ किताबें नहीं, संस्कार भी निकलते हैं। समस्त संगठनों ने मिलकर यह स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा को बचाने का संकल्प है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री उमाशंकर सिंह, यूटा जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, जिला संयुक्त मंत्री अमित पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव शंकर उपाध्याय, उपाध्यक्ष विनय सिंह, धर्मवीर, राजन सिंह, रामेश्वरम शुक्ल, भोला नाथ यादव, अजय वर्मा, बंशीधर उपाध्याय, आनन्द कुमार, सीमा सिंह, सचल प्रकाश, दीपक उपाध्याय, सन्त बक्श सिंह, अजय शुक्ला, संदीप सिंह, दुर्गेश मिश्र, राकेश वर्मा, राम चरन, अखिलेश्वर सिंह, अनिल तोमर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



प्रदर्शन कर बीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी। अमृत विचार

### गांव में शिक्षक व अभिभावक भी नाराज, किया प्रदर्शन

**मनकापुर।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर संचालित सरकारी विद्यालयों के मर्जर के विरोध में शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पाण्डेयपुर में अभिभावकों और ग्रामवासियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व ग्राम प्रधान दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर मर्जर नीति को वापस लेने की मांग की।

**अव्यवस्था** | सौंदर्यीकरण के नाम पर खपाए जा रहे साढ़े तीन करोड़

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा करनैलगंज ब्लॉक परिसर

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** बारिश का मौसम शुरू होते ही करनैलगंज ब्लॉक परिसर एक बार फिर जलभराव से परेशान रहेगा। करोड़ों की लागत से कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य की धीमी रफ्तार, मानक विहीन निर्माण और लापरवाही से ब्लॉक कर्मियों के साथ यहां आने वाले आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये के बजट से ब्लॉक कार्यालय, आवास, सभागार और जल निकासी जैसी व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण की योजना बनाई गई थी। योजना के तहत जर्जर भवनों की मरम्मत, टूटी फर्श व छत, दीवारों के प्लास्टर, बिजली के लटकते तारों की मरम्मत एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था प्रस्तावित थी। साथ ही जिला पंचायत सभागार की तर्ज पर नया ब्लॉक सभागार बनाने की भी घोषणा हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्य सिर्फ कागजों में ही गुणवत्तापूर्ण नजर आ रहा है। ब्लॉक परिसर की मरम्मत में पुराने पीले ईंटों से ही चहारदीवारी बनाकर सिर्फ रंग-रोगन कर दिया गया है। भवनों में मानक विहीन मसाले से ही प्लास्टर किया गया, जिससे अगले ही बारिश में फिर से स्थिति जस की तस हो जाएगी। कार्यालयों और आवासीय भवनों में महज खानापूर्ति कर कार्य किया जा रहा है।



ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन भवन। अमृत विचार

### जनता और कर्मचारी दोनों परेशान

हर साल की तरह इस बार भी मानसून में परिसर जलमग्न होगा और जनता को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ब्लॉक कर्मचारी भी गंदे पानी और सीलन भरी दीवारों के बीच कार्य करने को मजबूर हैं।

### बयान में दावा, धरातल पर सच्चाई अलग

इस बारे में करनैलगंज बीडीओ जेएन राव का कहना है कि कार्यालय, आवास व सभागार का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इसके सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी जेई ही दे सकते हैं। बहरहाल कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खा रही। परिसर में जल निकासी की ठोस व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है।

## सार-संक्षेप

### कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से लाल नेपियर चारे का प्रदर्शन



विधायक प्रेम नरायन पांडेय को नेपियर घास की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

**गोंडा, अमृत विचार :** दीनदयाल शोध संस्थान लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोपाल ग्राम के तत्वावधान में तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजन किया गया। विधायक प्रेम नारायण पांडे की उपस्थिति में लाल नेपियर घास का प्रदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत चारा उत्पादन के विषय में जागरूक करना था। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक मिश्रा ने किसानों को लाल नेपियर की खेती से संबंधित सभी तकनीकी जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि लाल नेपियर एक उच्च प्रोटीन युक्त, तेजी से बढ़ने वाला और बार-बार कटाई योग्य चारा है, जो विशेष रूप से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अत्यंत उपयोगी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान, महिला किसान, तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बनी रणनीति

**रुपईडीह, गोंडा :** शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में सचिव व पंचायत सहायकों के साथ संचारी रोग नियंत्रण के विषय में जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत गिरजेश पटेल ने बताया कि यह अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। इसी बीच में 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें आशा बहू तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को संचारी रोग दिमागी बुखार, डायरिया के अलावा गंदगी से होने वाले रोगों के बारे में की जानकारी देंगी। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत वार सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिससे गांव में सड़क नाली के साथ विभिन्न सरकारी भवन में साफ-सफाई कराया जाएगा। यूनीसेफ के ब्लॉक समन्वयक श्याम सिंह, स्वास्थ्य विभाग के बृजेन्द्र मिश्र, पंचायत सचिव प्रशून राज श्रीवास्तव, अजीत कुमार, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार सहित पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दस बेहतर आंगनबाड़ी केंद्रों को ब्लॉक प्रमुख ने दिए किट



खिलौना किट वितरित करते ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह।

**बेलसर, गोंडा :** बेहतर केंद्र संचालित करने वाले दस केंद्रों को ब्लॉक प्रमुख ने खिलौना किट वितरित किया। शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने बेहतर ढंग से संचालित होने वाले दस आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ताओं को खिलौना किट वितरित। सीडीपीओ कार्यालय पर तैनात सुपरवाइजर सुनीता सिंह ने बताया कि बेलसर विकासखंड में कुल 185 केंद्र संचालित हो रहे हैं। जिले से आदर्श केंद्रों की सूचना मांगी गई थी, जिसके क्रम में तेरह आंगनबाड़ी केंद्रों की सूचना भेजी गई थी, लेकिन तीन केंद्र नगर पंचायत में शामिल हो जाने के कारण वे सूची से बाहर हो गए हैं। दस केंद्र को खिलौना किट ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह ने वितरित किया। बदलेपुर, बड़नापुर प्रथम, द्वितीय, उमरी, धनई पट्टी, हर्षापुर प्रथम, माधवपुर प्रथम, डिकसिर, बरौली, पकड़ी को किट मिला है। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी रवि प्रकाश मिश्र, संतोष मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### न्यायालय ने खत्म किया अधिवक्ता पर दर्ज मुकदमा



बार सभागार में हर्ष व्यक्त करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम न्यायालय आन्दोलन के दौरान नगर कोतवाल से हुई झड़प मामले में अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे को शासन के अनुमोदन पर वापस ले लिया गया है। 15 सितम्बर 2021 को ग्राम न्यायालय के विरोध प्रदर्शन के दौरान लखनऊ रोड पर कुछ अराजक तत्वों द्वारा बवाल किया गया, जिसमें नगर कोतवाल आलोक राव ने रमेश चौबे उर्फ राजू व अन्य अधिवक्ताओं के खिलाफ एससी एसटी एक्ट व मारपीट का केस दर्ज कराया था। जिसको विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट सूर्य प्रकाश सिंह ने बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुये अभियोग की कार्यवाही को समाप्त कर दिया है। जिससे गोंडा के अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी व महामंत्री संजय सिंह ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि जो हड़ताल शुक्रवार को चार सालों से चली आ रही है, उसे अब वापस लिया जाता है। अब शुक्रवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य करेंगे।

### जर्जर सड़क निर्माण न होने से आप का धरना जारी

**गोंडा :** जिले में जर्जर सड़कों की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बीते तीन दिनों से अनशन पर हैं। प्रत्येक दिन एक जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर धरना कर रहे हैं। शुक्रवार को कचहरी क्रासिंग से केशवपुर पहड़वा गांव मोड़ तक अति जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर धरना दिया और ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र अज्जू ने कहा कि गोण्डा-कचहरी रेलवे क्रासिंग से गूंढे बाबा चौराहा तक लगभग 01 किमी तक के मार्ग के लिए लगभग दो-ढाई वर्षों से आम आदमी पार्टी ने 05 बार ज्ञापन दिया। लेकिन अधिकारी कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। अजय कुमार मिश्र 'अज्जू पंडित' ने कहा कि आज दो ढाई वर्ष बीत गए लेकिन प्रशासन व जिम्मेदारों ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा है। जिसके तहत हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन में है। भारतीय दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

गौरतलब है कि दोनों देश एक बड़े व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें भारत के लिए अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच की उम्मीद है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल-विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। 2030 तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए अगले पांच साल में 250 से 270 अरब डॉलर के अतिरिक्त व्यापार की आवश्यकता होगी। अगर दोनों देशों को ये लक्ष्य पाना है तो विशिष्ट क्षेत्रों के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार करनी होगी। दोनों देशों को एक दूसरे की चिंताओं को दूर करने और एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# अग्निशमन हेतु स्पेस टेक्नोलॉजीज का व्यावसायीकरण जरूरी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली के रिठाला गांव में एक तंग गली के चार मंजिला मकान में प्लास्टिक प्रोसेसिंग फैक्ट्री में गत बुधवार शाम भयानक आग धधकने से चार लोग ज़िंदा जल गए। इस घर में फायर सेफ्टी के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। हिंदुस्तान में गैर वाजिब तरीके से लाखों कार्य-स्थलों पर इंडस्ट्रियल वर्क्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हैं जिन्हें अनाधिकारिक तरीके से स्थापित किया और चालू रखा जाता है। म्युनिसिपल कमेटियों और कारपोरेशन के अधीन काम करने वाले अग्निशमन विभाग किसी रिहायशी या इंडस्ट्रियल एरिया में एक्सपर्ट्स को भेजकर सर्वेक्षण रिपोर्ट्स कभी तैयार नहीं करवातीं। कैसे करें? स्टाफ और इक्विपमेंट ही पूरा नहीं है।

बरसों पहले नयी दिल्ली में कनाट प्लेस के निकट बाराखंबा मार्ग पर एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग को मैंने खुद देखा था। कुछेक लोग आग की तीव्रता से बचने के लिए खिड़कियों में खड़े हो गए थे और बचाव के लिए हड़बड़ी में आठवीं मंजिल से नीचे कूद गए या संलग्न भवन की दूसरी खिड़की पर पाइप लगाकर बन्दर की तरह उसे पकड़ कर दूसरी ओर जाने के प्रयास में हाथ छूटने से नीचे गिर कर मर गए थे। दिल्ली का कनाट प्लेस स्थित फायर स्टेशन हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने पर बचाव कार्य के लिए मैनपावर और तकनीकी तौर से क्षमतावान है, लेकिन गुड़गांव की सैंकड़ों की संख्या में बनाई गई बहुमंजिला इमारतें ज्यादातर मामलों को लेकर असुरक्षित है। भारत के अन्य महानगरों को छोड़िए, नोएडा व मयूर विहारजैसे उभरे इलाकों में भी 10-12 मंजिल ऊंची इमारतों में आग लगने के बाद स्थानीय म्युनिसिपल कारपोरेशन बचाव के लिए उन्नत और सक्षम टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट के मामले में ज्यादातर कमज़ोर है।

हम अभी तक फायर रिटार्डेंट्स और फ्लेम एक्स्टिंग्विशर के लिए परंपरागत तरीके ही इस्तेमाल करते हैं हालांकि मेट्रो कोच और वायुयानों में अंदरूनी पेंट करने से पहले इसमें अग्निशामक रेजिन मिलाया जाता है। कुछ भवनों में अंदरूनी वाल फिटिंग्स और फर्नीचर पेंट के लिए भी इसका इस्तेमाल अब हो रहा है। लेकिन बड़ी आग को बुझाने के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की सिफारिशों के अनुसार ही रसायन युक्त घोल का इस्तेमाल करना उचित है।

> एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है।

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अग्निशमन कारकों के मानक ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की साईट पर उपलब्ध हैं। लेकिन कोई तब भी नहीं देखता कि जिस भवन में वह रहता है वहां कैसे आग्नेय पदार्थ हैं और आग लगने पर इनके शमन के लिए उचित प्रकार का मानक अग्निशामक उपलब्ध है या नहीं।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 14 दिन बिताने और कुछ तजुर्बे करने के लिए भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला ने फाल्कन राकेट में लगे एक्सिओम स्पेस कैप्सूल में बैठ कर गत बुधवार की आधी रात के कुछ मिनट बाद उड़ान भरी और वे आईएसएस से अपने यान को जोड़ने के बाद अंदर प्रवेश करेंगे। आईएसएस की स्थापना से पहले इसके डिजाइन में यह ध्यान रखा जाता है कि किसी भी समय, किसी कारण से या अंदरूनी इलेक्ट्रिकल सिस्टम के खराब या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाएगी तो कैसे इसे कंट्रोल करेंगे और आग से हुई क्षति के बाद किस पद्धति अर्थात स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सफाई करेंगे। अंत में बीस साल पहले उपलब्ध टेक्नोलॉजी के ज्ञान के अनुसार जितना संभव हुआ उतना उन्नत एक एनवायरनमेंट कंट्रोल एंड लाइफ सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया जो पूरी तरह से आटोमेटिक, लेकिन मैन्युअली कंट्रोल्ड भी है।

पृथ्वी के निकट की कक्षा या लो-अर्थ ऑर्बिट या एलईओ में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बीस वर्षों की निरंतर मानवीय उपस्थिति की वजह से इसमें स्थापित की गई ईसीएलएसएस अथवा स्थायी पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली में निरंतर सुधार किया गया है, जो बाहरी अंतरिक्ष के खतरनाक वातावरण में जीवित रहने के लिए आवश्यक सभी तत्वों को कवर करता है। आईएसएस में कार्बन डाइऑक्साइड से ऑक्सीजन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एयर रिवाइटलाइजेशन सिस्टम (एआरएस) की दक्षता किसी भी मिशन की अवधि के लिए एक थ्रेशहोल्ड या ऊपरी सीमा निर्धारित करती है। एआरएस द्वारा प्रदत्त समय सीमा से अधिक अवधि तक मिशन चलाने के कारण खतरे की नियति से बचना असंभव है। अंतरिक्ष यान में ऑक्सीजन की मात्रा एक निश्चित स्तर से नीचे गिर जाती है, तो चालक दल जीवित नहीं रह सकता है। खतरा केवल निगरानी उपकरण के स्वचालन या ऑटोमोटिव सिस्टम की तकनीकी खराबी या स्थायी विफलता के कारण उत्पन्न होता है। नतीजतन, एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम को प्रमाणित दक्षता के साथ डिज़ाइन किया जाता है और मिशन की योजना उसी के अनुसार बनाई जाती रही है। सही परिरक्षण प्रौद्योगिकियों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप ताप स्रोतों, ऑक्सीजन और ईंधन की उपस्थिति में, अंतरिक्ष यान या जमीन पर आग लगने का जोखिम निश्चित है, और अगर रोकथाम की अनदेखी की जाती है, तो आग लग जाएगी।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है। उक्त परिदृश्य में भारत द्वारा खुद के स्पेस स्टेशन के डिजाइन में सभी बातों का ध्यान रखा जाएगा और हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के स्पेस स्टेशन से उन्नत टेक्नोलॉजी हम इसमें लगा पाएं। स्पेस टेक्नोलॉजीज में निरंतर सुधार और उन्नत प्रणालियों के विकास से ऐसा संभव है।

अगर स्पेस स्टेशनों में आग लगने से बचने और अग्नि लगने के बाद इसके त्वरित रूप से फैलने से रोके जाने की नियंत्रण प्रणालियों का विकास संभव है तो इन्हें सिविलियन इस्तेमाल के लिए व्यावसायिक तरीके से बाज़ार में उपलब्ध करवाने की तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? इस समय मार्किट में जो भी फायर अलार्म या आग बुझाने की ऑटोमैटिक प्रणालियां उपलब्ध हैं वे खर्चीली हैं और सालभर की अवधि में कम से कम दो बार परिरक्षण या मेंटेनेंस की मांग करती हैं। इसे केवल सरकार के बड़े और महत्वपूर्ण दफ्तर, सिक्योर वॉल्ट्स, पानी के अन्दर या जमीन पर चलाने वाले और हवा में उड़ने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स या अत्यंत ऊंचे स्तर की सुरक्षा की मांग करने वाले स्थल या एन्क्लोजर्स जैसे कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों या डिफेन्स कार्रवाई के संचालन के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम्स और गलियारे हों, या फिर बहुत जोखिम वाली इंडस्ट्रीज और धनाढ्य वर्ग अथवा हाई राइज बिल्डिंग्स बनाने वाले ही इन्हें इस्तेमाल करने के लिए भारी खर्च वहन करने में सक्षम हैं। यह देख कर ताज्जुब होता है कि सोलर पॉवर लगाने के लिए सरकार बहुत सब्सिडी देती है, लेकिन जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक प्रभावी और कारगर फायर फाइटिंग सिस्टम इंस्टाल करने के लिए उन्नत तकनीकों के लिए एक पैसा भी सब्सिडी के तौर से दिए जाने की सोच मौजूद नहीं है। हमने स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी टेक्नोलॉजिकल मार्वेल्स को तो बना दिया लेकिन धरती पर जहां उन्नत टेक्नोलॉजी की करोड़ों इंडस्ट्रियल यूनिट्स में उन्नत अग्निशमन यंत्र प्रणालियों और गैजेट्स की जरूरत है, उसके बारे में नहीं सोचा। अंतरिक्ष की तरफ सर उठाकर देखने के बाद हमें पृथ्वी पर मानव सुरक्षा को भी देखने की जरूरत है।

## प्रसंगवश

# इतनी चर्चा में क्यों हैं जोहरान ममदानी

मंगलवार के दिन न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' हुई थी। प्राइमरी अमरीकी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। भारत में किसी चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनता है। अमेरिका में नहीं। वहां पार्टी के स्थानीय सदस्य मतदान कर अपने उम्मीदवार को चुनते हैं। मंगलवार को हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ज़ोहरान ममदानी विजयी रहे। यानी न्यू यॉर्क के मेयर के चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहेंगे।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

महत्वपूर्ण चुनाव है। वित्तीय वर्ष 2025 का न्यूयॉर्क सिटी का बजट 111.62 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.15 लाख करोड़ रुपये का है; तुलना के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का महाराष्ट्र का बजट 7 लाख करोड़ से कुछ अधिक का है। अमेरिकन शहरों की पुलिस भी वहां के मेयर के अधीन काम करती है, और ममदानी ने घोषणा कर रखी है कि यदि वे मेयर बने और इज़राइल के बेन्यामिन नेतन्याहू उनके कार्यकाल में न्यूयॉर्क आए तो वे नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे। वे इतने भारत विरोधी हैं कि कांग्रेस के अभिषेक मनु संघवी ने भी कहा है कि जिस दिन ममदानी भारत पर बोलते हैं उस दिन पाकिस्तान के पीआर विभाग को छुट्टी ले लेनी चाहिए। ज़ोहरान ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनके पिता महमूद ममदानी का जन्म मुंबई में हुआ था। उनकी माता विख्यात फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं, जिनका जन्म राउरकेला में हुआ था, जहां मीरा के पिता एक आईएएस अधिकारी थे। ज़ोहरान के पिता गुजराती मुसलमान हैं और माता पंजाबी हिन्दू परिवार से आती हैं। ज़ोहरान अभी न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य हैं। प्राइमरी में उनका मुकाबला एंड्रू क्वोमो के साथ था जो हाल तक न्यूयॉर्क स्टेट के गवर्नर रहे थे। क्वोमो कुछ बेआबरू होकर महफ़िल से निकले हैं। उनके ऊपर सेक्सुअल मिसकंडक्ट के अनेक आरोप लगे, कुछ स्थापित भी हुए। मजे की बात है कि न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स ने गवर्नर क्वोमो के ऊपर लगे आरोपों की पूरी जांच कराई थी। औपचारिक रूप में प्राइमरी के नतीजे शायद पहली जुलाई को घोषित हों किन्तु मंगलवार के ही दिन क्वोमो ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली थी। न्यूयॉर्क के वर्तमान मेयर एरिक एडम्स ने प्राइमरी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने अप्रैल में ही घोषणा कर दी थी कि अगला चुनाव वे बतौर एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। मंगलवार के ही दिन हुए रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में कर्टिस स्लीवा विजयी रहे। नवम्बर में हो रहे मेयर के चुनाव में तिकोनिया संघर्ष देखने को मिलेगा - रिपब्लिकन स्लीवा, डेमोक्रैट ममदानी और स्वतंत्र एरिक एडम्स। न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रैट गढ़ माना जाता है। बीसवीं सदी की शुरुआत से आज तक यानी पिछले 125 वर्षों में बस 36 वर्ष न्यूयॉर्क के मेयर रिपब्लिकन रहे हैं। दो तीन बार स्वतंत्र मेयर भी रहे हैं यानी जो किसी दल से संबद्ध नहीं थे। ममदानी फिलिस्तीनों के पक्षधर हैं और नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात करते हैं फिर भी प्राइमरी जीत गए इससे विश्लेषकों को पूरा विश्वास हो गया है कि न्यूयॉर्क में (शायद पूरे यूएसए में) यहूदी दो खेमों में बंट चुके हैं, एक इज़राएल के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और दूसरा नहीं। अमरीकी चुनावों में बहुत पैसे खर्च होते हैं। कितने डेमोक्रैट धनकुबेर ममदानी के साथ रहेंगे यह स्पष्ट नहीं है। एक डेमोक्रैट वित्तपोषक, हेज फण्ड मैनेजर, अरबपति बिल ऐकमैन स्वतंत्र उम्मीदवार एरिक एडम्स के साथ हैं। ममदानी लोकप्रिय हैं। उनका मुद्दा शहर को 'अफोर्डेबल' बनाना है। वे कहते हैं, आज कोई पांच लाख बच्चे न्यूयॉर्क में भूखे सोते हैं। वे शहर की सरकार द्वारा संचालित खाने पीने के सामान बेचने वाली दुकानों की योजना ला रहे हैं। घरों के किराए वे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं और अगले तीन वर्षों में दो लाख 'अफोर्डेबल' घर बनाना चाहते हैं। (मेयर का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।) वे पांच साल तक के बच्चों के लिए 'यूनिवर्सल चाइल्डकेयर' का प्रस्ताव ला रहे हैं और सरकारी कॉलेजों में ट्यूशन फी माफ़ करना चाहते हैं। यदि भारत से तुलना की जाए तो उनकी योजनाएं आप पार्टी की याद दिलाती है। कुछ वर्षों से एक यहूदी विरोधी नारा, "ग्लोबलाइज़ द इन्तिफ़ादा", अमेरिका में सुना जा रहा है। ममदानी भी इससे संबद्ध बताए जाते हैं और पूछने पर भी उन्होने अपने को इस नारे से विलग नहीं बताया। चुनाव महत्वपूर्ण है और तैतीस वर्ष के ममदानी के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण।

# एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

> अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

चीन में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन में भारत ने कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है। मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान दोनों को सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उलंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष में जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा।

गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

## सोशल फोरम

# शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अपनी टीम (क्रू) के साथ पहुंच गए हैं। 41 वर्षों बाद भारत को यह गौरव मिला है जब राकेश शर्मा के बाद एक और अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तिरंगा फहराया है। मगर इसरो को इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी है। 548 करोड़ उड़ान प्रायोजक एक्सिओम स्पेस को देना पड़ा है। यह एक साझा कार्यक्रम (नासा, इसरो, स्पेस एक्स, एक्जियम सम्मिलित) होने के बावजूद एक व्यावसायिक उड़ान है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

विचारणीय यह है कि इतनी भारी राशि भारत को मात्र एक अंतरिक्ष यात्री के प्रशिक्षण पर खर्च करना क्या उचित था? हमारे पड़ोसी चीन ने धेला भर किसी को नहीं दिया और अपना समानान्तर अंतरिक्ष स्टेशन टियागांग स्थापित ही नहीं किया बल्कि वहां नियमित अंतरिक्ष यात्रियों की आवाजाही होती है।

भारत भी ऐसा कर सकता था मगर हम इस क्षेत्र में अपेक्षानुसार बढ़त नहीं बना पाए। हालांकि आश्चर्यजनक रुप से हमने मंगल तक गैर मानव यात्रा अत्यल्प बजट में करके एक कीर्तिमान बना दिया। मगर समानव अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी में पिछड़ते गए। आज वैश्विक शक्तियों के लिए अंतरिक्ष मे आवागमन एक आम बात हो गई है। अमेरिका की ब्लू ओरिजिन जैसी कई निजी व्यावसायिक कंपनियों ने अंतरिक्ष में मौज मस्ती के लुभावने प्रस्ताव शुरु कर दिए हैं। अगले वर्ष भारत का गगनयान अंतरिक्ष यान उड़ने वाला है। जाहिर है शुभांशु शुक्ला को उसी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब वैश्विक प्राथमिकता केवल अंतरिक्ष भ्रमण की ही नहीं है। अमेरिका रुस और चीन मंगल और चांद तक की समानव यात्राओं की तैयारी में जुटे हैं। एलॉन मस्क एलान कर चुके हैं कि अगले कुछ वर्षों में वे मंगल पर समानव आरोहण के साथ ही बस्तियां बनाएंगे।

आज पूरे भारत में सुखानुभूति की लहर है। संवेदना और भारतीयता के आधार पर यह ठीक है मगर भारत को अपने समानव अंतरिक्ष यात्रा को अपने दम पर नियोजित करने के लिए कमर कसना होगा अन्यथा 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# असंभव प्रतीत होता है जलवायु परिवर्तन को रोक पाना



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

> उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है।

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिए स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गई थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अपरन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इस पर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनाएं ? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गए? इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### नानपारा नगर क्षेत्र से दो किशोरियां अगवा

नानपारा, बहराइच। नानपारा कोतवाली में नगर क्षेत्र से दो नाबालिग किशोरियों को कुछ लोगों ने अगवा कर लिया है। घटना 2 दिन पूर्व की है। किशोरियों की मां ने कोतवाली नानपारा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली नानपारा के नगर क्षेत्र के बंजारन टोला की निवासी जैतूना ने बताया कि उनकी बेटी नगमा और बहन अख्तरून की बेटी मौसमीन को 24-25 जून की रात चार युवक बहला-फुसलाकर ले गए। दोनों लड़कियों की उम्र क्रमश: 14 और 15 वर्ष है। अभी तक दोनों वापस घर नहीं लौटी है। जैतूना ने बताया कि आरोपी युवकों की पहचान विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के गड़रहा गांव निवासी जहूर के बेटे इरफान और समीम तथा जालिम के बेटे रमजान और उस्मान के रूप में हुई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र के मूसेपुर भदरौली निवासी मोहित पुत्र विनोद कुमार हरदी थाना क्षेत्र के गंगापुर निवासी अपने रिश्तेदार प्रवेश के घर गया था। बृहस्पतिवार की शाम को दोनों बाइक पर सवार होकर चहलारी घाट पुल पर घूमने के लिए आ रहे थे। अचानक तिलक पुरवा गांव के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मोहित कुमार की मौत हो गई। जबकि उसका रिश्तेदार प्रवेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल प्रवेश को एंबुलेंस से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजा। जबकि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नपं की बैठक में विकास कार्यों की बनी योजना

पयागपुर बहराइच : आदर्श नगर पंचायत पयागपुर के बोर्ड की सामान्य बैठक शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष बालेंद्र उर्फ बिपिन श्रीवास्तव के अध्यक्षता में नगर पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ईओ प्रमिता सिंह ने किया।बैठक में बरसात पूर्व नालियों व रास्तों की साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था सहित जेसीबी रोबोट, ट्रेक्टर ट्राली, छोटा कूड़ा गाड़ी आदि के क्रय पर चर्चा हुई। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभासदो ने अपने अपने वार्डो में हो रही समस्या को बैठक में रखा है। सभासदों ने बताया कि अभी भी साफ सफाई व्यवस्था कर्मियों की लापरवाही से बिगड़ी हुई है। आज आदर्श नगर पंचायत पयागपुर कार्यालय पर बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभासदगण बजरंग बहादुर शर्मा, विष्णु यादव, निशा तिवारी, रूबी, सविता सिंह, विजय कुमार, मुकेश शर्मा, श्रीमती मीना जी, जागेश मिश्रा, ज्योति सरोज एवं लिपिक श्री सत्यपाल यादव जी उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस को अधिकारी नामित

## आगामी माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के लिए रोस्टर निर्धारित

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक थानों पर आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों को प्रभावी, सार्थक एवं जनोपयोगी बनाये जाने के लिए जिला अधिकारी मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के संयुक्त हस्ताक्षर से थानावार राजपत्रित अधिकारी नामित किये गये है।

रोस्टर के अनुसार नामित राजपत्रित अधिकारी माह जुलाई, अगस्त व सितंबर 2025 के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों में राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल व नगर निकाय के क्षेत्र के थानों में सम्बन्धित निकाय के अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन की अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान पंचायती तरीके से कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार तहसील सदर अन्तर्गत कोतवाली नगर के लिए तहसीलदार सदर बहराइच, कोतवाली देहात के लिए चकबन्दी अधिकारी सदर, थाना दरगाह शरीफ के लिए नायब तहसीलदार सदर, रानीपुर के लिए नायब तहसीलदार सदर पी.पी. गिरी व रिसिया के लिए बीडीओ रिसिया को राजपत्रित अधिकारी तथा नगर मजिस्ट्रेट को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है। तहसील पयागपुर अन्तर्गत थाना पयागपुर के लिए तहसीलदार पयागपुर, विशेश्वरगंज के लिए बीडीओ विशेश्वरगंज, हुज़ूरपुर के लिए बीडीओ हुजूरपुर को राजपत्रित अधिकारी तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बहराइच को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है।

तहसील कैसरगंज अन्तर्गत थाना फखरपुर के लिए नायब तहसीलदार कैसरगंज, कैसरगंज के लिए तहसीलदार कैसरगंज, जरवलरोड के लिए बीडीओ जरवल व तहसील महसी अन्तर्गत रामगॉव के लिए बी.डी.ओ. शिवपुर, हरदी के लिए बीडीओ तेजवापुर, बौण्डी के लिए तहसीलदार महसी को राजपत्रित अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है। तहसील नानपारा अन्तर्गत खैरीघाट के लिए नायब तहसीलदार महसी, कोतवाली नानपारा के लिए तहसीलदार नानपारा, रूपईडीहा के लिए नायब तहसीलदार नानपारा, नवाबगंज के लिए बी.डी.ओ. बलहा, मटेरा के लिए बीडीओ नबाबगंज व तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत कोतवाली मूर्तिहा के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा, सुजौली के लिए बीडीओ मिहींपुरवा तथा तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) को थाना समाधान दिवस के लिए राजपत्रित अधिकारी तथा मुख्य राजस्व अधिकारी को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है।

## करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

बहराइच, अमृत विचार। रिसिया थाना क्षेत्र के नर्सिंग डीहा गांव निवासी राज किशोर के घर में टीन सेड लगा हुआ है। टीन सेड के एक छोड़ से दूसरे छोर पर कपड़ा सुखाने के लिए तार बंधा हुआ था। बृहस्पतिवार की रात गरीब 8:30 बजे राजकिशोर की पत्नी अर्चना 28 वर्ष तार पर सूखने के लिए डाले गए कपड़े उतारने गई थी। टीन शेड मैं करंट दौड़ रहा था। उसी के साथ तार में भी करंट आ गया। कपड़ा उतारते समय महिला करंट की चपेट में आ गई और तड़पने लगी। परिवार के लोगों ने जब देखा तो महिला को बचाने के लिए डंडे से तार पर वार किया। लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण की करें तैयारी

मटेरा, बहराइच

अमृत विचार। विकास खण्ड शिवपुर के ब्लाक संसाधन केंद्र बरदहा बाजार में शुक्रवार को परिषदीय प्रधानाध्यापकों एक आवश्यक की गई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार सिंह ने प्रत्येक बच्चे को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण आधार विहीन छात्रों के आधार बनवाने में सहयोग प्रदान करना तथा 1 जुलाई से 7 जुलाई के बीच वृक्षारोपण सप्ताह मनाया जाना है उसके लिए प्रत्येक विद्यालय में गड्ढे खुदवा लिए जाएं और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण की तैयारी सुनिश्चित की जाय, संचारी रोगों से बचाव रोकथाम के उपाय, कायाकल्प के अधूरे कार्यों की सूचना से शीघ्र अवगत कराया जाय, विद्यालय में स्वच्छता संबंधी सामग्रियों का नियमित प्रयोग हो, छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, मध्यान भोजन फल वितरण दूध वितरण पर नियमित अच्छे तरीके से ध्यान दिया जाए, बैठक में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संचारी रोगों के रोकथाम बचाव के उपाय बताए। बैठक में रविशंकर शुक्ल, योगेश त्रिपाठी, पंकज वर्मा, राधेश्याम कनौजिया, शौकत अली, ओम प्रकाश मौर्य, रंजीत श्रीवास्तव अम्बरीष वर्मा, सरोजिनी मिश्रा शबनम, राधा यादव, राहुल गुप्ता, नाज़िम अली, सत्येन्द्र यादव, लवकुश शुक्ला, संजय भास्कर, प्रदीप यादव सहित तमाम प्रधानाध्यापक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नव पंजीकृत अधिवक्ताओं का सम्मान

कैसरगंज (बहराइच), अमृत विचार : तहसील बार भवन में एक समारोह आयोजित किया गया।जिसमें बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रशांत सिंह अटल एडवोकेट, हाई कोर्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान श्री अटल ने हाल ही में पंजीकृत अधिवक्ताओं का सम्मान करते हुए उन्हें अधिवक्ता पेशे की मर्यादा, नैतिकता एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर रामननके एडवोकेट, लालचंद एडवोकेट, राम लौटन एडवोकेट, मुशीर खान एडवोकेट, मंशाराम एडवोकेट, अरसलान रसीद एडवोकेट और पवन गुप्ता एडवोकेट को प्रतीकात्मक बैंड पहनाकर विधिक परंपरा में उनका स्वागत किया गया। श्री अटल ने सभी नवपंजीकृत अधिवक्ताओं को स्वलिखित "राजस्व संहिता" की प्रति भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा, "अधिवक्ता समाज के दिशा-निर्धारक होते हैं, इसलिए उन्हें अपने ज्ञान, निष्ठा और आचरण से न्याय व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए।" उन्होंने युवाओं से सतत अध्ययनशील रहने का आह्वान करते हुए कहा कि कानून एक जीवंत विषय है, जो समय और समाज के अनुरूप निरंतर अद्यतन होता रहता है।इस अवसर पर वेद प्रकाश सिंह, वीरेश सिंह, विनोद कुमार सिंह विसेन सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।



नव पंजीकृत अधिवक्ताओं का सम्मान करते प्रशांत सिंह अटल।

# संदिग्ध हालात में महिला का लटका मिला शव

नवाबगंज (बहराइच) अमृत विचार। संदिग्ध परिस्थितियों मे छत के छल्ला से फांसी के फंदे से लटका हुआ विवाहिता का शव मिला। भाई और पिता ने ससुरालियों पर मार कर टागने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच में जुटी शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मजगांवा निवासी 26 वर्षीय विवाहिता नीलम कुमारी पत्नी विजय कुमार वर्मा का शव पक्का मकान के छत के छल्ले से लटका हुआ शुक्रवार सुबह मिला। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सीमा क्षेत्र में स्थित संतलिया चौकी प्रभारी दिलीप कुमार उपाध्याय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया तथा पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं मृतका के पिता जगदीश पसाद व भाई राजकुमार वर्मा निवासी गंगापुर जैतापुर थाना रुपईडीहा के द्वारा मृतका को मार कर फांसी पर लटकाये जाने की आशंका जाताई है। भाई राजकुमार ने बताया कि नौ साल पूर्व नीलम की शादी नवाबगंज थाना क्षेत्र के मजगंवा गाँव निवासी पवन वर्मा के साथ हुई थी, बहन के कोई बच्चे नहीं थे बहन, बहनोई में अक्सर लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक रामाशंकर यादव ने बताया कि मृतका नीलम के पिता की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर जो सही है कार्यवाही कि जाएगी।

## सार-संक्षेप

### किसान स्वर्ण जयन्ती पौधशाला से क्रय कर सकते हैं पौध

बहराइच, अमृत विचार। किसान सभा जयंती पाठशाला से साग भाजी के बेहन क्रय कर सकते हैं। उचित दर पर बेहन किसानों को दिए जाएंगे। इसकी जानकारी जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला बभनी बहराइच में उद्यान विभाग द्वारा स्थापित ''मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स'' कृषकों के लिए रोगमुक्त व स्वस्थ्य शाकभाजी पौध पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। कृषक उत्पादित बेहन पौध दो रुपए प्रति पौध की दर से प्राप्त कर सकते है तथा बेमौसम शाकभाजी उत्पादित कर कृषि को अपनी मुख्य आय बना सकते है। एक्सीलेन्स नर्सरी में किसान अपना बीज देकर रु 1 प्रति पौधा शुल्क जमा कर पौध उत्पादित करा सकते हैं। वर्तमान समय में बैगन, टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, पातगोभी, कद्दू एवं लौकी आदि के पौधे रोपण हेतु उपलब्ध हैं। जानकारी के लिए पौधशाला प्रभारी, मंजीत सिंह के मो.न. 7388046768 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार। थाना क्षेत्र अंतर्गत गोण्डा बहराइच मार्ग पर शिवदहा चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी जिससे घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई, शुक्रवार सुबह लगभग 6.30 बजे प्रतिदिन की भांति ग्राम पंचायत सहसरावा के महरौली निवासी राम नारायण उम्र 70 वर्ष एक होटल से दूध देकर वापस लौट रहा था जब वह शिवदहा चौराहे पर पहुंच कर सड़क पार करने लगा तभी बहराइच की तरफ से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्टर मारकर फरार हो गया, चौराहे पर स्थित दुकानदारों ने घायल राम नारायण को उठाया और तत्काल फोन कर एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया तब तक राम नारायण के परिजन को भी सूचना दिया गया और वे अस्पताल पहुंचकर इलाज कराने लगे इसी दौरान हालत बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने राम नारायण को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई, थाना प्रभारी करूणाकर पाण्डेय ने बताया कि अभी मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर डॉ. नित्यानंद का हुआ चयन



बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के सर्राकलां गांव निवासी डॉ नित्यानंद का चयन बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर राजनीति विज्ञान विषय में हुआ है। डा नित्यानंद ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता व परिवार को दिया है। डा. नित्यानंद ने बताया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से सफर करते हुए परिवार को देखना और पढ़ना काफी कठिन था। लेकिन लगन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी ऊंचाई को पाया जा सकता है। धैर्य, आत्मविश्वास, लगन व परिश्रम की बदौलत कठिन से कठिन लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। डा नित्यानंद के पिता पेशे से कृषक है। नित्यानंद की इण्टरमीडिएट तक की शिक्षा सर्वोदय इंटर कालेज मिहींपुरवा में हुई है। स्नातक इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान विषय से एमए किया है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली से एमफिल और पीएचडी की डिग्री हासिल की। वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में पोस्ट-डाक्टोरल फेलो के रूप में कार्यरत हैं। अपनी इस सफलता से डॉक्टर नित्यानंद ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनोज यादव, दुर्गेश कुमार, अनिल कुशवाहा, डॉ हीरालाल, राम अधार सिंह आदि लोगों ने डॉक्टर नित्यानंद को बधाई दी है।

# फाइलेरिया मरीजों को वितरित की गयी एमएमडीपी किट

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में फाइलेरिया की रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का वितरण किया गया।

शुक्रवार को चिकित्साधिकारी डॉ0 अरुण मौर्य द्वारा फाइलेरिया के ग्यारह मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की गयी। चिकित्साधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया ग्रसित मरीज अंगों की नियमित देखभाल कर सकें इसके लिये उन्हें साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, टब, मग, तौलिया सहित और अन्य सामग्री प्रदान की गयी है।सीएससी अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने मरीजों को नियमित रूप से व्यायाम करने की सलाह दी।उन्होने बताया समय समय पर क्षेत्र में किट का वितरण लाभार्थियों के बीच किया जायेगा। इस अवसर पर जिला फाइलेरिया निरीक्षक रत्नेश रत्नाकर, पाथ संस्था से जिला समन्वयक अभिषेक जायसवाल, बीपीएम अनुपम शुक्ल, पवन कुमार, अनुराग पाठक सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## मरीजों को बांटी गई स्वच्छता किट, बचाव पर दिया जोर

विशेश्वरगंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार पांडेय ने क्षेत्र के 13 फाइलेरिया मरीजों को स्वच्छता किट का वितरण किया। इस दौरान मरीजों को फाइलेरिया से बचाव और स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पांडेय ने बताया कि जिले से फाइलेरिया विभाग से आए रत्नेश रत्नाकर ने मरीजों को साफ-सफाई के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से यह बीमारी होती है। अधीक्षक श्री पांडेय के अनुसार फाइलेरिया का शुरुआती अवस्था में उपचार संभव है, लेकिन एक बार पीलपांव अथवा हाथीपांव की स्थिति बन जाने पर इसे सिर्फ नियंत्रित किया जा सकता है, पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता। इसलिए, इस बीमारी में समय रहते बचाव पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। अधीक्षक डॉ. पांडेय ने बताया कि अगस्त माह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा वर्कर्स के माध्यम से घर-घर फाइलेरिया की दवाएं वितरित किया जायेगा, इसके सेवन से इस बीमारी के बचाव का एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने आगाह किया कि पैर में सूजन आना हमेशा फाइलेरिया का लक्षण नहीं होता, यह अन्य कई बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। ऐसे में किसी भी तरह की पैर में सूजन होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच करानी चाहिए। इस अवसर पर बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा, डॉ. कुनाल मिश्रा, फाइलेरिया निरीक्षक विजय मिश्रा, डीसी पाथ अभिषेक जैसवाल, एएमओ रामचेत यादव सहित कई स्वास्थ्य कर्मी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अनफिट स्कूल वाहनों के संचालन पर दर्ज होगी एफआईआर: एआरटीओ

बहराइच। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि स्कूली वाहनों की जांच पड़ताल में 54 स्कूली वाहन ऐसे मिले जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित स्कूल के प्रबंधको, प्रधानाचार्य व वाहन स्वामियों को फिटनेस कराये जाने हेतु नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि बगैर फिटनेस व अन्य आवश्यक कागज़ातों के स्कूल वाहनों का संचालन करने पर सम्बंधित के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अनफिट स्कूली वाहनों के स्वामियों विद्यालय के प्रबंधको को डाक से नोटिस प्रेषित की गई है। प्रबंधकों व प्रधानाचार्यो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि स्कूली वाहनों को मानक के अनुरुप संचालित किया जाए।

# ब्लिस रिजॉर्ट से रवाना हुआ तीर्थयात्रियों का जत्था

संवाददाता, बहराइच



अमृत विचार। छह वर्षों के अंतराल के बाद एक बार फिर कैलाश मानसरोवर यात्रा की आध्यात्मिक राह खुल गई है। 45 यात्रियों का एक जत्था गुरुवार को बहराइच के ब्लिस रिजॉर्ट से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रवाना हुआ। यह जत्था नेपालगंज होते हुए तिब्बत (चीन) के लिए प्रस्थान करेगा।

ब्लिस रिजॉर्ट में आयोजित भव्य स्वागत व विदाई समारोह में ब्लिस रिजॉर्ट के प्रोपराइटर मनीष मल्होत्रा ने पुष्प माला पहनाकर व तिलक कर यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "वर्षों बाद एक बार फिर यह पुण्य अवसर हमारे रिजॉर्ट को प्राप्त हुआ है। यह हमारे लिए सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक सेवा का सौभाग्य है।"मेरठ से आए यात्रा संयोजक मुकेश बंसल के अनुसार, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों के 45 श्रद्धालु यात्रा में शामिल हैं। ग्रुप में साथ चल रहीं भारतीय मूल की एक महिला यात्री मलेशिया से तीर्थ यात्रा के लिए आई हैं। बंसल ने बताया कि सभी यात्री बुधवार को मेरठ से रेल मार्ग द्वारा लखनऊ होते हुए आज बहराइच पहुंचे हैं। सभी श्रद्धालु नेपालगंज से हवाई मार्ग द्वारा सिमीकोट, फिर हेलीकॉप्टर से हिलसा पहुंचेंगे और वहीं से पैदल पुल पार कर तिब्बत में प्रवेश करेंगे। दो दिन अनुकूलन (acclimatization) के बाद यह दल 29 जून को मानसरोवर झील पहुंचेगा, जहां तीन दिन रुककर पूजन, रुद्राभिषेक व ध्यान किया जाएगा। टूर संचालक ने बताया कि इस साल तकरीबन 22 हजार तीर्थयात्री यात्रा पर जा रहे हैं, योगी सरकार उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्रियों को 1 लाख रूपए का अनुदान भी दे रही है। यात्रा के साथ चल रहे हरिद्वार के कनखल से भाजपा पार्षद भूपेंद्र कुमार ने कहा कि "छः वर्ष बाद यात्रा खुली है। हम सब शिव भक्त काफी उत्साहित होकर कैलाश मानसरोवर की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं।"मलेशिया से आई महिला तीर्थ यात्री सीमा ग्रोवर ने यात्रा को 'जीवन की सबसे पावन अनुभूति' बताया और कहा कि यह अवसर उनके लिए सौभाग्य की तरह है।ब्लिस रिजॉर्ट प्रबंधन ने सभी यात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी हैं और इसे अपने लिए "धार्मिक सेवा का गौरवपूर्ण क्षण" बताया है।

## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बाँधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**



2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।

### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वे | | 2 अ | 3 प | क | ऱ् | ष |
| शा | | | रि | | | |
| 4 ख | ट | रा | ग | | | 5 ना |
| | | | ण | | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | | | क |
| श | | | | | | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | | र |

## सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 1 | | | | 6 | |
| 7 | | | | | 6 | | | |
| | | 9 | | 8 | 5 | | 4 | 3 |
| | 5 | | | | 9 | 3 | | 7 |
| 9 | 2 | | | | | | 8 | 1 |
| 1 | | 3 | 8 | | | | 5 | |
| 3 | 9 | | 5 | 4 | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |
| | 8 | | | | 7 | 2 | | |

### सुडोकू - 21 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया-09.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुष्य 06.35 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** – आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। विवेक और चतुराई से काम करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** – आज दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें। जॉब में बदलाव करने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार में मन लगायेंगे।

**कर्क** – आज मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** – आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।

**तुला** – आज आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नये लोगों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक** – आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिन्तन-विमर्श करेंगे। समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।

**धनु** – आज जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। विरोधियों से आपको सावधान रहना चाहिए।

**मकर** – आज व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। जॉब में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं। नये प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिए। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे।

# 70 लाख के गांजा समेत 3 बंदी

## लखनऊ एसटीएफ ने की कार्रवाई, देहात कोतवाली में केस दर्ज

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लखनऊ एसटीएफ ने शुक्रवार सुबह नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 लाख रुपये कीमत का 5 क्विंटल गांजा जब्त किया। यह खेप उड़ीसा से बहराइच ले जाई जा रही थी, जिसे कोतवाली देहात क्षेत्र में भदैंया ब्लॉक मुख्यालय के सामने से पकड़ा गया।

यह गांजा एक बंद ट्रक कंटेनर में छिपाकर ले जाया जा रहा था। हैरानी की बात यह रही कि इसे शादी के कार्डों के बीच बड़ी चतुराई से 22 गत्ते के 13 बंडलों में छिपाया गया था। एसटीएफ टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें नोमान निवासी पलवल, हरियाणा, अकरम खान निवासी भरतपुर, राजस्थान और रवि मिश्रा निवासी फिरौरा झंझरी, गोंडा शामिल है। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसआई अमित तिवारी ने किया, जिसमें एसआई विद्या सागर की टीम भी शामिल रही। पकड़े गए तस्करों और बरामद खेप को आगे की कार्रवाई हेतु देहात कोतवाल अखंड देव मिश्र को सौंप दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि ट्रक को जब्त कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।


बरामद गांजा के साथ एसटीएफ व पुलिस की टीम।

### एक नजर

**दहेज उत्पीड़न मामले में पति समेत छह पर केस दर्ज**

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सीओ के निर्देश पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में पति समेत छह लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। अंदरायपुर गांव निवासी शिवानी की शादी 2019 में अयोध्या के इंद्र कुमार दूबे से हुई थी। आरोप है कि दहेज में कार की मांग को लेकर उसे चार पहिया वाहन से मारते-पीटते हुए गांव के मोड़ पर फेंक दिया गया। पुलिस ने पति इंद्र कुमार, ससुर शिवनारायण, सास सुनीता, ननद शिवानी, शीतल व डिंपल पर केस दर्ज किया है।

**जमीनी रंजिश में महिला को पीटा, 4 पर मुकदमा**

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मैनपारा (तकियवा) गांव में जमीनी विवाद को लेकर आयशा बानो पत्नी रफाकत अली के साथ विपक्षियों ने मारपीट की। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद डंडे से पीटकर घायल किया गया। पीड़िता की तहरीर पर खलीफुल निशा, कुलसुम, सहनाज और तरन्नुम के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

**स्कूल में हजारों की चोरी**

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आलापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय चंदौली को बीती रात चोरों ने निशाना बनाया। गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का दरवाजा तोड़कर कमरे में रखा बॉक्स खोलकर आंगनबाड़ी किट, टीएलएम, गणित किट, खेल सामग्री और नल टोटी समेत हजारों रुपये की शैक्षिक व उपयोगी सामग्री चुरा ली। कुछ सामग्री परिसर में बिखरी मिली। शुक्रवार सुबह शिक्षकों के विद्यालय पहुंचने पर घटना का पता चला। प्रधानाध्यापक विवेक कुमार सिंह ने कोतवाली कादीपुर में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाल ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम से मिला वकीलों का प्रतिनिधिमंडल

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** शुक्रवार को बार एसोसिएशन अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिसुंडी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कुमार हर्ष से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट व सदर तहसील स्थित राजस्व अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार, साइकिल स्टैंड की अव्यवस्था समेत अन्य समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता करुणाशंकर दुबे, नरोत्तम शुक्ल और बार एसोसिएशन के सचिव रमाशंकर पांडेय शामिल रहे। बार अध्यक्ष श्री त्रिसुंडी ने बताया कि डीएम से हुई वार्ता सकारात्मक रही और उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

# बाइक व साइकिल की भिड़ंत में 3 घायल

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के अलीपुर बाजार में गुरुवार रात करीब 10 बजे मोटर साइकिल और साइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल अम्बेडकरनगर रेफर कर दिया गया।

साइकिल सवार रमेश कुमार (38) पुत्र रामचरन, निवासी अहिरी फिरोजपुर, घर लौटते समय जैसे ही अपने रास्ते पर मुड़े, तभी अलीपुर बाजार की ओर से आ रही मोटरसाइकिल पर सवार आकाश शुक्ला (20) पुत्र सुभाष शुक्ला, निवासी सरावां और जतीन कुमार यादव (21) निवासी अहिरी फिरोजपुर, उससे टकरा गए। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वर्तमान में रमेश का इलाज मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर में जबकि आकाश व जतीन का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


दुर्घटना में घायल युवकों को सीएचसी में कराया गया भर्ती। अमृत विचार

▸▸ **सभी घायल जिला अस्पताल अंबेडकर नगर रेफर**

# कुड़वार-हलियापुर मार्ग पर नहीं चलती रोडवेज बस

▸▸ **पूर्व में सांसद मेनका गांधी के निर्देश पर चलाई जा रही परिवहन निगम की बसें हुईं बन्द**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिला मुख्यालय से जगदीशपुर अयोध्या मार्ग को जोड़ने वाले मार्ग हलियापुर बाजार जाने के लिए जिला मुख्यालय से कुड़वार होकर कोई बस नहीं चलाई जा रही है। जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है।

जिला मुख्यालय से हलियापुर मार्ग पर प्रमुख रूप से कुड़वार,सुरेश नगर,वलीपुर, पारा बाजार, बल्दीराय तहसील मुख्यालय,अरवल, तिरहुत होते हलियापुर को जाती है जिसकी लंबाई करीब 40 किमी है।इस मार्ग पर एक भी रोड वेज बसों का संचालन नहीं हो रहा है। जबकि इस क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन जिला मुख्यालय डग्गामार वाहनों के सहारे या निजी वाहनों से सफर करते है। पूर्व सांसद मेनका गांधी के प्रयास से इस मार्ग पर बस का संचालन शुरू हुआ जो अब बंद हो गया है। इस संबंध में जब बस स्टेशन इंचार्ज नन्हू राम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि छोटी नई बस के आ जाने के बाद बल्दीराय मुख्यालय के लिए बसें चलाई जायेगी। वहीं अन्य बाजारों के लिए उनके द्वारा संविदा पर स्थानीय चालक की नियुक्ति होने के बाद संचालन की बात कही।

## कौशांबी कांड में हो सीबीआई जांच

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कौशांबी जिले में 8 वर्षीय मासूम के साथ हुई दरिंदगी के मामले में अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत समिति ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए और केस को सीबीआई को सौंपा जाए ताकि असली दोषियों पर कार्रवाई हो सके और फर्जी तरीके से फंसाए गए लोगों को न्याय मिल सके। समिति ने प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

# विद्यालय मर्जर नीति के खिलाफ शिक्षकों का प्रदर्शन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सुलतानपुर ने प्रदेश सरकार की प्रस्तावित विद्यालय मर्जर नीति के खिलाफ शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। जिले भर के शिक्षकों ने तिकोनिया पार्क से रैली निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। शिक्षकों ने इस नीति को जनविरोधी बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की।

संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का मर्जर ग्रामीण शिक्षा को प्रभावित करेगा, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने इसे शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की भावना के खिलाफ बताया। जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने चेताया कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। निवर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पांडेय और मंडल ऑडिटर शमीम अहमद ने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी मर्जर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर न करें। उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने कहा कि बिना प्रधानाध्यापक और एसएमसी की सहमति के कोई मर्जर वैध नहीं है।

प्रदर्शन में सैकड़ों शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए जिनमें प्रदेश उपाध्यक्ष मालती सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अनुज यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति, मीडिया प्रभारी चंद्रपाल राजभर, ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह, अटेवा अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

### फूटा गुस्सा

▸▸ **मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर की नीति वापसी की मांग**

▸▸ **तिकोनिया पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई रैली**

# सराफा डकैती कांड में 3 आरोपियों की वर्चुअल पेशी, गवाही न हो सकी दर्ज

### अदालत से

▸▸ **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई आरोपी अरबाज, फुरकान और विपिन सिंह की पेशी**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बहुचर्चित सराफा डकैती कांड की सुनवाई शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में हुई, लेकिन इस दौरान वादी भरतजी सोनी कोर्ट के समक्ष गवाही देने के लिए हाजिर हुए परंतु गवाही दर्ज नहीं हो सकी। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा ने बताया कि अब मामले की अगली सुनवाई एक जुलाई को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान आरोपी अरबाज, फुरकान और विपिन सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई, जबकि अन्य आरोपी सचिन, दुर्गेश, अरविंद, अजय, अंकित, विनय शुक्ल व त्रिभुवन कोरी आदि कोर्ट में जेल से पेशी पर उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यापारी भरतजी सोनी की दुकान में डकैतों ने दिनदहाड़े धावा बोलकर लाखों की ज्वेलरी लूट ली थी। इस सनसनीखेज वारदात में कुल 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है और मामला विचाराधीन है।


दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ता व वादकारीगण। अमृत विचार

**संग्रह अमीन हत्याकांड में जिरह जारी**

चाचा-भतीजा हत्याकांड में शुक्रवार को अभियोजन गवाह से जिरह जारी रही। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने अभियोजन साक्षी दुर्गेश यादव से जिरह की परंतु जिरह पूरी न होने के कारण शेष जिरह के लिए कोर्ट ने एक जुलाई की तारीख तय की है। इससे पूर्व आरोपी जलालुद्दीन व मोइनुद्दीन के वकील सुरेश तिवारी की जिरह साक्षी दुर्गेश यादव से पूरी की जा चुकी है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन समेत 13 आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

**विजय नारायण सिंह हत्याकांड में गवाह तलब**

शहर के चर्चित विजय नारायण सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को अभियोजन गवाह दिनेश कुमार की गवाही देने हाजिर हुए। जिनसे बचाव पक्ष ने जिरह पूरी की। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट ने शेष अभियोजन गवाह को तलब करते हुए सुनवाई के लिए एक जुलाई की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि सात अप्रैल 2024 को दरियापुर तिराहे पर कोतवाली नगर के नारायनपुर निवासी विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनके साथी अनूप शर्मा घायल हो गए थे। इस मामले में अम्बेडकरनगर जिले के महरुआ थाने के लोधवा हरिनाथ पुर गांव निवासी अजय सिंह सिलावट समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

**चर्चित इंस्पेक्टर ने दाखिल की डिस्चार्ज अर्जी**

महिला आरक्षी से दुष्कर्म के मामले में आरोपों का सामना कर रहे चर्चित इंस्पेक्टर नीशू तोमर ने शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर के न्यायालय में डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ से एडीजीसी दान बहादुर वर्मा ने अर्जी पर आपत्ति दाखिल करने हेतु समय मांगा, जिस पर अदालत ने सुनवाई के लिए 7 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

गौरतलब है कि 14 जुलाई 2022 को कोतवाली नगर में तैनात एक महिला आरक्षी ने इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर हलियापुर थाने में तैनाती के दौरान पद का दुरुपयोग कर शारीरिक व मानसिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था।

**संतोष सिंह हत्याकांड में बहस तीन जुलाई को**

संतोष सिंह हत्याकांड मे शुक्रवार को बचाव पक्ष के बहस पूरी न कर पाने के कारण सुनवाई तीन जुलाई तक टल गई। एडीजे तृतीय राकेश पांडेय की अदालत ने शेष बहस के लिए आगामी तीन जुलाई की तारीख तय की है। मामला अमेठी जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पश्चिम दुआरा निवासी संतोष सिंह की 17 अक्टूबर 2021 को दीनापुर पुल के पास हुई हत्या से जुड़ा है जिसमें विजय प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह और श्याम बिहारी शुक्ल आरोपी हैं।

**खनन अधिनियम के 11 साल पुराने मामले में आरोपी बरी**

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने खनन अधिनियम मामले में आरोपी अजय प्रसाद सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में आरोपी के पक्ष में निर्णय सुनाया। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के डीहढ़गपुर निवासी अजय प्रसाद सिंह के विरुद्ध 15 जून 2014 में बाग की भूमि में अवैध खनन का आरोप लगाते हुए खनन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। चार्जशीट दाखिल होना के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से मात्र एकमात्र साक्षी लेखपाल रामअधार यादव से बचाव पक्ष के वकील रणशेर सिंह ने जिरह की। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद साक्ष्य के अभाव में आरोपी को बरी कर दिया।

## विधायक ताहिर खान व पूर्व विधायक अनूप संडा के मुकदमों में टली सुनवाई

**संवाददाता, सुलतानपुर :** समाजवादी पार्टी के इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान के खिलाफ 25 साल पुराने वन भूमि अतिक्रमण मामले में शुक्रवार को बहस नहीं हो सकी। विधायक के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने अब बहस की अगली तारीख 8 जुलाई तय की है। मामला 23 अक्टूबर 1999 को आरक्षित वन भूमि पर अवैध कब्जा कर सड़क निर्माण कराने से जुड़ा है। वहीं, पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में अभियोजन गवाह के न आने के कारण एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई 9 जुलाई तक टाल दी। यह मामला 20 फरवरी 2022 को केएनआईटी के पास बिना अनुमति जनसभा करने से जुड़ा है।

## पुलिस टीम पर हमले के मामले में जेल में बंद आरोपी को मिली जमानत

▸▸ **जिला जज की अदालत ने दी राहत, सिपाही हुए थे घायल**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** दोस्तपुर थानाक्षेत्र के नई बाजार बड़ौली देवापुर निवासी अजीजुर्रहमान को पुलिस टीम पर हमले के मामले में कोर्ट से राहत मिली है। प्रभारी जिला जज संतोष कुमार की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। बचाव पक्ष के अधिवक्ता मोहर्रम अली व सरकारी वकील की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश दिया गया। गौरतलब है कि बीती 10 जून की रात को आरोपित सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडा व ईंट-पत्थर से पुलिस टीम पर हमला कर दिया था, जिसमें सिपाही राम आशीष चौरसिया व मोहित कुमार घायल हुए थे। इस मामले में हेड कांस्टेबल राम आशीष चौरसिया की तहरीर पर अजीजुर्रहमान सहित 11 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

## फर्जी दस्तावेजों से नियुक्ति मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति प्राप्त करने के एक बहुचर्चित प्रकरण में आरोपी अखिलेश कुमार यादव की अग्रिम जमानत अर्जी प्रभारी सेशन जज संतोष कुमार ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष से डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक मामला वर्ष 2019 में खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवबहादुर मौर्य द्वारा दर्ज कराया गया था, जिसमें कुल 16 आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोपियों ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी प्राप्त की थी, जिसकी जांच में अभिलेख अप्रमाणित पाए गए। सुनवाई का अवसर दिए जाने पर भी आरोपियों द्वारा कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। प्रकरण में आरोपी अखिलेश कुमार यादव, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी पिपराकला, थाना खेजुरी, जिला बलिया, वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय किशुनी, विकासखंड शुकुल बाजार, अमेठी में तैनात हैं। पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी।

### सार-संक्षेप


वरिष्ठ साहित्यकार ने की भोजन वितरण की शुरुआत। अमृत विचार

**मानवीय सेवा का संदेश देता निःशुल्क भोजन वितरण**

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन कराने का अभियान गुरुवार को जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ साहित्यकार व युग तेवर के संपादक कमल नयन पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही जीवन का सच्चा अर्थ है। संघ अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में यह सेवा तीन वर्षों से लगातार की जा रही है। इस अवसर पर पंकज दूबे, निजाम खान, एडवोकेट इसरार अहमद, गुरुप्रीत सिंह सहित कई समाजसेवियों ने सहभागिता निभाई।

**गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को**

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अघोर पीठ बाबा सत्य नाथ मठ, अल्देमऊ नूरपुर में आगामी 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुवार देर शाम पीठाधीश्वर कपाली जी महाराज की अध्यक्षता में बैठक कर आयोजन की तैयारियों पर चर्चा हुई। जानकारी देते हुए कपाली बाबा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5 बजे चरण पादुका पूजन से होगी। इसके बाद सदस्यता नवीनीकरण, दोपहर में महाआरती, फौजदार सिंह का आल्हा गायन, पर्यावरण गोष्ठी, भजन संध्या और रात्रि 12 बजे अंतिम आरती के साथ समापन होगा।

**कटका क्लब ने बच्चे को परिजनों से मिलवाया**

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना गोसाईगंज क्षेत्र के कटका बाजार में रास्ता भटक कर मायूस घूमते मिले 10 वर्षीय मासूम शमशाद को सामाजिक संस्था कटका क्लब ने सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए उसके परिजनों से मिलाने का रास्ता तैयार किया। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने पुलिस द्वारा सहयोग न मिलने के बावजूद बच्चे से बातचीत कर मुरली नगर स्थित उसके नानी के गांव और मामा राजू की जानकारी जुटाई। बाद में उसे मामा के मित्र सैफ को सौंपा गया। क्लब की सक्रियता से अब बच्चा शीघ्र परिजनों से मिल सकेगा।

**राजस्व विभाग के पत्थर उखाड़े, दो भाइयों पर केस**

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर खुर्द गांव में गाटा संख्या 1366 पर राजस्व विभाग की ओर से की गई पत्थर नसब की कार्यवाही के बाद लगाए गए सीमांकन पत्थरों को उखाड़ फेंकने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों पर केस दर्ज किया है। सत्यनारायण मिश्र की तहरीर पर गांव के जितेंद्र मिश्र व महेंद्र मिश्र के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है।


शिक्षक प्रशिक्षण को संबोधित करते प्रधानाचार्य शेषमणि मिश्र। अमृत विचार

**चिंतन और संस्कृति से चलता है देशः शेषमणि मिश्रा**

▸▸ **महर्षि विद्या मंदिर में शिक्षक प्रशिक्षण का दूसरा दिन सम्पन्न**

▸▸ **अनुभवात्मक शिक्षा को बताया प्रभावी साधन, एनईपी-2020 पर जोर**

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** महर्षि विद्या मंदिर में चल रहे सीबीएसई इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत परंपरागत गुरु पूजा और भावातीत ध्यान से हुई। सिद्धि प्रशासक शैलेन्द्र पांडेय ने सामूहिक ध्यान अभ्यास कराया। पूर्व दिवस की समीक्षा अभिषेक शर्मा (हरदोई), शालिनी श्रीवास्तव (गोंडा) और प्रदीप नारायण तिवारी (सुलतानपुर) ने प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य जे.एन. उपाध्याय ने एनईपी 2020 की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए इसे स्वायत्तता, सुशासन और सशक्तिकरण की ओर ले जाने वाला मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि अनुभवात्मक शिक्षा वह प्रक्रिया है जिसमें छात्र वास्तविक अनुभवों के माध्यम से ज्ञान अर्जित करते हैं। मुख्य वक्ता सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर शेषमणि मिश्रा ने कहा कि "चिंतन और संस्कृति से ही देश चलता है।" उन्होंने बताया कि एनईपी की निपुण शाखा बच्चों में गुणात्मक शिक्षा को बल देती है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो 'योगी न सही, उपयोगी' अवश्य बनाए। गौरव अग्निहोत्री, गंगाशरण पाण्डेय, जयेश त्रिपाठी और अन्य वक्ताओं ने चेतना आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भावातीत ध्यान से हुआ।

### निरीक्षण — केजीबीवी भवन और दो ग्रामीण संपर्क मार्गों के कार्यों का लिया जायजा

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर डीएम का जोर

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने शुक्रवार को विकास खंड लम्भुआ क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहीं।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लम्भुआ में कक्षा 8 से 12 तक के एकेडमिक ब्लॉक और 100 बेड क्षमता के छात्रावास भवन के निर्माण की प्रगति का जायजा लिया गया। 315.77 लाख रुपये लागत वाली इस परियोजना के तहत शैक्षणिक कक्षों के साथ विज्ञान प्रयोगशालाएं, डाइनिंग हॉल, किचन, रीडिंग रूम, मेडिकल चेक कक्ष आदि का निर्माण लगभग पूर्ण है। जिलाधिकारी ने निर्माण की गुणवत्ता की जांच करते हुए खिड़की, दरवाजे और अलमारियों की फिनिशिंग दोबारा सही कराने और एक सप्ताह में हैंडओवर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बेदूपारा-परिजनपट्टी से अर्जुनपुर भिटवा बस्ती तक 7 किमी लंबे संपर्क मार्ग का निरीक्षण किया गया, जिसकी लागत 555.12 लाख रुपये है। एफडीआर तकनीक से बनी इस सड़क की गुणवत्ता की जिलाधिकारी ने सराहना की। इसी क्रम में सराय मकरकोला से रघुनाथपुर तक 2.55 किमी लंबे संपर्क मार्ग 172.17 लाख रुपये लागत का भी निरीक्षण किया गया। डीएम ने तटबंध, पटरी और पुलिया निर्माण की प्रगति देखी और पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-3 को समय-समय पर मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


लंभुआ में सड़क का निरीक्षण करते डीएम कुमार हर्ष। अमृत विचार

# मुहर्रम उत्सव नहीं, सब्र, कुर्बानी और इंसाफ की याद का महीना

▸▸ **कर्बला की कुर्बानी को सादगी व अकीदत से मनाया जाएः मौलाना**

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** हनुमानगंज स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को नमाज से पहले मौलाना शाह आलम ने उपस्थित लोगों को मुहर्रम और आशूरा की अहमियत बताते हुए तकरीर दी। उन्होंने कहा कि मुहर्रम कोई उत्सव नहीं, बल्कि ग़म, सब्र और कुर्बानी को याद करने का महीना है, जिसे सादगी और अकीदत के साथ मनाया जाना चाहिए।

मौलाना ने आशूरा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि यह दिन इस्लाम धर्म के लिए सबसे बड़ी कुर्बानी की याद दिलाता है। 10 मुहर्रम (आशूरा) के दिन पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के नाती हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके 71 साथियों को इराक के कर्बला मैदान में शहीद कर दिया गया था। इमाम हुसैन ने जालिम शासक यजीद के आगे सिर झुकाने से इनकार किया था, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें उनके परिवार सहित भूखा-प्यासा कर घेर लिया गया। उनका 6 महीने का बेटा अली असगर भी इस जुल्म का शिकार हुआ। मौलाना ने लोगों से अपील की कि मुहर्रम के इन दिनों को हंगामे या दिखावे की बजाय आत्मचिंतन, सब्र और इंसाफ की राह पर चलने की प्रेरणा के रूप में लें।

# सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की मिसाल प्रस्तुत करें: सीएम

संवाददाता, गोरखपुर

**दिए निर्देश**

- मुख्यमंत्री ने लिया आयुष विवि में राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों का जायजा
- हवाई सर्वे, स्थलीय निरीक्षण के साथ समीक्षा बैठक भी की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



राष्ट्रपति के आगमन को लेकर हो रही तैयारियों का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों का सघन जायजा किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो महामहिम राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए।

पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु एक जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इस विश्वविद्यालय परिसर का हवाई सर्वेक्षण, स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा बैठक कर लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर से पूरे परिसर को देखने के बाद हेलिपैड पर उतरते ही सबसे पहले पंडाल की तरफ रुख किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति उन्हें लोकार्पण समारोह की तैयारियों को लेकर जानकारी देते रहे। मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रपति की फ्लीट रूट, राष्ट्रपति के हाथों होने वाले पौधरोपण के स्थल, स्वीस कॉटेज सेफ हाउस, मुख्य मंच, दर्शक दीर्घा आदि की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सुरक्षा, लोगों की सुविधा और स्वच्छता को लेकर जरुरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कुलपति और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रपति के अवलोकन के लिए आयुष विश्वविद्यालय का एक मॉडल भी बनवाएं। इसमें अकादमिक भवन, ओपीडी, आईपीडी, ओटी, पंचकर्म केंद्र आदि सभी क्षेत्र और विशेषताएं प्रदर्शित की जाएं। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में राष्ट्रपति के आगमन से जुड़ी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक भी की। बैठक में उन्होंने कहा कि लोकार्पण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में तनिक भी चूक की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल समेत समूचे परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहीं भी गंदगी रह गई तो जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रसाधन और पार्किंग की व्यवस्था को भी बेहतरीन करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की तैयारियों कु जानकारी लेने के साथ उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के हाथों हर्बल प्लांट रोपित कराया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह पूरे प्रदेश का आयुष विश्वविद्यालय है इसलिए इसके नाम के साथ उत्तर प्रदेश जरूर लिखा जाए। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. रामचंद्र रेड्डी, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक महेंद्रपाल सिंह, एडीजी डॉ. केएस प्रताप, कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीआईजी एस. चनप्पा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी राजकरन नैयर, सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी सहित प्रशासन, पुलिस, लोक निर्माण आदि विभागों के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## दस्तक अभियान को सफल बनाने पर दिया गया जोर

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार।** शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ल ने शुक्रवार को लोटन ब्लॉक संसाधन केंद्र में प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में स्कूलों में अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के साथ दस्तक अभियान की सफलता पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में संचारी रोग, दस्तक अभियान, कम छात्र संख्या वाले विद्यालय का युग्मन, जर्जर विद्यालय का ध्वस्तीकरण समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने ग्रीष्मावकाश के पश्चात पुनः विद्यालय खुलने पर बच्चों का स्वागत के साथ विद्यालय में पठन पाठन पर आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षकों को दिए और बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में बीसीपीएम रमाकांत चतुर्वेदी, संतोष कुमार पाण्डेय, सत्येन्द्र कुमार मिश्र, श्याम मोहन पाठक, द्विजेंद्र पाण्डेय, रामशंकर पाण्डेय, अनिल प्रजापति, बाबूराम , महेंद्र नाथ पाण्डेय, मोहम्मद इब्राहिम, उदिता गौड़, प्रेमला, शालू त्रिपाठी, सरिता, निशा उपाध्याय, पूनम सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिजली को लेकर जेई के खिलाफ ग्रामीणों का आधी रात को प्रदर्शन

### उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता व आईजीआरएस पोर्टल पर की शिकायत

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



**फूटा गुस्सा**

- अवर अभियंता पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा ट्रांसफार्मर हटाकर दूसरी जगह लगाने का आरोप

**अमृत विचार।** कपिलवस्तु नगर पंचायत के शास्त्री नगर (सोनबरसा) वार्ड में निवासियों ने विद्युत निगम बर्डपुर के समक्ष आधी रात को प्रदर्शन करते हुए अवर अभियंता कुंदन कुमार के ऊपर अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा रात में ट्रांसफार्मर हटाकर दूसरी जगह लगाने का आरोप लगाया है।

सैकड़ों उपभोक्ताओं ने बीती रात एक बजे फीडर पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और इसकी लिखित शिकायत अधिशासी अभियंता से करने के साथ और आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। इसमें बताया गया है कि शास्त्री नगर में 100 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। भार अधिक देखते हुए निगम द्वारा 25 किलोवाट का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिससे सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति हो रही थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को अवर अभियंता ने गलत तरीके से रात में ट्रांसफर निकलवाकर बर्डपुर नंबर-12 के टोला बनकटवा में लगवा दिया और वहां के खराब ट्रांसफार्मर को लाकर सोनबरसा में निष्प्रयोज्य हालत में छोड़कर चले गए। इससे वार्ड का लोड 100 किलोवाट पर आ गया। इस लोड को ट्रांसफार्मर झेल नहीं पाया। रात में आपूर्ति प्रभावित होने से पूरे मोहल्ले में तेज वोल्टेज आने से लगभग सभी घरों के उपकरण जैसे टीवी, रेफ्रीजरटर, इनवर्टर, मोटर, एसी जल गए। आरोप है कि इस बात को लेकर रात करीब एक बजे जब पॉवर हाउस पहुंचे तो अवर अभियंता ग्रामीणों को देखते ही भड़क गए। शिकायत सुनने की बजाय अभद्र शब्दों का प्रयोग करने लगे। लोगों का कहना है कि इसकी जांच करवाकर उनके उचित कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बर्डपुर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बहुत ही खराब है। सिर्फ सात आठ घंटे ही बिजली मिलती है।

## दहेज हत्या में 10 साल का कठोर कारावास

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अपर सत्र, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट मनोज कुमार तिवारी दहेज हत्या के दोषी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड किया है। प्रकरण त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जुड़विया का है। भवानीगंज थाना में दर्ज दहेज हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट मनोज कुमार तिवारी ने साक्ष्य और गवाहों के बयान का परीक्षण करने के बाद गुरुवार को नसीमा खातून पत्नी असगर अली निवासी जुड़विया थाना त्रिलोकपुर को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।



सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार निगम थाना भवानीगंज का योगदान रहा। नसीमा पर आरोप था कि उसके दहेज लोभ के कारण ही उसकी बहू की जान गई थी।

# सम्मेलन में अधिकारों के लिए शंखनाद करेगा कायस्थ समाज

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**तैयारी**

- जिला मुख्यालय पर कायस्थ पार्टी के तत्वावधान में सम्मेलन कल होगा आयोजन
- राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी करेंगे शिरकत

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में 29 जून को आयोजित कायस्थ पार्टी का अधिवेशन एतिहासिक एवं शानदार होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस आयोजन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शंकर श्रीवास्तव समेत अनेक शीर्ष पदाधिकारी ने शिरकत करने के लिए हामी भर दी है। जिले के कोने कोने इस आयोजन में सहभगिता के लिए सजातीय बंधु बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। सम्मेलन में उपस्थित कायस्थ समाज अपने हक और अधिकार के लिए होने वाले संघर्ष का शंखनाद करेगा। यह बातें कायस्थ पार्टी के जिलाध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहीं।

कायस्थ पार्टी के जिलाध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि अब सजातीय बंधुओं को एकजुट होना समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गयी है। वर्षो से इस समाज के लोगों का प्रयोग केवल वोटबैंक के लिए होता आया है। सभी सियासी पार्टियों ने इस समाज को छला है, लेकिन अब कायस्थ समाज भी जाग चुका है। वह एकजुट होकर अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार है। बताया कि 29 जून को जनपद मुख्यालय के सनई के समीप स्थित एक होटल में प्रथम जिला अधिवेशन आयोजित किया गया है। इसे सफल बनाने के लिए कायस्थ पार्टी एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारी पिछले एक माह से परिश्रम कर रहे थे। जिले के प्रत्येक तहसीलों पर अधिवेशन को लेकर बैठक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में दो हजार लोगों के आने की उम्मीद है। भीड़ को काबू में करने के लिए कार्ययोजना बना ली गयी है। इस अधिवेशन के जरिए पार्टी की आगामी रणनीति का शंखनाद किया जायेगा। सफल बनाने के लिए कमेटी गठित की गयी है। जिसमें जिलाध्यक्ष लाल आनंद प्रकाश, कार्यवाहक अध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव, महामंत्री प्रमोद श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव केशव श्रीवास्तव आदि लोग जीतोड़ परिश्रम कर रहे हैं।



बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## रुचि न लेने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर करें कार्रवाई

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति/जिला कन्वर्जेस समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा विगत माह के बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री मातृत्व बन्दना योजना में गर्भवती महिलाओ का पंजीकरण कराने का निर्देश दिया तथा प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास विभाग का डाटा एक समान होना चाहिए। पंजीकरण व भुगतान का डाटा 15 दिन में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पुष्टाहार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का शत-प्रतिशत फेस वेरीफिकेशन/ईकेवाईसी पूर्ण कराये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा कार्य में रूचि नही लिया जा रहा है उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें। 3 दिन में कार्य में प्रगति न होने पर सीडीपीओ की जबाबदेही होगी। टीएचआर प्लान्ट द्वारा प्रतिदिन उत्पादन किया जाये। जिलाधिकारी ने टीएचआर प्लान्ट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस पर 02 रजिस्टर पूर्ण होना चाहिए जिसमें गर्भवती महिलाओं का विवरण एवं सैम-मैम बच्चों का विवरण दर्ज कराये।

## डीआईओएस का वेतन रोका

**कुशीनगर अमृत विचार:** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत जनपद कुशीनगर में टैबलेट वितरण हेतु कुल 1819 लाभार्थी चयनित हुए थे, जिसमें से अभी तक 1060 टैबलेट वितरित नही है। इसी प्रकार स्मार्टफोन वितरण हेतु कुल 22029 लाभार्थी चयनित हुए थे, जिसमें से अभी तक 197 टैबलेट अवितरित है। चयनित लाभार्थियों को समय से टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित न किये जाने के कारण शासन द्वारा असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। इसके पूर्व भी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया था परन्तु अपेक्षित सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है। सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना का क्रियान्वयन समयान्तर्गत पूर्ण नहीं कराया गया। कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है तथा उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की जा रही है जिलाधिकारी ने अवशेष टैबलेट एवं स्मर्टफोन के शत प्रतिशत वितरण तक जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित कर दिया है।

# देवरिया सदर स्टेशन हो रहा पुनर्विकसित

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-भटनी विद्युतीकृत खंड पर स्थित देवरिया सदर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रू. 44.54 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। देवरिया को 'देवनगरी' या 'देवस्थान' भी कहा जाता है। देवरहा बाबा की जन्म भूमि देवरिया शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की समाधि के लिये भी विख्यात है। देश के स्वतंत्रता संग्राम में देवरिया का एक प्रमुख स्थान है। देवरिया सदर स्टेशन सीधी ट्रेन सुविधा से दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता, चण्डीगढ़, वाराणसी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, आसनसोल, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, अमृतसर, पुणे, भोपाल, रायपुर, अहमदाबाद, राँची, जयपुर, उदयपुर, पटना, मथुरा, गुवाहाटी, जम्मूतवी आदि नगरों से जुड़ा है। वर्तमान में इस स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 3,500 यात्रियों का आवागमन होता है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**गोरखपुर।** रेलवे द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15028/15027 गोरखपुर-सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस में 01 जुलाई से 31 अक्टूबर तक गोरखपुर से तथा 03 जुलाई से 02 नवम्बर तक सम्बलपुर से वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच अस्थायी रूप से लगाया जायेगा। फलस्वरूप संशोधित संरचना के अनुसार इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01 साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## फैमिली आईडी से राशन कार्ड बनने में होगी आसानी

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में शुक्रवार को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैकिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी द्वारा फैमिली आईडी बनाये जाने की प्रगति के संबंध में विधिवत समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किए जाने हेतु समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि कोटेदारों से संपर्क कर फैमिली आईडी लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करना सुनिश्चित करें । जिलाधिकारी ने कहा कि फैमिली आईडी बन जाने से राशन कार्ड बनवाए जाना आसान होगा। जिलाधिकारी ने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में योजनाओं के संचालन में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, आम जनमानस की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जाए।

**सार-संक्षेप**

### कूटरचित दस्तावेजों ने दबंग ने किया जमीन पर कब्जा

**गोरखपुर अमृत विचार।** बांसगांव क्षेत्र की रहने वाली गीता सिंह पत्नी परमहंस सिंह ने 27 जून 2025 को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया कि उनका मौजा मझगांवा तप्पा महसीन, की तहसील बांसगांव की दो जमीनों का बैनामा उन्होंने क्रमशः 14 फरवरी 2007 व 19 फ्रवरी 2011 को किया था। गीता सिंह की जमीन सहजनवा दोहरीघाट रेल लाईन परियोजना के अन्तर्गत अधिग्रहित की जानी है। इसमें उन्हें रेलवे की ओर से मुआवजा मिलना है। गीता सिंह के एकमात्र लड़के की मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि अब उक्त विक्रेतागण रेलवे से मिलने वाली मुआवजे की धनराशि को हड़पने के लिए कूटरचित दस्तावेजों व तहसील के कर्मचारियों से मिलकर गीता का नाम इन्तखाब खतौनी से कटवा दिया। गीता सिंह ने अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

### चिकित्साधीक्षक ने किया चार अस्पतालों का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को बर्डपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ सुबोध चंद्रा, चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार द्वारा क्षेत्र के संचालित 4 अस्पतालों का निरीक्षण किया गया जिसमें बिना नवीनीकरण के संचालित जनसेवा हॉस्पिटल को बंद कराया गया तथा चेतावनी दी गई। अलीगढ़वा में कपिलवस्तु हॉस्पिटल तथा अहमद हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान पंजीकरण सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गई। दोनों हॉस्पिटल का पंजीकरण हुआ पाया गया। हनुमंत हेल्थ केयर अस्पताल बंद कराया गया तथा चेतावनी दी गयी। चिकित्साधीक्षक डॉ सुबोध चंद्रा ने बताया कि जांच आख्या मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रेषित की जा रही है, जिसके बाद कार्यवाही सीएमओ के स्तर से की जाएगी।

### इंटरलॉकिंग कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत वार्ड नं-9 सिंहेश्वरीपुरम उषा देवी के घर से नवीन मण्डी के चकरोड तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य का जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा इन्टरलाकिंग के सड़क को खोदवाकर एवं मानक अनुसार गहराई को नपवाकर देखा गया। मानक अनुरूप ठीक पाया गया। बीच में सड़क धंस गयी थी जिसे जिलाधिकारी ने ठीक कराने का निर्देश दिया।

### रेलवे की टीम ट्रैकिंग के लिए हिमाचल प्रदेश रवाना



टीम के साथ महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे।

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में 29 रेलकर्मियों का एक दल हम्प्टा पास एवं चन्द्रताल हिमांचल प्रदेश के ट्रैकिंग हेतु जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक एवं संरक्षक नरसा सौम्या माथुर ने ट्रैकिंग दल को रवाना किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान से रेलकर्मियों में टीम भावना तथा सामंजस्यता उत्पन्न होती है। ऐसे अभियान से रेलकर्मियों में मानसिक दृढ़ता और शारीरिक क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है। मिलजुल कर कार्य करने और प्रतिकूल परिस्थितियों में तथा कम संसाधनों में निर्वाह करने का धैर्य और साहस आता है। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संगठन (नरसा) के महामंत्री पंकज कुमार सिंह ने महाप्रबन्धक महोदया से टीम के सदस्यों का परिचय कराया और अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महाप्रबन्धक के सचिव आनन्द ऋषि श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक के प्रोटोकाल निरीक्षक मनीष रंजन मौजूद रहे। दल में 5 महिला कर्मी भी सम्मिलित हैं। इस दल में रेलवे के 12 विभिन्न विभागों का प्रतिनिधित्व है।

### खाद विक्रेताओं ने विकास भवन पर किया प्रदर्शन

**कुशीनगर अमृत विचार:** विभागीय जांच के नाम पर उत्पीड़न करने व बिना दोष के ही लाइसेंस निरस्त करने के विरोध में जनपद के खाद विक्रेताओं ने जिला उर्वरक व्यवसायी संघ के बैनर तले जिला मुख्यालय विकास भवन पर जमकर प्रदर्शन किया। खाद व्यापारियों ने उर्वरक खरीद मूल्य तय करने सहित 6 सूत्रीय मांगों का पत्र जिला कृषि अधिकारी डॉ. मेनका सिंह को सौंपकर कार्यवाही की मांग की। विगत कई दिनों से खाद दुकानों पर लगातार हो रही जांच व लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही से आक्रोशित होकर जिले भर के खाद विक्रेता जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए। तथा नारेबाजी करते विकास भवन पहुंचे। खाद व्यापारी कृष्ण मुरारी पाण्डेय ने कहा कि अगर इसी प्रकार खाद व्यापारियों का जांच के नाम पर उत्पीड़न किया जाता रहा तो सभी उर्वरक विक्रेता धरना-प्रदर्शन के साथ ही अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। मांग किया कि उर्वरक की खरीद मूल्य निर्धारण कर दुकानों तक खाद पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

**धर्म-कर्म** चंदन की लकड़ी से बने रथ में भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ व सुभद्रा विराजमान थे, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत

# धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोटन बाजार स्थित जगन्नाथ स्वामी मंदिर से हर साल की भांति शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली गई। रथयात्रा में क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

लोटन बाजार के दक्षिण स्थित घोघी नदी तट पर भगवान जगन्नाथ स्वामी का काफी पुराना मंदिर है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को उड़ीसा के जगन्नाथ धाम की तर्ज पर हर वर्ष लोटन बाजार में भी जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा निकाली जाती है। मंदिर में चंदन की लकड़ी से बने रथ में भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ व सुभद्रा की मूर्तियों को रख कर शोभायात्रा निकाली गई। रथ यात्रा को सदर विधायक श्यामधनी राही, पूर्व विधायक अनिल सिंह, ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह, ग्राम प्रधान प्रदीप मोदनवाल, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामनेवास यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृगनरायण सिंह ने रवाना किया। मंदिर से निकली रथ यात्रा कोतवाली होते हुए पेट्रोल पंप तक व फिर लोटन कस्बे से होते हुए मंदिर पर पहुंची। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया। मंत्रोच्चार के बाद मूर्तियों को उसी स्थान पर स्थापित कर दिया गया। रथ यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, सांसद प्रतिनिधि रिंकू पाल, सत्यप्रकाश राही, अनुराग कसौधन , कमलेश चौरसिया, प्रेमचंद मोदनवाल, शिवम् विश्वास, मूसे सिंह, राहुल गुप्ता, हिमांशु सिंह, फूलचंद कन्नौजिया,अजय सिंह , अरविन्द पाण्डेय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## कमीशनबाजी का आडियो वायरल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास खण्ड उसका के ग्राम पंचायत उटिया के ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान के बीच कमीशन लेने का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। आडियो उसका ब्लॉक में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी अनिल निगम व ग्राम प्रधान उटिया ओंमकार गुप्ता का बताया जा रहा है। वायरल आडियो में ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी के बीच कमीशन के नाम पर बहस हो रही है। ग्राम प्रधान उटिया ओंमकार गुप्ता ने ग्राम प्रधान सुगही एवं ग्राम प्रधान लक्ष्मनपुर के साथ जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। वायरल आडियो 20 दिन पुराना बताया जा रहा है।

# कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक

## वित्त मंत्री ने पीएसबी से कहा- आरबीआई की आधा प्रतिशत की ब्याज कटौती का उठाएं लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की आधा प्रतिशत की बड़ी ब्याज कटौती का लाभ उठाएं। सूत्रों ने बताया कि पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के दौरान सीतारमण ने उनके प्रमुखों से वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने को भी कहा।

वित्त वर्ष 2024-25 में 12 पीएसबी का कुल मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 26% अधिक है। इस दौरान लाभ में सालाना आधार पर वृद्धि 37,100 करोड़ थी। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री को उम्मीद है कि आरबीआई के आधा प्रतिशत की ब्याज दर कटौती के बाद पीएसबी की ऋण वृद्धि में सुधार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए बैंकों को सरकार की योजनाओं में अधिक से अधिक ग्राहकों को शामिल करना चाहिए।



- सीतारमण ने समीक्षा बैठक में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने की कही बात

बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा और तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सहित विभिन्न खंडों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

### विवाद समाधान पोर्टल से भुगतान मामलों की सुनवाई में तेजी : मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने 'विश्व एमएसएमई दिवस' पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पंजीकृत



एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पेश किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवा महिलाओं से व्यवसाय स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों के लिए भारत को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना समय की मांग है। मुर्मू ने कहा कि यह (हरित प्रौद्योगिकी) न केवल एमएसएमई को मजबूत बनाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी, बल्कि देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

## सॉफ्ट कमोडिटी: लाभ-जोखिम की समझ

सॉफ्ट कमोडिटी वे कृषि उत्पाद हैं जिन्हें उगाया जाता है, जैसे – गेहूं, कपास, कॉफी, सोया, और चीनी। यह निवेशकों के लिए विविध पोर्टफोलियो बनाने और महंगाई के प्रभाव से सुरक्षा देने का साधन है। कमोडिटी बाजार में इनका व्यापार फ्यूचर्स, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और कमोडिटी म्यूचुअल फंड के जरिए किया जा सकता है। इसमें मांग-आपूर्ति, मौसम, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियां और मुद्रा विनिमय दरें कीमतों को प्रभावित करती हैं। निवेश से पहले इसके उतार-चढ़ाव और जोखिमों को समझना जरूरी होता है। अब विस्तार से इसके पहलुओं को समझते हैं।



### क्या है सॉफ्ट कमोडिटी

- सॉफ्ट कमोडिटीज़ वे कृषि आधारित उत्पाद हैं जो खेती से प्राप्त होते हैं। इनमें गेहूं, मक्का, चावल, कपास, जूट, कॉफी, चाय, कोको, चीनी, तिलहन (सोया, सरसों) आदि है। इनका उपयोग खाद्य, वस्त्र, पेय पदार्थ और तेल उद्योगों में होता है।

### कैसे करें निवेश

- **कमोडिटी फ्यूचर्स के माध्यम से :** एमसीएक्स (भारत में) पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में ट्रेड करें।
- **कमोडिटी आधारित म्यूचुअल फंड या ईटीएफ :** जो इन कमोडिटी से जुड़े होते हैं।
- **एग्री-स्टॉक्स में निवेश :** कृषि उत्पादक कंपनियों के शेयर खरीदें।

### महत्वपूर्ण बातें

- शुरुआती निवेशक फिजिकल खरीदारी के बजाय ईटीएफ या म्यूचुअल फंड का चयन करें।
- निवेश से पूर्व बाज़ार विश्लेषण और ट्रेंड्स पर नजर रखें।
- दीर्घकालिक निवेश से अधिक स्थिर लाभ की संभावना होती है।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** इक्विटी व डेट के अलावा नया एसेट क्लास।
- **महंगाई से सुरक्षा :** जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, कमोडिटी की कीमतें भी बढ़ती हैं।

### जोखिम और चुनौतियां

- **मौसम पर निर्भरता :** बारिश, सूखा या बाढ़ से उत्पादन प्रभावित होता है।
- **अस्थिरता :** वैश्विक मांग, सरकारी नीतियां और मौसम असर डाल ते हैं।
- **स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स :** वास्तविक भंडारण और सप्लाई चेन की समस्याएं।

## देश का चालू खाता मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

देश का चालू खाता 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3%) के अधिशेष में रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5%) था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

किसी देश के चालू खाते से यह पता चलता है कि संबंधित देश ने निर्यात से कितना कमाया और आयात पर कितना खर्च किया। इसके अलावा

- रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन के घटनाक्रम पर जारी की रिपोर्ट

निवेश से आय और हस्तांतरण से जुड़े लेन-देन भी इसमें शामिल होते हैं। देश का चालू खाता गत वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1%) के घाटे में था। सालाना आधार पर चालू खाता घाटा 2024-25 के दौरान 23.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.6%) रहा जो 2023-24 के दौरान रहे 26 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.7% ) के घाटे से कम है। इसका मुख्य कारण उच्च शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां हैं।

रिजर्व बैंक की चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में घटनाक्रम रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में 59.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा हुआ जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 52 अरब डॉलर था। वस्तु व्यापार घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही के 79.3 अरब डॉलर के मुकाबले कम रहा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 53.3 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की समान अवधि में 42.7 अरब डॉलर थीं।

### रूस से कोयले का आयात दो साल में सबसे ज्यादा

**मॉस्को।** रूस से भारत को कोयले का आयात मई 2025 में मासिक आधार पर 52% बढ़कर 13 लाख टन के दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रूस के कारोबारी अखबार ने सेंटर फॉर प्राइस इंडिसेज की कारोबारी समीक्षा का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। रूसी कोयला निर्यातकों की लचीली मूल्य निर्धारण रणनीतियों से ईंधन की गुणवत्ता से ये वृद्धि हुई। बढ़ते घरेलू उत्पादन व लॉजिस्टिक की उच्च लागत से भारत में रूस की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि की संभावना नहीं है।

## बाजार में तेजी, सेंसेक्स फिर 84,000 के पार

मुंबई, एजेंसी

विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी से शुक्रवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती रहने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

बीएसई का सेंसेक्स 303.03 अंक चढ़कर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 88.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,650.73 अंक यानी 2% की तेजी रही, जबकि निफ्टी में भी 525.4 अंक 2% का उछाल आया।



बजाज ब्रोकिंग की शेयर बाजार पर जारी टिप्पणी के मुताबिक, सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती से साप्ताहिक कारोबार का समापन किया।

ईरान-इजराइल युद्धविराम और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीद से समर्थन मिला है। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, इटर्नल, एक्सिस बैंक और टाइटन में गिरावट आई। बीएसई स्मालकैप 0.54% जबकि मिडकैप 0.38% चढ़ा। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,251 शेयर बढ़े, 1,760 में गिरावट और 154 के भाव अपरिवर्तित रहे।

### चार सत्र में निवेशकों की संपत्ति 12.26 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी से निवेशकों की संपत्ति 12.26 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। पिछले चार दिन में सेंसेक्स 2,162.11 अंक चढ़ा है। इसके साथ कंपनियों की पूंजीकरण 4 सत्रों में 12,26,717.72 करोड़ रुपये बढ़कर 4,60,09,217.58 करोड़ रुपये (5.38 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### जेल में बंद गैंगस्टर की मां समेत दो की हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के बटाला में बाइक सवार लोगों ने जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके साथ मौजूद व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार को बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात साढ़े नौ बजे हुई घटना के बाद घायल हरजीत कौर को अमृतसर के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना सिविल लाइंस इलाके के कादियां रोड पर हुई। बटाला के पुलिस उपाधीक्षक परमवीर सिंह ने बताया, बाइक सवार लोगों ने उस समय गोलीबारी की, जब हरजीत कौर और करणवीर सिंह कार के अंदर थे।

#### छात्रा के यौन शोषण में दो शिक्षकों पर प्राथमिकी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के बीड में 17 वर्षीय छात्रा के यौन शोषण के आरोप में कोचिंग सेंटर के दो शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि पीड़िता द्वारा गुरुवार को शहर के शिवाजीनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद दोनों शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

#### छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 22 लाख के इनामी 10 समेत 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि 13 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इसमें देवे मुचाकी ऊर्फ प्रमिला पर आठ लाख, एरिया कमेटी सदस्य कोसा ओयाम ऊर्फ राजेन्द्र पर पांच लाख, कोसी पोड़ियाम पर दो लाख का ईनाम था।

# बलभद्र, सुभद्रा संग रथ पर विराजे भगवान

## दो घंटे से अधिक समय तक चली 'पहांडी' रस्म के बाद शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा, कई गणमान्य बने साक्षी

पुरी, एजेंसी

भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ शुक्रवार को दो घंटे चली 'पहांडी' रस्म के बाद अपने-अपने रथों पर विराजमान हुए। 'पहांडी' शब्द संस्कृत के 'पदमुंडनम' से आया है जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से कदम उठाना। इस रस्म के तहत तीनों देवी-देवताओं की लकड़ी की मूर्तियों को 12वीं सदी के मंदिर से रथों तक लेकर जाया जाता है।

तीनों देवी-देवताओं का पहांडी चक्रराज सुदर्शन से शुरू हुआ, जिनके पीछे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ थे। 'पहांडी' अनुष्ठान सुबह साढ़े नौ बजे के बजाय



पहांडी अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आते भगवान जगन्नाथ।

एक घंटे की देरी से हुआ। तीनों देवी-देवताओं को मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े रथों पर विराजमान किया गया जहां से उन्हें 2.6 किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। सुदर्शन को सबसे पहले मंदिर से बाहर लाया गया व देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।

पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में होती है। सुदर्शन के पीछे बलभद्र थे। बलभद्र को उनके 'तालध्वज' रथ पर विराजमान किया गया। देवी सुभद्रा को 'शून्य पहांडी' (रथ पर ले जाते समय देवी आकाश की ओर देखती हैं) नामक विशेष शोभायात्रा के माध्यम से उनके दर्पदलन रथ पर ले जाया गया। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भक्तों ने जय जगन्नाथ का नारा लगाया। गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती तीन रथों पर देवताओं के विराजमान होने के बाद उनके दर्शन करने पहुंचे। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, पुरी के सांसद संबित पात्रा आदि पहांडी रस्म के साक्षी बने।

### प्रधानमंत्री ने रथयात्रा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## गुजरात: रथयात्रा के दौरान हाथी के उत्पात से एक व्यक्ति घायल

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को रथयात्रा के दौरान एक हाथी अत्यधिक शोर से परेशान होने के बाद अवरोधक तोड़कर एक संकरी गली में घुस गया, जिससे मची अफरा-तफरी के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शहर के कांकरिया चिड़ियाघर के अधीक्षक आरके साहू ने बताया कि दो अन्य हथिनियों पर सवार महावतों ने हाथी का पीछा किया और उसे काबू में किया, ताकि यात्रा सुचारू रूप से आगे बढ़े। पुलिस उपायुक्त (नियंत्रण कक्ष) कोमल व्यास ने बताया कि खड़िया क्षेत्र में एक हाथी के परेशान होकर संकरी गली में घुसने से मची अफरा-तफरी में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है।



रथयात्रा उत्सव के दौरान उत्पात मचाने वाला हाथी।

- अत्यधिक शोर से परेशान होकर अवरोधक तोड़ा, गली में घुसा

## हिंदी विरोधी नहीं है महाराष्ट्र, प्राथमिक छात्रों पर भाषा थोपना सही नहीं : शरद

कोल्हापुर, एजेंसी

राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और



- पवार ने कहा- देश की 55% आबादी हिंदी बोलती है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पांचवी कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।

### लहरों संग उत्सव



मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर उच्च ज्वार के दौरान समुद्र की लहरों का आनंद लेते लोग। मानसून की फुहारों और तेज लहरों के बीच पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रकृति के इस नज़ारे का रोमांचक अनुभव लिया। एजेसी

## पेंट के कारखाने में लगी आग को 30 दमकल वाहनों ने बुझाया

**नोएडा।** शहर में पेंट बनाने के कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 30 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-2 में स्थित पेंट कारखाने में सुबह 6 बजे आग लग गई। घटना की सूचना पर दमकल की 7 गाड़ियां पहुंचीं। आग की विकरालता को देखते हुए आसपास के जनपदों से और कुछ निजी कंपनियों के दमकल वाहनों को बुलाया गया और 30 दमकल वाहनों की मदद से 3 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पेंट्स तथा केमिकल निर्माण के चलते आग बुझाने में परेशानी आई। चौबे के मुताबिक कारखाने में रखे पेंट के डिब्बे आग की चपेट में आकर फटने लगे, जिससे अन्य फैक्टरियों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था।

# होसबाले के बयान पर भाजपा-विपक्ष में तकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर दावा किया कि आरएसएस का नकाब फिर उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। वहीं, भाजपा ने होसबाले का समर्थन करते हुए कहा कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इसका समर्थन करेगा क्योंकि हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का हिस्सा नहीं थे।

आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में होसबाले ने कहा था, आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द नहीं थे। आपातकाल के दौरान ये शब्द जोड़े गए। इस पर चर्चा हुई लेकिन उन्हें हटाने का प्रयास नहीं हुआ। होसबाले ने कहा, इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

### सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, कोई भी सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा, हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर के संविधान का हिस्सा नहीं थे। भाजपा प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को हटाने का समर्थन करती है। सिंह ने कहा, जो लोग संविधान की किताब उठा रहे हैं वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि होसबाले ने जो कहा है कि उसमें कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई संगठन समीक्षा की मांग उठा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है? आपातकाल के दौरान संविधान की आत्मा को कुचलकर और बाबासाहेब का अनादर करके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द डाले गए। यह उस वक्त किया गया था, जब पूरा विपक्ष जेल में था।

### संविधान इन्हें चुभता है : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, आरएसएस ने कभी भी संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने यादव ने कहा, सबसे बड़े जातिवादी और नफरत करने वाले संगठन आरएसएस ने संविधान बदलने की बात कही है। इनकी इतनी हिम्मत नहीं कि संविधान और आरक्षण की तरफ आंख उठाकर देख सकें। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने होसबाले के बयान की निंदा की।

## हिमाचल में बाढ़ : खोज और बचाव अभियान फिर से शुरू

**शिमला।** हिमाचल के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद लापता हुए 6 लोगों की तलाश के लिए राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस और होम गार्ड के संयुक्त दल शुक्रवार सुबह फिर से अभियान में जुट गए।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक कांगड़ा जिले में बाढ़ की चपेट में आए जलविद्युत परियोजना स्थल से पांच शव बरामद किए जा चुके हैं, वहीं तीन अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। इसके साथ ही कुल्लू जिले के रेहला बिहाल में बादल फटने के बाद लापता हुए तीन व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (एडीएम) कांगड़ा शिल्पा बेक्टा ने बताया कि खनियारा गांव में मनुनी खड्ड के पास सुबह साढ़े छह बजे लापता तीन लोगों की तलाश शुरू कर दी गई। रात साढ़े नौ बजे अभियान स्थगित कर दिया गया। यह कार्य चुनौतीपूर्ण है क्योंकि मौसम खराब है, भौगोलिक स्थिति कठिन है।

## तीन राज्यों में चुनावों की निगरानी को भाजपा के चुनाव अधिकारी नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में भाजपा के होने है संगठनात्मक चुनाव
- किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा और रविशंकर प्रसाद को सौंपी गई जिम्मेदारी

भाजपा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में संगठनात्मक चुनावों की देखरेख के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा तथा रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने कहा कि तीनों सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावों के लिए पहले से जारी कवायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। नड्डा केंद्रीय मंत्री भी हैं। संभावना है कि अगले महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कुछ राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव अगले सप्ताह होने की संभावना है और कुछ अन्य राज्य इकाइयां भी इसके तुरंत बाद ऐसा कर सकती हैं।

# सिर पर चोट लगने से खिलाड़ी सात दिन रहेगा बाहर

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सभी प्रारूपों में नये नियमों की घोषणा की, वाइड-बाल का बदला नियम गेंदबाजों की करेगा मदद

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा करी दी। इसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरुआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे, जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

**'कनकशन' पर दो नियम :** 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा।

**वाइड-बॉल नियम :** वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम लागू किया गया है। जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। ईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।

**गंभीर चोट लगने पर बदलेगा खिलाड़ी :** एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है। इसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक लाना', बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।

### कैच का नियम बदला

आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर पगबाधा की भी जांच करेंगे। अगर बल्लेबाज पगबाधा आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों रूपों में लागू होगा। नये नियम के तहत संदिग्ध कैच की जांच की जाएगी।



सिर पर चोट की सांकेतिक फोटो।

### अब ऐसा होगा पावर प्ले

आईसीसी ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे। नये नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1.3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1.5, सात ओवर के लिए 2.1, आठ ओवर के लिए 2.2, नौ ओवर के लिए 2.4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3.2, 12 ओवर के लिए 3.4, 13 ओवर के लिए 3.5, 14 ओवर के लिए 4.1, 15 ओवर के लिए 4.3, 16 ओवर के लिए 4.5, 17 ओवर के लिए 5.1, 18 ओवर के लिए 5.2 तथा 19 ओवर के लिए 5.4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी-20 टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### शार्ट रन लेने पर जुर्माना



इस तरह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज अतिरिक्त रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर क्षेत्ररक्षण टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। पांच रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।

### लार पर प्रतिबंध जारी

गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गलती से लार लगाने पर गेंद बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर केवल उसी स्थिति में गेंद बदलेंगे जब गेंद बहुत गीली हो या उसमें अतिरिक्त चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों प्रारूपों के लिए है।

### ओवर-रेट पर नियंत्रण

टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे। टी-20 प्रारूप में पावरप्ले के दौरान केवल दो खिलाड़ी ही 30 गज के बाहर होते हैं। इसके बावजूद टी 20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है।

## एक नजर

### अल्काराज का सामना फोगनिनी से तो कोको भिड़ेंगी यास्त्रेमस्का से

**लंदन :** दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था।

### डब्ल्यूपीएल टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा

**नई दिल्ली :** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे। इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन में यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

### अविनाश साबले की निगाह विश्व चैंपियनशिप पर

**बेंगलुरु :** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थीं। लेकिन 36 होल में चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि प्रशांत संयुक्त 39वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 52वें स्थान पर हैं। इन दोनों को दीक्षा और वाणी के साथ कट हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्नेहा सिंह और अमनदीप द्राल संयुक्त 106वें, हिताशी बख्शी संयुक्त 114वें, नेहा त्रिपाठी संयुक्त 129वें और विधात्री उर्स संयुक्त रूप से 131वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### अनीश भानवाला ने रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल जीता

**देहरादून :** ओलंपियन अनीश भानवाला ने ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के तीसरे और चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में लगातार दूसरा ट्रायल जीता जबकि तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में बाजी मारी। नर्मदा ने 24 शॉट के फाइनल में 253.7 अंक बनाकर विश्व कप फाइनल रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मस्कर को 1.7 अंक से हराया। दिल्ली की राजश्री अनिल कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्वालीफिकेशन में नर्मदा छठे स्थान पर रही थी। विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेत मेहुली घोष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी।

### दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी महिला हॉकी टीम

**बर्लिन :** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

# सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

- भारत ने अंडर-19 में पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई

**होव, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे सीरीज के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए।



# विश्व कप की तैयारी होगी इंग्लैंड से मुकाबले में

**नॉटिंघम, एजेंसी**

### पहला टी20 मैच आज शाम 7:00 बजे से



- पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलकर भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के वातावरण में ढलने का प्रयास करेगी

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग।

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।



कोलंबो में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या शॉट खेलते हुए। ● एजेंसी

# श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

**कोलंबो (श्रीलंका), एजेंसी**

बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।

श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में 150 से ज्यादा रन बनाए और श्रीलंका को बढ़त हासिल करने में मदद की।

# प्रशंसक की यात्रा का खर्च उठाएंगे नीरज

**नई दिल्ली :** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रुपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरु यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया।

# राष्ट्रीय खेलों की पदक विजेता ट्विंकल डोपिंग के लिए निलंबित

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है।

एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है।

# यूरोप जाने के पहले ही संन्यास का लिया था फैसला: ललित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिए कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिए। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।

**कोई दबाव नहीं था :** यह क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया। भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा। लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिए यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा। लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया।

**स्टिंग में आया था नाम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया। एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था। उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा मैं 17 बरस का था और भारत के लिए खेलने का सपना लेकर आया था। उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ था।

### मां की मदद करने के लिए अपनाई थी हॉकी

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिए हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई. तीन सौ रुपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी। उन्होंने कहा स्टिंग में नाम आने के बाद घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे। ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना। अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैचे सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है। इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।

## भारतीय नौसेना की शान



भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत पोर्ट विक्टोरिया में है। इस पोर्ट कॉल का उद्देश्य भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ आधिकारिक बातचीत और संयुक्त निगरानी अभियानों में भी शामिल होगा। **एजेंसी**

# भारत में भाषाओं का विवाद

## आजादी जितना ही पुराना है

भारत की भाषाई विविधता एक ओर जहां उसकी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यही विविधता समय-समय पर विवादों और राजनीतिक बहस का कारण भी बनती रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की नीति और कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी-अंग्रेज़ी का वर्चस्व एक बार फिर से भाषाई असंतुलन की बहस को तेज कर रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रीय भाषा की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि संविधान में स्पष्ट है कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। विरोधी इसे हिंदी थोपने की नीति बता रहे हैं, जिससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की संस्कृति, शिक्षा और प्रशासनिक स्वायत्तता को खतरा है। जानिए क्या है भाषा विवाद का इतिहास और एक फिर कैसे ये राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।




### फिर बना राजनीतिक मुद्दा

हाल ही में केंद्र सरकार के हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रमों का फिर दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में विरोध हो रहा है। यूपीएससी और अन्य परीक्षाओं में भी हिंदी व अंग्रेजी को प्राथमिकता देने को लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी का आरोप लग रहा है। फिल्म, मीडिया, ओटीटी और शिक्षा में हिंदी की प्रधानता को हिंदी थोपने के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत की सैकड़ों भाषाएं

जनगणना 2011 के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 122 प्रमुख भाषाएं और 1599 उपभाषाएं बोली जाती हैं। लगभग 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। देश में करीब 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अलावा प्रमुख भाषाओं में बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, उड़िया और पंजाबी भाषाएं शामिल हैं।

### भाषा विवाद का इतिहास

भारत में 1960 के दशक में हिंदी विरोध आंदोलन हुआ था। 1965 में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ जिसका दक्षिण भारत खासतौर पर तमिलनाडु में भारी विरोध हुआ। इसी दौरान हिंदी थोपने के खिलाफ द्रविड़ आंदोलन का उभार हुआ। इसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों आधिकारिक भाषाएं बनी रहेंगी।

### अलग-अलग मत

- कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि यह एक स्वाभाविक रूप से बढ़ती भाषा है। इसके अलावा अंग्रेजी पहले से सभी क्षेत्रों में प्रभावी है, लिहाजा हिंदी वर्चस्व की बात अतिरंजित है।
- हिंदी समर्थकों का कहना है कि एक राष्ट्र, एक भाषा से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना जरूरी है। दक्षिण भारतीय और द्रविड़ पार्टियों का कहना है कि हिंदी थोपना लोकतंत्र और क्षेत्रीय संस्कृति के खिलाफ है। बहुभाषी नीति ही भारत के लिए उचित है।
- पूर्वोत्तर राज्य अपनी भाषाओं को भी संवैधानिक मान्यता और संरक्षण देने की आवाज उठाते रहे हैं। उधर, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा सर्वोत्तम होती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाना चाहिए।
- नई शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर जोर, लेकिन क्रियान्वयन कठिन। डिजिटल माध्यम हिंदी और अंग्रेजी पर केंद्रित, इसलिए क्षेत्रीय भाषाएं पिछड़ रही हैं। एआई तकनीकी उपकरणों में हिंदी का वर्चस्व।

## एक नजर

### हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट के घर में चोरी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में एक घर में सेंधमारी और चोरी की घटना सामने आई है जो दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट का बताया जाता है। पिट फिलहाल अपनी नयी फिल्म "एफ1" के प्रचार के लिए विदेश यात्रा पर हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने पुष्टि की कि बुधवार रात 11 बजे उसे लॉस फेलिज में नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट में स्थित घर में हुई सेंधमारी के बारे में सूचना मिली। अधिकारी ड्रेक मेडिसन ने कहा कि तीन संदिग्ध आगे की खिड़की से घर में घुसे, चोरी की और कई चीजें लेकर भाग गए। मेडिसन ने कहा कि अभी चोरी हुई चीजों के बारे में भी जानकारी नहीं मिली है।

### कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या 14 हुई

**बोगोटा।** उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गये हैं और करीब एक हजार लोग बेघर हो गये हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा, बचाव ऑपरेशन जारी है।

### पाकिस्तान में भारी वर्षा के कारण सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में सात लोगों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने देर रात बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी और खानेवाल में बिजली गिरने से एक जान चली गई।

### रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

**कीव।** रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

# अमेरिका से बातचीत के मूड में नहीं ईरान

## विदेश मंत्री अराघची ने कहा- अमेरिकी हमलों से मामला जटिल, वार्ता के लिए कोई समझौता भी नहीं

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना को खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है, न कोई समय निर्धारित किया गया है, न ही कोई वादा नहीं किया गया है। हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने रेडियो 'फ्रांस इंटरनेशनल' से कहा कि अगर यह सच भी हो जाए, तो भी फोर्दो के ठिकाने को हुआ नुकसान "बहुत, बहुत, बहुत अधिक है"। अराघची ने खुद स्वीकार किया कि 'नुकसान का स्तर बहुत ज्यादा है, और यह गंभीर क्षति है।' उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को अंदर आने दिया जाए या नहीं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ क्षेत्रों में वह अपने परिचालन लक्ष्यों से आगे निकल गया है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम किसी भ्रम में नहीं हैं, दुश्मन ने अपने इरादे नहीं बदले हैं। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पर नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था।



तेहरान एविन जेल में इजराइली हमले के बाद तबाही की तस्वीर। फाइल फोटो

### परमाणु अप्रसार संधि से निकलने पर कर रहे हैं विचार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि परमाणु ठिकानों को हुए गंभीर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरानी संसद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर होने पर विचार कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने यह युद्ध शुरू किया जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को तैयार था।

### हमले से पहले ही फोर्डो से हटा दिया था यूरेनियम भंडार

**तेहरान।** ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को 22 जून के अमेरिकी हवाई हमलों से पहले फोर्डो केन्द्र से स्थानांतरित कर दिया था। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा साझा किए गए प्रारंभिक खुफिया आकलन के आधार पर दी। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अगर इस कदम की पुष्टि हो गई तो इसका मतलब होगा कि ईरान का 60% शुद्धता वाला समृद्ध यूरेनियम का 408 किलोग्राम का अधिकांश भंडार सुरक्षित है। हांलाकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने यूरोपीय संघ अधिकारियों के हवाले से कहा कि जिस समय हमला हुआ उस समय ईरान का भंडार संभवतः कई स्थलों पर वितरित था और फोर्डो में केंद्रित नहीं था। एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया कि क़ोम के निकट भूमिगत फ़ोर्डो सुविधा में व्यापक क्षति हुई है, लेकिन पूरा विध्वंस नहीं हुआ।

### ईरान ने पूर्ण हवाई क्षेत्र खोलना आज तक के लिए टाला

**तेहरान।** ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से खोलने का निर्णय शनिवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने शुक्रवार को ईरानी सड़क एवं शहरी विकास मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अखवान के हवाले से कहा कि यह निर्णय यात्रियों और उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा देश के पूर्वी हवाई क्षेत्र को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए पुनः खोलने के मद्देनजर लिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी भागों में हवाई क्षेत्र शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 14:00 बजे (1030 जीएमटी) तक बंद रहेगा।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र ने बलात्कार किया, दो वरिष्ठ छात्रों ने इसमें उसकी सहायता की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में फौजदारी का वकील है। दो अन्य आरोपी मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।



कोर्ट में पेश किया गया मुख्य आरोपी।

- **मुख्य आरोपी और उसके दोनों सहयोगी गिरफ्तार**

### आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया

पुलिस ने बताया कि बलात्कार की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में एक गार्ड के कमरे में हुई। पीड़िता शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद पहुंची थी। आरोपी उसे शाम को कॉलेज के भूतल स्थित कमरे में ले गए जहां रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया।

# भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' की लेखिका-निर्देशक पायल कपाड़िया उन 534 कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष अमेरिका की 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' (ऑस्कर एकेडमी) के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष की सूची में हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की विभिन्न विधाओं से कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं, जिनमें कई भारतीय कलाकार भी हैं। हासन, खुराना और कपाड़िया के अलावा सूची में फिल्म 'गली बॉय' के कास्टिंग निदेशक करण माली, 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' के सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मैक्सिमा बसु के नाम भी हैं।

अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने कहा, ''हम इन प्रतिष्ठित कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को अकादमी में आमंत्रित कर बेहद उत्साहित हैं। इन्होंने फिल्म निर्माण और वैश्विक सिनेमा समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' वर्ष 2025 के आमंत्रित वर्ग में 41 प्रतिशत महिलाएं, 45 प्रतिशत प्रतिनिधित्वविहीन समुदायों से और 55 प्रतिशत लोग अमेरिका से बाहर के 60 देशों व क्षेत्रों से हैं।



- **कमल हासन, आयुष्मान खुराना और पायल कपाड़िया इनमें शामिल**

# ट्रंप प्रशासन ने सेना को दी दक्षिणी सीमा पर घुसपैठियों को गिरफ्तार करने की अनुमति

**सांता फे (अमेरिका)।** अमेरिका का रक्षा विभाग देश की दक्षिणी सीमा पर एक सैन्य क्षेत्र का विस्तार कर रहा है, जहां सैनिकों को अवैध रूप से अमेरिका में घुसने वाले लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है ताकि उन पर राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ के आरोपों पर मुकदमा चलाया जा सके।

- **सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के बाद बढ़ाई गई सैन्य तैनाती**

वायुसेना ने सोमवार को टेक्सास में सीमा के साथ 400 किलोमीटर लंबे एक संकरे हिस्से को अपने क्षेत्र में शामिल करने की घोषणा की। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किए जाने के बाद बढ़ रही सैन्य तैनाती का हिस्सा है। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना को भी सीमा पर एक नया राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि नए राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में सेना की जिम्मेदारियों में बेहतर निगरानी और पहचान और घुसपैठ करने वाले लोगों को अस्थायी रूप से हिरासत में लेना एवं उन्हें संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपना शामिल है।

# योजनाओं में कटौती के मुद्दे पर लेबर पार्टी में विद्रोह

**लंदन, एजेंसी**

- **पराजय के डर से अपने रुख से पलटे ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टॉर्मर**

ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को राजनीतिक दबाव के आगे झुकते हुए और अपनी ही पार्टी के सांसदों के हाथों पराजय से बचने के लिए योजनाबद्ध कल्याणकारी सुधारों को लेकर अपना रुख बदल लिया। यह खर्च में कटौती और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के परस्पर विरोधी लक्ष्यों के बीच फंसी वामपंथ की तरफ झुकाव वाली सरकार की ओर से मजबूरी में लिया गया नया 'यू-टर्न' है।

सरकार ने अगले सप्ताह संसद में एक विधेयक लाने की योजना बनाई है जो एक प्रमुख विकलांगता लाभ के लिए पात्रता को सख्त करेगा, जिससे दीर्घकालिक शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहे हजारों लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता भुगतान (पीआईपी) लाभ से वंचित हो जाएंगे। कम आय वाले लोगों द्वारा प्राप्त एक अन्य स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी योजनाओं के तहत कम हो जाएगा।

सरकार ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव लोगों को नौकरी खोजने में मदद करेंगे जबकि उन लोगों के लिए सुरक्षा जाल को संरक्षित करेंगे जो कभी काम नहीं कर सकते। यह कोविड-19 महामारी के बाद से बढ़े हुए कल्याण मद से अनुमानित पांच अरब पाउंड (सात अरब अमेरिकी डॉलर) की प्रति वर्ष की बचत भी करेगा। लेकिन लेबर पार्टी के कई सांसदों ने इन बदलावों पर आपत्ति जताई, जिसके बारे में 'इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज' थिंक टैंक ने अनुमान लगाया कि 2030 तक 32 लाख लोगों की आय में कटौती होगी।

# चीन के नौसेना प्रमुख ली और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक लियू एनपीसी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को नौसेना प्रमुख और एक शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निष्कासित कर दिया गया है।

- **शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को भी केंद्रीय सैन्य आयोग से हटाने के लिए हुआ मतदान**

ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया। केंद्रीय सैन्य आयोग चीनी सेना का सर्वोच्च कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं।

# न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया जोहरान ममदानी की जीत ने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है।

दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है।

'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। नवंबर तक का वक्त रोमांचक होगा। इस चुनाव पर सबकी नजरें होंगी।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सलाहकार रहे अजय भूटोरिया ने कहा कि न्यूयॉर्क सिटी डेमोक्रेटिक मेयर पद के प्राइमरी चुनाव में ममदानी की ऐतिहासिक जीत समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। जमीनी स्तर पर समर्थन प्राप्त उनका अभियान क्वीन्स के दक्षिण एशियाई इलाकों से लेकर ब्रुकलिन के प्रगतिशील केंद्रों तक न्यूयॉर्क वासियों के बीच खूब चर्चा में है। हालांकि, भूटोरिया ने कहा कि वह ममदानी की पुलिस की फंडिंग बंद करने की नीति को लेकर चिंतित हैं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।



- **बौखलाहट में ट्रंप ने ममदानी को सौ प्रतिशत पागल वामपंथी कहा**

**शोध** जलवायु मॉडल की भविष्यवाणी से अधिक गर्मी अपने अंदर रोक रही है पृथ्वी, 20 वर्ष में दोगुनी हुई दर

# पूरी तरह बिगड़ चुका है पृथ्वी का अंदरूनी ऊर्जा संतुलन

## निष्कर्षों का इशारा- आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में आ सकती है और तेजी

**सिडनी, एजेंसी**

आप जलवायु परिवर्तन को कैसे मापते हैं। एक तरीका है कि लंबे समय तक विभिन्न स्थानों में तापमान दर्ज करना। यह विधि कारगर है, लेकिन प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण लंबे समय की प्रवृत्तियों को समझना कठिन हो सकता है। लेकिन एक और तरीका यह स्पष्ट रूप से बता सकता है कि क्या हो रहा हैः यह मापना कि पृथ्वी के वायुमंडल में कितनी गर्मी प्रवेश करती है और कितनी गर्मी बाहर निकलती है। इसे ही पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन कहा जाता है और यह अब पूरी तरह से असंतुलित हो चुका है।

हालिया शोध में पाया गया है कि पिछले 20 वर्षों में यह असंतुलन दोगुने से भी अधिक हो गया है। यह असंतुलन अब जलवायु मॉडल द्वारा सुझाए गए असंतुलन से कहीं अधिक है। साल 2000 के दशक के मध्य में, ऊर्जा असंतुलन औसतन 0.6 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यह हाल के वर्षों में, औसतन 1.3 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यानी पृथ्वी की सतह के पास ऊर्जा के संचय की दर दोगुनी हो गई है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में तेजी आ सकती है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह चिंताजनक असंतुलन तब भी उभर रहा है जब अमेरिका में वित्तपोषण की अनिश्चितता गर्मी के प्रवाह पर नजर रखने की हमारी क्षमता को खतरे में डाल रही है। अंदर आने वाली ऊर्जा, बाहर जाने वाली ऊर्जा : पृथ्वी की ऊर्जा संतुलन प्रणाली कुछ हद तक आपके बैंक खाते की तरह काम करती है जैसे उसमें पैसा आता है और खर्च होता है। अगर आप कम खर्च करें, तो आपके खाते में पैसे जमा होने लगते हैं। इसी तरह, ऊर्जा इस प्रणाली की मुद्रा है। पृथ्वी पर जितनी ऊर्जा सूरज से आती है, उतनी ही ऊर्जा वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, पृथ्वी पर जीवन इस संतुलन पर निर्भर करता है। लेकिन जब अंदर आने वाली ऊर्जा बाहर जाने वाली ऊर्जा से अधिक हो जाती है, तो पृथ्वी पर गर्मी जमा होने लगती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग होती है।



### आने वाले सालों में और गंभीर होंगी जलवायु आपदाएं

निष्कर्षों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में पड़े अत्यधिक गर्म साल कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले दशक या उससे भी लंबे समय तक गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दर्शा सकते हैं। इसका मतलब होगा कि भयंकर हीटवेव, सूखा और अत्यधिक वर्षा जैसी जलवायु आपदाएं जमीन पर और भी ज्यादा गंभीर होंगी। साथ ही समुद्रों में तेज और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री हीटवेव भी और ज्यादा तीव्र हो सकती हैं। उपग्रह विशेष रूप से हमारे लिए एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली का काम करते हैं, जो हमें ऊष्मा संग्रहण में हो रहे बदलावों की जानकारी अन्य तरीकों की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही दे देते हैं।